दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 12 फरवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-दशमी, | विक्रम संवत -2082 | वर्ष-11 अंक- 294 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाह। छोटे मियां बोले तो अकबरूद्दीन ओवैसी ने बड़ा बोल बोला है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ललकारा है कि वे उत्तर प्रदेश आ रहे हैं और वहां झंडा गाड़कर रहेंगे। इससे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के छक्के छूट गए हैं। उन्हें पता है कि ओवैसी ब्रदर्स यूपी में भाजपा का तो बाल भी बांका नहीं कर पाएंगे लेकिन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की ईंट से ईंट बजा देंगे। यूपी में ओवैसी की पतंग परवान चढ़ी तो सायकल पंचर और पंजा का पत्ता साफ हो सकता है।

वंदे मातरम पर नई गाइडलाइन: अब जन गण मन से पहले बजेगा राष्ट्रगीत, गायन के दौरान खड़े रहना अनिवार्य

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा।

यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राष्ट्रपति के आगमन और झंडारोहण में गाया जाएगा

नई गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। मंत्रियों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मौजूदगी वाले कार्यक्रमों में भी राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाया जा सकता है।

गणतंत्र दिवस परेड में वंदे मातरम की झांकी

दिल्ली में कर्तव्य पथ पर मुख्य परेड में इस साल 77वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य परेड की थीम वंदे मातरम रखी गई थी। परेड में संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाली झांकी निकाली थी। इस झांकी को मंत्रालयों और विभागों की कैटेगरी में बेस्ट झांकी का अवॉर्ड मिला।

सनेमा हॉल में लागू नहीं होंगे नए नियम

सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले 'वंदे मातरम' बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा। किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना जरूरी नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी स्थिति में खड़े होने से प्रदर्शन में अव्यवस्था हो सकती है।

न्यूज गैलरी

शादी से लौट रहे दोस्तों की कार टकराई, 6 लोगों की मौत

दौसा (ए.)। राजस्थान के दौसा में भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये शादी-समारोह से घर लौट रहे थे। ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से निकल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसा बीती देर रात करीब 11 बजे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर कैलाई गांव के पास हुआ। ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। इसके बाद कार में फंसे युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में 4 युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 2 गंभीर घायलों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक युवक ने दौसा में दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई।

दिल्ली में तीन लोगों के मर्डर मामले में तांत्रिक गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में धनवर्षा (अचानक धन लाभ) का लालच देकर तीन लोगों की जहर देकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने तीन लोगों को जहर मिले लड्डू खिलाए और नकदी लेकर फरार हो गया था। यह इस मामले में पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान कमरुद्दीन उर्फ बाबा के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का रहने वाला है और लोनी और फिरोजाबाद में तंत्र-मंत्र का सेंटर चलाता था। दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर के पास 8 फरवरी को एक बंद कार के अंदर तीन लोगों के शव मिले थे।

धान बेचने वाले 25 लाख से ज्यादा किसानों के खातों में आएंगे 10 हजार करोड़ रुपये

होली से पहले किसानों को मिलेगा बोनस

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान के अंतर की राशि का भुगतान होली से पहले किया जाएगा। प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने मीडिया को बताया कि बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण को मंजूरी दी गई। विनियोग विधेयक 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। किसानों को 3100 रुपये के अंतर की राशि का भुगतान होली से पहले करने का निर्णय लिया गया। कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

35 हजार करोड़ रुपये हो जाएगा भुगतान: बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से की जा रही है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पहले किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रुपये हो जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार केवल धान की खरीदी नहीं करती, बल्कि किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करती है और उनके सम्मान की रक्षा को अपना दायित्व मानती है।

खास बातें

- ■ सीएम विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक में तीन मुद्दों पर निर्णय
- ■ कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी के अंतर की राशि का होगा भुगतान
- ■ छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2026 के प्रारूप का अनुमोदन

कैबिनेट मीटिंग के निर्णय

- छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के अष्टम् सत्र माह फरवरी-मार्च, 2026 हेतु माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2026-27 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।
- खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा।

अन्नदाता की मुस्कान ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी

आज मंत्रिपरिषद में हमने एक महत्वपूर्ण और किसान-हितैषी निर्णय लिया है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त प्रदान की जाएगी। लगभग 10,000 करोड़ सीधे 25 लाख से अधिक किसानों के खातों में जाएंगे, ताकि इस होली उनके घरों में खुशियों की रंगत और भी गहरी हो। किसान हमारे प्रदेश की आत्मा हैं, हमारी अर्थव्यवस्था की नींव हैं। अन्नदाता की खुशहाली ही हमारे प्रदेश की सच्ची प्रगति है और उनका सम्मान ही हमारी सरकार का सर्वोच्च संकल्प है।

– विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

पीएम पर लगाया आरोप, सबूत दें: रिजिजू राहुल बोले- अभी दे रहा, स्पीकर ने रोका

■ नेता विपक्ष के खिलाफ नोटिस देगी सरकार

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बजट सत्र के दौरान भाषण दिया। राहुल ने एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया। राहुल ने कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल मोदी पर दबाव बनाने का तरीका है। इसके जरिए भाजपा का फाइनेंसियल स्ट्रक्चर टूटेगा।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को तुरंत टोका। उन्होंने कहा- आपने जो भी कहा है उसे साबित करिए, नहीं तो आपकी बात सदन के रिकॉर्ड पर नहीं जानी चाहिए। इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं। तुरंत सारे सबूत देता हूं। हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया। उन्होंने कहा- ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राहुल गांधी के भाषण की पांच खास बातें

- ■ आपने (केंद्र सरकार) भारत को बेच दिया है। आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे।
- ■ दुनिया में जियोपॉलिटिकल टकराव बढ़ रहा है। यह युद्ध का दौर है। यूक्रेन को देख लीजिए। ऑपरेशन सिंदूर भी चल रहा है।
- ■ अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं जानता हूं उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था।
- ■ अमेरिका और चीन की नजर भारत के डेटा पर है। हमारी सरकार ने बजट में डेटा पर विदेशी कंपनियों को 20 साल का टैक्स हॉलीडे दे दिया है।
- ■ हम अमेरिका से डील करते तो कहते आप भारतीयों के डेटा चाहते हैं तो बराबरी पर बात होगी। हम आपके नौकर नहीं हैं।

मोहाली के 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकी, बम स्क्वॉड से जांच

ईमेल में लिखा- सीएम को ह्यूमन बम से उड़ाएंगे, संसद, मोदी-शाह भी टारगेट

मोहाली (ए.)। मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नई दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है।

सुबह 8.50 बजे स्कूल खुलने थे, इससे पहले ही मेल पहुंच गई। जैसे ही धमकी भरी मेल मिली तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद स्कूलों में तत्काल छुट्?टी कर दी गई। स्कूल मैनेजमेंट्स ने पेरेंट्स को अर्जेंट मैसेज भेजकर अपने बच्चों को घर ले जाने को कहा। इसके अलावा स्कूल बसों को भी गेट से ही लौटा दिया गया। बच्चों को स्कूल के अंदर एंट्री नहीं दी गई। बम धमकी का पता चलते ही मोहाली पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई। तुरंत बम स्क्वॉड की टीमें लेकर पुलिस फोर्स स्कूलों में पहुंच गई। स्कूल के आसपास का पूरा इलाका सील कर दिया गया। जिसके बाद पूरे स्कूल को खाली करवाकर पुलिस की टीमें जांच के लिए अंदर भेजी गईं। डीएसपी सिटी हरसिमरन बल खुद लर्निंग पाथ स्कूल पहुंचे।

बजट में देश को मजबूत आर्थिक आधार देने के सभी उपाय: भारती

नयी दिल्ली(वार्ता)। लोकसभा में बजट 2026-27 को सत्ता पक्ष के सदस्यों ने देश की आर्थिक सर्वांगीण प्रगति का संतुलित आधार बताया है जबकि विपक्षी सदस्यों ने कहा है कि इसमें रोजगार सृजन जैसे कोई कदम नहीं उठाए गये हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अरुण भारती ने बजट 2026 27 पर कल की अधूरी चर्चा को आगे बढ़ते हुए कहा कि बजट में भारत के मजबूत आर्थिक भविष्य की नींव रखी गई है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक मजबूती का आधार बहुराष्ट्रीय कंपनी नहीं बल्कि देश के छोटे और मझौले कारखाने हैं। उनका कहना था कि मोदी सरकार ने परंपरा को तोड़ा है और हर साल बढ़ने वाले आयकर के भ्रम को खत्म किया है।

अवैध उत्खनन! 400 एकड़ खेती योग्य जमीन हुई बंजर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की फटकार, माइनिंग सेक्रेटरी से शपथ पत्र के साथ मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अवैध उत्खनन के गंभीर और दूरगामी दुष्परिणामों को लेकर बिलासपुर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। राजधानी से लगे गांव में अवैध खनन के कारण लगभग 400 एकड़ कृषि भूमि के बंजर हो जाने के मामले में हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने खनिज विभाग के सचिव को नोटिस जारी करते हुए शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है।

इस जनहित याचिका पर सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के समक्ष यह तथ्य सामने आया कि अवैध उत्खनन का भयावह असर आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में देखने को मिल रहा है। यहां स्वीकृत लीज क्षेत्र से बाहर बड़े पैमाने पर खनन किए जाने से न केवल जमीन की उपजाऊ क्षमता खत्म हो गई, बल्कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिना पर्यावरण अनुमति के उत्खनन का आरोप

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित लीजधारकों की पर्यावरणीय अनुमति तीन वर्ष पहले ही समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए लगातार उत्खनन और ब्लास्टिंग की जा रही है, जो पर्यावरण कानूनों का खुला उल्लंघन है।

क्या है पूरा मामला

ग्राम निसदा निवासी ओम प्रकाश सेन द्वारा दायर जनहित याचिका में बताया गया है कि गांव में ब्लैक स्टोन और चूना पत्थर के उत्खनन के लिए 15 लोगों को लीज दी गई थी। आरोप है कि इन लीजधारकों ने स्वीकृत क्षेत्र से लगभग पांच गुना अधिक जमीन पर अवैध कब्जा कर उत्खनन शुरू कर दिया। खनन के दौरान निकलने वाला माइनिंग वेस्ट और पत्थर सीधे महानदी नदी में डंप किए जा रहे हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है और आसपास की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि खेती के लायक नहीं रह गई है।

गरमा-गरम

सियासत: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- दिल्ली भी बुलाया, कमिटमेंट नहीं दिया तो पड़ने लगे छापे

मोदी-शाह ने भाजपा में शामिल होने का बनाया दबाव: भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा दावा किया है कि मोदी-शाह ने मुझे भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया था। जब कमिटमेंट नहीं दिया तो मेरे यहां लगातार छापे पड़ने लगे। उन्होंने ये सारी बातें सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल के पॉडकास्ट में कही।

भूपेश बघेल ने कहा कि एक-दो बार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मिलने बुलाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बातचीत के लिए आमंत्रित किया था। शुरुआत में समझ नहीं आया कि किस मकसद से बुलाया जा रहा है। बाद में एहसास हुआ कि जब-जब वे इन मुलाकातों से लौटते थे, उसके कुछ दिनों के भीतर छापा पड़ जाता था। भूपेश बघेल ने कहा कि मुलाकात के दौरान पूछा जाता था कि उनके खिलाफ कौन-कौन से केस चल रहे हैं, कौन से अधिकारी भरोसेमंद हैं और किस तरह मदद की जा सकती है। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि वे विपक्ष में हैं और विपक्ष का धर्म सरकार की आलोचना करना होता है, जिसे वे निभाते रहेंगे। इसके बावजूद मदद की बात सुनकर उन्हें हैरानी होती थी।

8-10 दिन के अंदर फिर से पड़ता था छापा: पूर्व सीएम ने कहा कि वे अपनी बात कहकर लौट आते थे, लेकिन करीब आठ-दस दिन के भीतर फिर से छापा पड़ जाता था। एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर कहा कि आपने तो मदद की बात कही थी, लेकिन मेरे यहां तो छापा पड़ गया।

■ भूपेश बघेल ने पॉडकास्ट 'दिल से विथ कपिल सिब्बल' में किया यह दावा

भाजपा में आने का इशारा था- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शुरुआत में समझ नहीं आया कि भाजपा में शामिल होने के लिए बुलाया जा रहा है। कभी सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा गया, लेकिन बाद में यह साफ हो गया कि वे कोई कमिटमेंट देकर नहीं लौटते थे, इसलिए हर चार-पांच दिन में उनके यहां छापे पड़ते थे।

सीबीएसई 12वीं की एक करोड़ कॉपियां डिजिटली चेक होंगी

■ 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे, 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक है बोर्ड एग्जाम



नई दिल्ली (ए.)। सीबीएसई 12वीं के 17 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की कॉपियां इस बार ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जांची जाएंगी। मतलब ये कि इन्हें डिजिटल तरीके से जांचा जाएगा। सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक होनी है।

इसके लिए हर छात्र की सभी आंसर शीट्स (उत्तरपुस्तिका) के हर पन्ने को परीक्षा केंद्र में ही स्कैन करके कंप्यूटर सिस्टम में अपलोड किया जाएगा। करीब 1 करोड़ कॉपियों के लगभग 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे। परीक्षक इन डिजिटल कॉपियों की जांच करके ही नंबर देंगे। 10वीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की चेकिंग पहले की तरह कागज पर ही होगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के मुताबिक इस नई व्यवस्था से उत्तर पुस्तिकाओं के ट्रांसपोर्ट में लगने वाला समय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

धरसींवा में जीवनदीप समिति की बैठक : विधायक अनुज शर्मा हुए शामिल

- **बोले- अस्पताल में अप्रैल से मिलेगी सोनोग्राफी की सुविधा**
- **धरसींवा में विधायक अनुज शर्मा की मौजूदगी में जीवनदीप समिति की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए**

धरसींवा/नवप्रदेश। धरसींवा के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सूरत और सीरत में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। शनिवार को स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जीवनदीप समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अस्पताल की हालिया उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करने के साथ ही भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश स्तर पर आयोजित कायाकल्प प्रतियोगिता में धरसीवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और स्वच्छता के दम पर पूरे छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। 2 सबसे बड़ा निर्णय सोनोग्राफी मशीन को लेकर लिया गया

इसके साथ ही मुस्कान प्रतियोगिता में भी अस्पताल ने अपनी जगह सुरक्षित कर स्वास्थ्य मानकों पर अपनी पकड़ मजबूत की है। धरसींवा स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति की अहम बैठक, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, धरसींवा जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुरू हुई। जिसमें बैठक में मरीजों की सुविधा के लिए सबसे बड़ा निर्णय सोनोग्राफी मशीन को लेकर लिया गया। 3गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

विधायक अनुज शर्मा ने जानकारी दी कि, सीएसआर मद के माध्यम से आगामी अप्रैल माह तक अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन स्थापित कर दी जाएगी, जिससे क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को निजी सेंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अस्पताल के बुनियादी ढांचे को सुधारने की कड़ी में परिसर के भीतर आकर्षक गार्डन विकसित करने और वाहनों के व्यवस्थित रख-रखाव के लिए पार्किंग की नई व्यवस्था पर भी सार्थक सहमति बनी। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'सार्थक निर्णय' एजेंडे के तहत विभिन्न बिंदुओं पर मुहर लगाई गई।

अस्पताल में डॉक्टरों की कमी का भी उठा मुद्दा

इस चर्चा के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा, जिस पर विधायक ने शासन स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल से मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर करने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई जाए और गंभीर स्थितियों को छोड़कर यहीं पर बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, प्रबंधन को यह सख्त हिदायत दी गई कि, मरीजों से किसी भी प्रकार की अनावश्यक राशि न ली जाए और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाए।

न्यूज गैलरी

पल्सेगुंडी में नक्सलियों का कैंप जवानों ने ध्वस्त किया बीजापुर

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पल्सेगुंडी में नया सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया है। डीआरजी,

जिला बल व सीएएफ की संयुक्त पार्टी ने खासी मशक्कत कर यहां कैंप की स्थापना की है। कैंप स्थापना के दौरान जवानों ने पल्सेगुंडी के जंगल में नक्सलियों का स्मारक भी ध्वस्त किया है। बताया जाता है कि वर्ष 2024 से अब तक जिले में कुल 35 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जा चुके हैं। यह कैंप भोपालपटनम-फरसेगढ़-सेंड्रा-गढ़चिरौली को जोड़ने की दिशा में अहम कड़ी साबित होगा। आने वाले समय में नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर गांवों को सड़क, संचार और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग खुलेगा। इसके साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, पीडीएस, मोबाइल नेटवर्क, सड़क, पुल-पुलिया सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी।

अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अवैध शराब के खिलाफआबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शुष्क दिवस के दौरान अवैध शराब बेचते तीन

आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की गैरजमानतीय धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार 7 फरवरी 2026 को गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम पारागांव में कार्रवाई करते हुए मानकी तारक पति विष्णु तारक के कब्जे से 7.56 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला शोले तथा आरोपी काशी सोनकर पिता गोपाल सोनकर के पास से 6.48 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला शोले जब्त की गई।

स्वाति मिश्रा के भजनों से भक्तिमय हुआ राजिम कुंभ कल्प, उमड़ा जनसैलाब

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के दसवें दिन मुख्य मंच भक्ति रस से सराबोर हो उठा, जब सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति

मिश्रा ने अपनी सुमधुर आवाज से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति शुरू होते ही पूरा पंडाल तालियों और हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने भक्ति गीत से की, जिसके बाद एक से बढ़कर एक लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी की गूंज पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। इसके साथ ही बरसाने की छोरी राधा गोरी-गोरी, मेरे चौखट पे चलकर आज चारों धाम आए हैं तथा राधा गोरी से ब्रज की छोरी से मैया करा मेरो ब्याह जैसे भजनों पर दर्शकों के साथ जनप्रतिनिधि झूमते दिखाई दिए। राजिम विधायक रोहित साहू ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मेरे घर राम आए हैं, भक्ति में रंगी रे, शिव कैलाशी और जय-जय भोलेनाथ जैसे भजनों ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग हाथ उठाकर भजनों के साथ सुर मिलाते नजर आए। वहीं भजन सुनकर दर्शक दीर्घा से महिलाएं भी थिरकने लगी। स्वाति मिश्रा की मधुर आवाज ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया।

मुस्लिम वेलफेयर कमेटी द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन

छुरा/नवप्रदेश। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुस्लिम समाज छुरा द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी गरियाबंद के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, विदित हो कि यह आयोजन पिछले 14 वर्षों से मुस्लिम

समाज द्वारा किया जा रहा है, शिविर सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ और समापन शाम 5 बजे हुआ, इस आयोजन में 82 यूनिट रक्त वीरों ने रक्त दान किया, सभी रक्त वीरों का मुस्लिम समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यकम में रेड क्रॉस सोसायटी गरियाबंद के आजीवन सदस्य नथमल शर्मा, यशपेन्द्र ,विजय गुप्ता, सफर सचदेव, डॉ आनंद गुप्ता, दीपक गुप्ता, विमल पुरोहित, पार्षद हरीश यादव, अजय दीक्षित, अवधेश प्रधान,पुरोहित, संतोष मेहता, मेष नंदन पांडे, उज्जवल जैन, अब्दुल समद खान, जब्बार खान, आरिफ़ मेमन, अब्दुल शमीम खान, जमशीर कुरैशी, इस्माइल मेमन, इमरान खान, मन्नान खान, कादर खान, सलीम मेमन, रमजान खान, शेखर साहू, लक्की मेमन, सुल्तान खान, बी म ओ डॉक्टर कीर्तन साहू, डॉ प्रजापति, दिनेश साहू, अशोक जैन, दीनू कोडारी, शासकीय कॉलेज के रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य और मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

सीईसीएल अमेरा खदान में खुलेआम लूट

रोजाना 100 टन कोयला चोरी करते ग्रामीणों का वीडियो वायरल, महिलाएं-बच्चे तक शामिल

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अम्बिकापुर के लखनपुर थाना क्षेत्र स्थित स्क्षष्टरु अमेरा खदान से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सामूहिक रूप से खदान से कोयला लाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि, प्रतिदिन 100 टन से अधिक कोयला चोरी कर बाइक और अन्य साधनों से ईंट भट्ठों तक पहुंचाया जा रहा है। इस खुलासे ने सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

रोकने पर खदान कर्मियों पर हमले की घटनाएँ : SECL कर्मचारियों ने कई बार ग्रामीणों को रोकने की कोशिश की, लेकिन उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाएं सामने आने की बात कही जा रही है। इससे सुरक्षा गार्ड और कर्मचारी भय के चलते हस्तक्षेप करने से कतराने लगे हैं।

बाइक से ईंट भट्ठों को सप्लाई, सरकार को लाखों का नुकसान : चोरी किया गया कोयला आसपास के ईंट भट्ठों तक बाइक और अन्य छोटे वाहनों के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। इस अवैध गतिविधि के कारण सरकार और स्क्षष्टरु को हर दिन लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। फिलहाल अधिकारी इस पर कोई प्रभावी रोक नहीं लगा सके हैं।

ग्रामीणों का समूह खदान में घुसकर करता है चोरी

वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि ग्रामीणों का एक बड़ा समूह रोजाना खदान के भीतर घुस जाता है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बिना किसी रोक-टोक के वे बड़ी मात्रा में कोयला उठा रहे हैं और उसे घरों या वाहनों तक पहुंचाते दिखाई देते हैं।

पुलिस कार्रवाई के बावजूद नहीं रुकी चोरी

लखनपुर पुलिस ने पूर्व में कई बार छापेमारी कर अभियुक्तों को पकड़ा भी था, लेकिन चोरी की घटनाएं लगातार जारी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संगठित गिरोह इस नेटवर्क को संचालित करता है, जिसकी वजह से कार्रवाई का असर नहीं दिख रहा।

सोशल मीडिया पर मीम्स और बहस की बाढ़

वायरल वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स, व्यंग्य और बहस का दौर तेज हो गया है। लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं और प्रशासनिक ढील को जिम्मेदार बता रहे हैं।

तेज रफ्तार पिकअप से टक्कर में युवक की मौत

जांजगीर चापा/नवप्रदेश। बम्हनीडीह ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पोड़ीशंकर चौक में चांपा - बिर्रा मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में बनडभरा निवासी तरुण बंजारे की मौत हो गई युवक मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप सड़क से उतरकर खेत में जा घुसी और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । दुर्घटना की सूचना मिलते ही बम्हनीडीह पुलिस के प्रधान आरक्षक सुनील सिंह एवं आरक्षक अमीर पैकरा तत्काल सहित बम्हनीडीह पुलिस मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह पहुंचाया था । अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजनों सहित ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह से शव उठा कर बस स्टैंड बम्हनीडीह के चौक पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया।

शिवरीनारायण मेले में बड़ा हादसा आकाश झूले की कुर्सी टूटकर गिरी

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शिवरीनारायण माघी मेले में आकाश झूले की कुर्सी अचानक टूटकर गिर गई। इस दौरान नीचे खड़ी दो युवती उसकी चपेट में आकर घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

माघी पूर्णिमा से लगने वाला शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। यहां प्रतिदिन हंजारों की तादाद में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। मेला में कई तरह के झूले और मनोरंजन के साधन आए हैं। मंगलवार 10 फरवरी को भी मेले में काफी भीड़ थी। शाम करीब 4 बजे नगर पंचायत के सामने संचालित आकाश झूला में एक

हादसा हो गया। चलते झूले की एक कुर्सी टूटकर गिर गई।

हजारों की भीड़

उल्लेखनीय है कि, मेले में मौत कुआं, झूला के साथ कई तरह के साधन आए हैं। आनंद देखने लोगों की भीड़ हजारों की संख्या में पहुंच रही है। खास करके मेले में आए झूले और मौत का कुआं लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। ऐसे में मंगलवार को हवाई झूला की कुर्सी टूटकर गिरने और दो युवतियों के घायल होने की घटना ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।

दो युवतियां गंभीर रूप से घायल

मेला देखते पहुंची ग्राम मल्दा के दो युवती झूले के नीचे खड़ी थी। आकाश झूला की कुर्सी गिर गई। जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोनों युवती करीना एम्बुलेंस से शिवरीनारायण के शबरी हास्पिटल में भर्ती कसया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से मिला सहारा

धमतरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के लिए एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जिसने लाखों लोगों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। यह योजना केवल एक पक्का मकान

उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है यह सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा, आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा प्रदान करने का सशक्त माध्यम भी है। जिले के कुरुद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चरमुड़िया की हितग्राही श्रीमती बेला बाई सतनामी की कहानी इसी परिवर्तन की एक जीवंत मिसाल है।

दो वर्षों से पेंड्रा नगरीय क्षेत्र में नहीं हुआ एक भी बाल विवाह

नगरपालिका परिषद पेंड्रा को मिला 'बाल विवाह मुक्त' पुरस्कार

पेंड्रा/नवप्रदेश। पेंड्रा नगरीय क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से एक भी बाल विवाह नहीं होने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए नगरपालिका परिषद पेंड्रा को ÷बाल विवाह मुक्त÷ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अरपा महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्री राकेश जालान को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मरवाही विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची, धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री समीर पेकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगरपालिका परिषद पेंड्रा द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु लगातार जागरूकता अभियान, विद्यालयों में परामर्श कार्यक्रम, सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय एवं वार्ड स्तर पर निगरानी जैसी प्रभावी पहल की गई। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले दो वर्षों से पेंड्रा नगरीय क्षेत्र में एक भी बाल विवाह दर्ज नहीं हुआ है, जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

सम्मान प्राप्त करने के पश्चात अध्यक्ष श्री राकेश जालान ने कहा कि यह पुरस्कार पूरी टीम, जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह प्रशस्ति पत्र आगे भी समाज हित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जनभागीदारी ही सबसे बड़ी ताकत है।

नगरपालिका परिषद पेंड्रा भविष्य में भी बाल संरक्षण एवं समाज सुधार के कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखेगी।

निरीक्षण कर डीआरएम बोले- अप्रैल तक नया भवन हो जाएगा तैयार, एयरपोर्ट जैसी होंगी सुविधाएं

जगदलपुर स्टेशन को मिलेगा वर्ल्ड-क्लास लुक

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के जगदलपुर रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड-क्लास सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेजी से विकास कार्य जारी हैं। इन्हीं कार्यों की समीक्षा के लिए विशाखापत्तनम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा सोमवार रात स्पेशल सैलून से जगदलपुर पहुंचे और मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखते हुए समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का किया गहन निरीक्षण: निरीक्षण के दौरान डीआरएम ललित बोहरा ने नए

स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म सुधार, स्वच्छ वाशरूम निर्माण, वाटरिंग सिस्टम, आरओबी और अन्य संरचनात्मक गतिविधियों का विस्तार से आकलन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य मानकों के अनुरूप ही पूरे होने चाहिए।

विकास कार्यों में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी: निरीक्षण के समय सीनियर डीओएम तन्मय, सीनियर डीईई महाराणा, सीनियर डीएससी, सीनियर डीएसटी, सीनियर डीसीएम पवन कुमार, एसएमआर चंद्रा, एओएम, डीटीआई मीणा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और रेलवे स्टाफ मौजूद थे।

एयरपोर्ट मॉडल पर विकसित होगा स्टेशन

डीआरएम बोहरा ने बताया कि जगदलपुर स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है। यात्रियों के लिए एस्केलेटर, लिफ्ट, अत्याधुनिक प्रतीक्षालय, डारमेट्री, आधुनिक वाशरूम और बेहतर सुरक्षा प्रबंधन विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान गति से काम चलता रहा तो अप्रैल के अंत तक नए स्टेशन भवन का लोकार्पण किया जा सकता है।

अमृत भारत स्टेशन योजना: क्या-क्या बदलेगा?

योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन को एक आधुनिक परिवहन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें शामिल हैं-

- एस्केलेटर और लिफ्ट
- अत्याधुनिक यात्री प्रतीक्षालय
- आधुनिक डारमेट्री
- स्वच्छ और सुदृढ़ वाशरूम
- उन्नत वाटरिंग सिस्टम
- मजबूत प्लेटफॉर्म संरचना
- स्टेशन परिसर के बाहर व्यावसायिक क्षेत्र का विकास

इन सुविधाओं से स्टेशन न केवल यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनेगा, बल्कि राजस्व वृद्धि की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

तहसील साहू संघ ने ली शपथ

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के तहसील साहू संघ मगरलोड का शपथ ग्रहण समारोह 10 फरवरी को कर्मा भवन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि, यह आयोजन केवल पदभार ग्रहण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के भविष्य, युवाओं के संस्कार और बच्चों की शिक्षा जैसे ज्वलंत विषयों पर गंभीर चिंतन का मंच भी बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि, समाज में बढ़ते अंतरजातीय एवं अंतरधार्मिक विवाह और नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि, युवाओं में संस्कार निर्माण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

न्यूज गैलरी

शाखा डाकघरों में मिल रही सभी प्रमुख डाक सेवाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी शाखा डाकघरों में डाक विभाग से संबंधित लगभग सभी आवश्यक कार्य सुचारू रूप से संपादित किए जा रहे हैं। इन शाखा डाकघरों के माध्यम से आम जनता को उनके निवास स्थान के समीप ही डाक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। शाखा डाकघरों में पत्रों की बुकिंग, प्रेषण एवं वितरण के साथ-साथ बचत बैंक खाते खोलने, जमा-निकासी, डाक जीवन बीमा तथा अन्य जन-उपयोगी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी डाक सेवाओं का पूर्ण लाभ मिल रहा है। डाक विभाग का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरल, सुलभ और विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। डाकघर अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी शाखा डाकघर अथवा उप डाकघर से संपर्क कर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

संभाग स्तरीय रोजगार मेला 12 और 13 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 12 एवं 13 फरवरी को सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक आईटीआई कोनी में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 निजी कंपनियों द्वारा फायनेंस, एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट, मेडिकल व फार्मेसी, सोलर एनर्जी, टेक्सटाईल इंडस्ट्री, सर्विस टेक्निकल, मेनुफैक्चरिंग, सिक्यूरिटी सर्विस, इंश्योरेंस, आटोमोबाईल, ज्वेलेरी जैसे क्षेत्रों में लगभग 4 हजार पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए रोजगार पंजीयन, ई रोजगार पोर्टल में आवेदक का ऑनलाईन मेला पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक आधार कार्ड, फोटो, बायोडाटा एवं निर्धारित शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ रोजगार मेले में शामिल हो सकते है। मेले में शामिल होने एवं रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटईरोजगारडाटसीजीडाटजीओवीडाटइन एवं छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कोनी से भी संपर्क किया जा सकता है।

छू लो आसमान बना प्रेरणा का मंचः मुस्लिम एजुकेशन वेलफेयर का शैक्षणिक आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शिक्षा को सामाजिक उत्थान का सशक्त माध्यम बनाते हुए छत्तीसगढ़ मुस्लिम एजुकेशन वेलफेयर, बिलासपुर द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'छू-लो-आसमान' नामक प्रेरणादायी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल शैक्षणिक दृष्टि से बल्कि जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक एकता के लिहाज़ से भी शहर में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर आयोजित हुआ, जिसे सहारवासियों और शिक्षा जगत ने ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यक्रम की शुरुआत सुन्नी हुसैनी मस्जिद के ख़तिब-ए-इमाम हाफ़िज़ सैयद जाहिर आगा साहब एवं नगीना मस्जिद, तारबहार के ख़तिब-ए-इमाम हाफ़िज़ आरिफ़ अंजुम साहब द्वारा क़ुरआन की तिलावत और दुआ-ए-ख़ैर से हुई। इस अवसर पर बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राएँ एवं उनके परिजन उपस्थित रहे, जिससे सभागार प्रेरणा और उम्मीद से भर उठा। कार्यक्रम का कुशल संचालन मेजर डॉ. आशीष शर्मा (प्रोफेसर, डी.पी. विप्र महाविद्यालय) एवं उमाशंकर पांडे जी ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, साल और सम्मान-चिन्ह भेंट कर गरिमामय ढंग से किया गया। मुख्य अतिथि प्रो-वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी के माननीय प्रो. अरुण पटनायक जी ने अपने संबोधन में कहा कि 'शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत है। जो विद्यार्थी ईमानदारी, मेहनत और अनुशासन अपनाता है, उसका भविष्य निश्चित रूप से उज्ज्वल होता है। हर विद्यार्थी में नेतृत्व क्षमता होती है–बस उसे सही दिशा और अवसर की आवश्यकता होती है। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) रामगोपाल करियारे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ''छू-लो-आसमान' जैसे कार्यक्रम बच्चों को आधुनिक शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और चरित्र निर्माण का अवसर देते हैं। शिक्षित, अनुशासित और जागरूक युवा ही कल देश की उन्नति के मजबूत स्तंभ बनेंगे।

चिंतामणि महाराज रामायण वार्ता प्रकल्प के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

बिलासपुर/नवप्रदेश। रामायण सर्व काउंसिल जाने प्रकल्प रामायण वार्ता के अंतर्गत देश भर में संस्कृत भाषा के उत्थान को लेकर कार्य करती रही है। अब रामायण वार्ता की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ में सरगुजा से सांसद चिंतामणि महाराज को मिली है। इस प्रकल्प के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन के बाद चिंतामणि महाराज ने कहा कि उनके लिए गौरव का विषय है कि रामायण रिसर्च काउंसिल जैसी संस्था जो वर्षों से संस्कृत भाषा के उत्थान को लेकर शिक्षण एवं प्रशिक्षण की दिशा में कार्य करती रही है, इसके लिए अब साथ चलने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि वह छत्तीसगढ़ में संस्कृत बोर्ड के चेयरमैन भी रहे हैं और संस्कृत महाविद्यालय का संचालन भी करते हैं।

कांकेर जिले में पदस्थ पुलिस जवानों ने हाईकोर्ट में दायर की है याचिका

प्रमोशन में जवानों के साथ भेदभाव डीजीपी दो महीने में ले निर्णयः हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हुए बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में साहसिक भूमिका निभाने वाले पुलिस जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने में भेदभाव करने का आरोप लगा है। इस आपरेशन में शामिल 3 जवानों को प्रमोशन का लाभ नहीं दिया गया। दायर याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने डीजीपी को दो महीने के भीतर निराकरण करने का आदेश दिया है।

दरअसल, कांकेर जिले में पदस्थ पुलिस जवान दीपक कुमार नायक, अग्नु राम कोर्राम और संगीत भास्कर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने बताया कि 15 और 16 अप्रैल 2024 को बीएसएफ के साथ संयुक्त रूप से चलाए गए। बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में तीनों जवान शामिल थे। यह ऑपरेशन कांकेर जिले के कालपर-हापाटोला-छेटेबेठिया क्षेत्र में हुआ, जहां 40-50 सशस्त्र माओवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। इस कार्रवाई में 29 सशस्त्र नक्सली मारे गए, जिनमें 15 पुरुष और 14 महिलाएं शामिल थीं। साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया। हाईकोर्ट ने माना कि, याचिकाकर्ताओं का दावा अभी सक्षम प्राधिकारी के सामने विचाराधीन है। ऐसे में कोर्ट ने इस स्तर पर सीधे पदोन्नति का आदेश न देकर, प्रतिनिधित्व के जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि, पुलिस महानिदेशक याचिकाकर्ताओं के प्रतिनिधित्व पर पुलिस विनियम 70(क) के अनुसार कानून के अनुसार निष्पक्ष निर्णय लें। यह निर्णय दो महीने के भीतर किया जाए। यदि याचिकाकर्ताओं का मामला उन 54 पदोन्नत पुलिसकर्मियों के समान पाया जाता है, तो उनकी आउट ऑफ टर्न प्रमोशन की प्रक्रिया भी शुरू की जाए।

केवल 54 पुलिसकर्मियों को मिला प्रमोशन

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि इस सफल ऑपरेशन में कुल 187 पुलिसकर्मी शामिल थे, लेकिन शासन ने केवल 54 पुलिसकर्मियों को ही पुलिस विनियम 70(क) के तहत आउट ऑफ टर्न प्रमोशन का लाभ दिया। जबकि, याचिकाकर्ता भी समान परिस्थितियों में ऑपरेशन का हिस्सा थे। इसी भेदभाव से आहत होकर उन्होंने 25 जून 2025 को पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज के समक्ष प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया, जो अब तक लंबित है।

महाशिवरात्रि पर त्रिदेव मंदिर में होगा पारद शिवलिंग का महारुद्राभिषेक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा स्थित 'श्री पीताम्बरा पीठ' त्रिदेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत भव्य और अलौकिक रूप से मनाने की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। नगर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के इस अद्वितीय मंदिर में शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का विशेष महारुद्राभिषेक और महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पीताम्बरा पीठाधीश्वर स्वामी दिनेश महाराज ने बताया कि स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज की कृपाछाया में विश्व शांति एवं जनकल्याण हेतु महादेव का अभिषेक विशेष विधि-विधान से किया जाएगा। 15 फरवरी फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी से महोत्सव का आगाज होगा। प्रातः 6 बजे से महारुद्राभिषेक प्रारंभ होगा, जो निरंतर रात्रि के चारों प्रहर तक चलता रहेगा। इस दौरान भक्तगण भगवान शिव के दिव्य दर्शन, रात्रि जागरण और अभिषेक का लाभ ले सकेंगे। 16 फरवरी फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के अवसर पर निःशुल्क रुद्राक्ष एवं प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन होगा। यह वितरण प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

पारद शिवलिंग की महिमा और विशेषता

शास्त्रों के अनुसार, पारद शिवलिंग साक्षात् शिव का रूप है। चरक संहिता और ब्रह्मपुराण का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि इसके दर्शन मात्र से करोड़ों शिवलिंगों की पूजा के समान फल प्राप्त होता है। यह पूजा ग्रह दोष निवारण, तंत्र-बाधा मुक्ति और सुख-समृद्धि के लिए अचूक मानी जाती है। महाशिवरात्रि के पश्चात मंदिर में 19 मार्च से 27 मार्च तक 'चैत्र वासंत नवरात्र उत्सव' एवं वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

बनते ही खुद गई रामायण चौक मार्ग की सड़क

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्मार्ट सिटी बिलासपुर में विकास की रफ्तार कागजों पर तेज़ है, लेकिन ज़मीन पर तस्वीर उलटी नजर आ रही है। रामायण चौक की ओर जाने वाली सड़क पर नई मरम्मत शुरू होते ही जो हालात बने, उसने नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली को बेनकाब कर दिया। सड़क बनी, लेकिन नीचे बहते पानी ने कुछ ही दिनों में उसकी असलियत उजागर कर दी। राजस्व कॉलोनी से रामायण चौक की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मत का कार्य करीब एक सप्ताह पहले शुरू किया गया था। लंबे समय से खराब हालत झेल रहे इस मार्ग पर डामरीकरण शुरू होते ही लोगों को राहत की उम्मीद जगी, लेकिन यह उम्मीद ज्यादा दिन नहीं टिक सकी।

इसी सड़क पर कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन लीकेज की समस्या पहले से मौजूद थी, जिसकी जानकारी मोहल्लेवासी बार-बार नगर निगम के अधिकारियों को देते रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क के नीचे से लगातार पानी रिसने के कारण मिट्टी पहले ही कमजोर हो चुकी थी। इसके बावजूद बिना लीकेज की मरम्मत कराए सड़क पर डामर बिछा दिया गया।

बजट विकसित भारत की दिशा में निर्णायक कदमः तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने त्रिपुरा राज्य भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 की दूरदर्शी एवं परिवर्तनकारी परिकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। श्री साहू ने बताया कि वर्ष 2014 में 3.92 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय से बढ़कर वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ तक पहुँचना सरकार की मजबूत विकास-उन्मुख नीति को दर्शाता है। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन 21,900 करोड़ से बढ़कर 1.25 लाख करोड़ से अधिक हो जाना किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत का विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतिफल है। पूर्वोत्तर क्षेत्र को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में रेखांकित करते हुए श्री साहू ने बताया कि इस क्षेत्र के लिए सकल बजटीय समर्थन में 246 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 94,679 करोड़ किया गया है।

बंद पड़े आवास निर्माण शुरू, हितग्राहियों का मिठाई और श्रीफल से किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2025-26 में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया था। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निर्देश पर ग्राम पंचायत द्वारा लगातार समझाइश व प्रेरणा दिए जाने के बाद हितग्राहियों ने अपने आवास निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम भरारी के हितग्राही विजय कुमार उजागर, पिता नारायण प्रसाद उजागर का आवास वर्ष 2025-26 में स्वीकृत हुआ था। प्रारंभ में उनके द्वारा प्लिंथ स्तर तक का कार्य भी पूर्ण नहीं किया गया था। बार-बार समझाइश देने के बाद अब उन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ कर केंद्र स्तर तक कार्य पूर्ण कर लिया है। आवास निर्माण कार्य में उनकी रुचि एवं सक्रियता को देखते हुए ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, पंचगण तथा आवास मित्र द्वारा उन्हें श्रीफल एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया।

भूगोल के मॉडल ज्ञान को कल्पना से वास्तविकता तक पहुंचाते हैं: डॉ. खेर

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में भूगोल विभाग द्वारा मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया गया इस प्रेजेंटेशन में मुख्य अतिथि डॉ. राजीव शंकर खेर, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रघुनंदन पटेल, भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. रामप्रसाद चंद्रा उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. खेर ने कहा कि भूगोल के मॉडल और प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को पुस्तकों से बाहर निकालकर वास्तविक दुनिया से जोड़ते हैं। यह सीखने के अनुभव और ज्ञान को नवाचार में बदलते हैं। विद्यार्थियों ने जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य फसलें जैसे विषयों पर नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए साथ ही प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन में प्राचार्य डॉ. खेर की जीवन गाथा, गंगरेल बांध, पवन चक्की, छत्तीसगढ़ का इतिहास, शहीद वीर नारायण सिंह की गाथा, बिलासपुर के दुर्गा पंडालों का वर्णन जैसे विषयों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए।

दो दिनों तक मौसम में बदलाव की संभावना नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम फिलहाल शुष्क बना हुआ है और फरवरी के पहले पखवाड़े तक इसी तरह के हालात बने रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कहीं भी बारिश के आसार नहीं हैं और अगले कुछ दिनों तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। गुरुवार से न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे सुबह-शाम ठंडक का अहसास बना रहेगा। पिछले 24 घंटों की बात करें तो प्रदेशभर में मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में प्रदेश के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई है और न ही अगले दो दिनों तक वर्षा की कोई संभावना है।

उपलब्धिः भारतीय रेल की ऐतिहासिक पहल, पारंपरिक खुले वैगनों की तुलना में कंटेनर आधारित परिवहन अधिक प्रभावी

नमक लोडिंग के लिए स्टेनलेस स्टील कंटेनरों का सफल ट्रायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अहमदाबाद मंडल के भीमासर-गांधीधाम सेक्शन में भारतीय रेल ने माल ढुलाई के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। नमक जैसे संक्षारक थोक कार्गो के परिवहन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए यह कंटेनरों का यहां पहला सफल ट्रायल किया गया। यह पहल तकनीकी नवाचार के साथ-साथ सुरक्षित, तेज़ और आधुनिक माल परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक अहम कदम है। इस ट्रायल से यह साफ हो गया है कि पारंपरिक खुले वैगनों की तुलना में कंटेनर आधारित परिवहन अधिक प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल हो सकता है।

ट्रायल के दौरान प्रति कंटेनर लोडिंग में 15 मिनट से भी कम समय लगा। कुल 28 पोकलेन बकेट्स के माध्यम से प्रत्येक कंटेनर में नमक लोड किया गया, जो इस व्यवस्था की उच्च दक्षता और बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है अनलोडिंग की प्रक्रिया भी उतनी ही आसान और तेज़ रही। हाइड्रॉलिक टिपर ट्रक की सहायता से कंटेनर को लगभग 45 डिग्री तक झुकाकर 5 मिनट से भी कम समय में पूरा नमक खाली कर दिया गया। कंटेनर के साइड में दिए गए दरवाज़ों से नमक अपने आप नीचे गिर जाता है, जिससे कोई अवशेष नहीं बचता और अतिरिक्त सफाई की जरूरत भी नहीं पड़ती। एक स्टेनलेस स्टील कंटेनर का खाली वजन लगभग 3 टन है, जिससे बड़े पैमाने पर नमक की ढुलाई समय पर और सुचारु रूप से की जा सकती है। इन कंटेनरों के इस्तेमाल से मैनुअल वैगन क्लीनिंग की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और किसी प्रकार की कोटिंग की जरूरत भी नहीं रहती। लोडिंग और अनलोडिंग जल्दी होने से वैगनों का टर्नअराउंड समय कम होता है और परिचालन क्षमता बढ़ती है। भीमासर-गांधीधाम सेक्शन में किया गया यह पहला ट्रायल भारतीय रेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

आधुनिक कंटेनर डिजाइन और तेज लोडिंग प्रणाली

कंटेनरों की लोडिंग प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाया गया है। नमक की लोडिंग साइलो सिस्टम के माध्यम से या ऊपर से पोकलेन मशीन की मदद से की जा सकती है। प्रत्येक कंटेनर के ऊपर 7 म 4 फीट आकार के दो बड़े ओपनिंग दिए गए हैं, जिनसे पूरी तरह मशीनी और सुरक्षित लोडिंग संभव होती है।

दुर्ग-मधुबनी के बीच होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग गोंदिया-दरभंगा मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग एवं मधुबनी के मध्य एक फेरे के लिये की जा रही है। यह गाड़ी दुर्ग से गाड़ी संख्या 08753 के साथ तथा मधुबनी से गाड़ी संख्या 08754 के साथ चलेगी।

कलेक्टर ने 'परीक्षा-पे-चर्चा' कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

■ कहा- परीक्षा के दौरान समय का प्रबंधन, धैर्य, और पॉज़िटिव एटीट्युड सर्वाधिक महत्वपूर्ण

कांकेर / नवप्रदेश । बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज 'बोर्ड परीक्षा पे चर्चा' के अंतर्गत कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह आयोजन पीएम श्री नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हॉल में संपन्न हुआ। कार्यशाला में प्री-बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर उपस्थित रहे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक श्री निखिल अशोक कुमार राखेचा, जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद, तथा राज्य टीम के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षा मनोविज्ञान पर आधारित सलाह देने हेतु डॉ. पल्लवी क्षीरसागर ने भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान टाइम मैनेजमेंट सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समय का सही प्रबंधन ही यह तय करता है कि विद्यार्थी निर्धारित समय में अधिक प्रश्नों को सही ढंग से हल कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान एक-एक मिनट बहुत मूल्यवान होता है, इसलिए विषयवार तैयारी, समय के अनुसार लिखने की गति, और सही रणनीति बनाकर पढ़ाई करना आवश्यक है।कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि उत्तर लिखते समय सबसे पहले वे प्रश्न हल करें जिन पर उनकी पकड़ मजबूत हो, ताकि शुरुआत में आत्मविश्वास बढ़े और समय की बचत भी हो। उन्होंने कहा कि उत्तर विषयांतर न हों, लिखावट स्पष्ट हो और बिंदुवार उत्तर देने की आदत विकसित की जाए। साथ ही उन्होंने पॉजिटिव एटीट्यूड को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन, सही योजना और आत्मविश्वास के साथ उत्तर लिखें।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को खानपान को लेकर भी सावधान किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय संयमित आहार-विहार जरूरी है तथा बाहर के खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य ठीक रहे और पढ़ाई में एकाग्रता बनी रहे। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में 'हमर लक्ष्य' कार्यक्रम के तहत विगत वर्षों में बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम आए हैं।

न्यूज गैलरी

मंडल धनेलीकन्हार में पं दीनदयाल उपाध्याय को दी गई श्रद्धांजलि

कांकेर / नवप्रदेश । मंडल धनेलीकन्हार के अन्तर्गत ग्राम कोदा गांव में पं दीन दयाल उपाध्या के पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें याद करते हुए उनके छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया इस दौरान भाजपा नेता और जनपद सदस्य पंचू राम नायक ने कहा -पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता शिक्षाविद भारतीय जन संघ के संस्थापक थे उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले उधोग मंत्री के रूप में औद्योगिक नीति की निव रखी 33वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने और जम्मू-कश्मीर के पूर्ण विलय के लिए संघर्ष करते हुए 11फरवरी 1968 को अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। कार्यक्रम में शामिल पंचू राम नायक पुर्व मंडल अध्यक्ष, सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर, भावेश आरदे अध्यक्ष गौ सेवा आयोग ब्लाक कांकेर, जगदीश जयते, दयाराम आरदे,अमृत लाल,देव चरण साहू,धनेश आरदे,कलेन्द्री आरदे, घसनीन बाई,हेम लता, मनोज भुसाखरे सरजू चुरगिय, गौतम नेताम,काशी साहू आदि लोग उपस्थित हो करळ श्रद्धांजलि अर्पित किया गया है।

जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला 16 और 17 फरवरी को

कांकेर। नवप्रदेश कौशल विकास तकनीकी एवं रोजगार विभाग द्वारा 16 एवं 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक शासकीय लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के लगभग 1502 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री बी.आर. ठाकुर ने बताया कि संभाग स्तरीय रोजगार मेला में इच्छुक आवेदकां का साक्षात्कार 16 एवं 17 फरवरी सोमवार व मंगलवार निर्धारित है। जो आवेदक रोजगार मेला हेतु पूर्व में पंजीयन नहीं किया है वे पोर्टल द्दह्मश्चद्धद्दड्डह्र.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर अपना ऑनलाइन आवेदन कर रिक्त पदां की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक अपने समस्त दस्तावेज जीवित पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि पर रोजगार मेला स्थल में अपनी उपस्थिति दे सकते हैं।

आईटीआई बीजापुर में रक्तदान शिविर आयोजित, 11 यूनिट रक्त संग्रहित

बीजापुर / नवप्रदेश। शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बीजापुर द्वारा भारतीय यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के बैनर तले 11 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 11 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला रेडक्रॉस शाखा, बीजापुर तथा जिला अस्पताल, बीजापुर के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं युवाओं में सेवा और मानवीय संवेदनाओं का विकास करना रहा।इस अवसर पर जिला संगठक श्री नर्वेद सिंह, डॉ. सीके राहंगडाले, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर, श्री नायक प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर, श्री चितरंजन लाल, प्रभारी अधिकारी रेडक्रॉस शाखा, शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर सहित संस्थान के स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई।

यात्री सुरक्षा: 35 बस कंडक्टरों को दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। । परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में 35 बस कंडक्टरों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कंडक्टरों को सीपीआर (श्वसन मार्ग, श्वास, परिसंचरण), रक्तस्राव नियंत्रण, फ्रैक्चर को स्थिर करना, जलने का उपचार एवं दम घुटने जैसी आपात स्थितियों में तत्काल जीवन रक्षक सहायता देने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही घटनास्थल की सुरक्षा, आपातकालीन आकलन, चिकित्सा आपदाओं से निपटने तथा बुनियादी संक्रमण रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में समय रहते सहायता देकर जान बचाई जा सके और स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सके।

सबसे बड़ा सवाल- तीन राज्यों की सीमाएं कैसे पार कर गई ट्रक

जली ट्रक ने खोला अवैध कारोबार का राज, हजारों मछलियां डिस्पोज

कोरिया / नवप्रदेश । कभी-कभी हादसा सिर्फ दुर्घटना नहीं होता,बल्कि चोरी छुपे चल रहे सिस्टम को आईना दिखा जाता है जो कागजों में सख्त और जमीन पर ढीला नजर आता है, कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र के रनई के पास उड़ीसा से मध्यप्रदेश के जबलपुर की ओर जा रही एक ट्रक में लगी आग ने भी कुछ ऐसा ही किया। ट्रक जलने के बाद सड़क पर ट्रक में रखी मछलियों ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया—जब थाई मांगुर मछली पूरे देश में प्रतिबंधित है, तो यह इतनी आसानी से तीन राज्यों की सीमाएं पार कैसे कर रही अगर यह ट्रक नहीं जलता, तो शायद यह खेप भी बिना किसी शोर-शराबे के अपने गंतव्य जबलपुर तक पहुंच जाती और सिस्टम को भनक तक नहीं लगती। अंततः जांच टीम ने ट्रक में लगभग चार लाख 62 हजार कीमत की मछली को जप्त कर डिस्पोज किया ।

जांच चौकियां या सिर्फऔपचारिकता

जानकारी के मुताबिक यह ट्रक उड़ीसा से चला और राज्य की तीन जिलों जशपुर, सरगुजा व सूरजपुर होते हुए कोरिया जिले तक पहुंच गया, इतनी लंबी दूरी तय करने के बावजूद कहीं कोई जांच नहीं हुई—न किसी की नजर पड़ी, न परिवहन जांच की सख्ती दिखी और न ही स्थानीय प्रशासन ने कोई संदेह जताया, यही वह बिंदु है जहां सवालों की कतार शुरू होती है, क्या प्रतिबंधित सामग्री की पहचान करना किसी की जिम्मेदारी नहीं रही ! क्या जांच चौकियां सिर्फकागजों पर ही सक्रिय हैं या फिर अवैध सप्लाई करने वालों को पहले से पता रहता है कि कहां रोक नहीं लगेगी । यह घटना साफसंकेत देती है कि अवैध नेटवर्क सिर्फसक्रिय ही नहीं, बल्कि सिस्टम की कमजोरियों को समझकर काम कर रहा है।

प्रतिबंधित मछली का खुला खेल

थाई मांगुर मछली को वर्षों पहले पर्यावरण और स्वास्थ्य कारणों से प्रतिबंधित किया गया था, इसके बावजूद यह मछली चोरी-छिपे पाली जा रही है और ट्रकों में भरकर एक राज्य से दूसरे राज्य तक भेजी जा रही है, स्थानीय लोगों के अनुसार, आग बुझने के बाद जब ट्रक से दूसरे ट्रक में डिस्पोज के लिए शिफ्ट किया गया तो पानी के साथ बड़ी संख्या में मछलियां बाहर निकलने लगीं। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गई और लोग मछलियां पकड़कर घर ले जाते रहे लेकिन मौके पर यह सख्ती दिखाई नहीं दी।

कानून सख्त, अमल ढीला- देश में थाई मांगुर मछली के पालन, बिक्री और परिवहन पर प्रतिबंध कोई नई बात नहीं है मत्स्य विभाग और पर्यावरण एजेंसियों को समय-समय पर निर्देश दिए जाते रहे हैं कि कहीं भी इस मछली का उत्पादन या भंडारण मिले तो उसे तुरंत नष्ट किया जाए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है, रनई की घटना यह बताती है कि प्रतिबंध कागजों में भले सख्त हो, लेकिन जमीन पर उसका पालन ढीला नजर आता है। मुनाफे का गणित और कानून की हारङ्क थाई मांगुर के अवैध कारोबार की सबसे बड़ी वजह उसका तेज उत्पादन और भारी मुनाफा है, कम समय में तेजी से वजन बढ़ता है, पालन सस्ता पड़ता है, बाजार में अच्छी कीमत मिल जाती है।

7 दिन तक चलने वाले एनएसएस शिविर की कोकपुर से शुरुआत

नशा मुक्त समाज को लेकर शिविर का हुआ आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश । भानुप्रताप देव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में संचालित राष्ट्रीय सेवा जी योजना का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज हेतु युवा ग्राम कोकपुर में लगाया गया हैं।इस शिविर का उद्देश्य - समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करना हैं। शिविर का आयोजन 10फरवरी से 16 फरवरी तक शास. उच्च.माध्य.विद्यालय कोकपुर में संचालित किया जा रहा हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन दोपहर 3:00 श्चद्व में किया गया।

उद्घाटन सत्र में श्रीमति निशा दुग्गा सरपंच ग्राम पंचायत कोकपुर मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित रहा, कार्यक्रम की अध्यक्षता - प्रो.डॉ.चेतन राम पटेल प्राचार्य भानुप्रताप देव शास. स्नात. महाविद्यालय कांकेर द्वारा किया गया। विशेष अतिथि में अशोक कछ्लाम सदस्य जनपद पंचायत कांकेर एवं चुनेश्वर जैन उप सरपंच ग्राम पंचायत कोकपुर रहा। श्रीमती केजा मंडावी श्रीमती खेमिन जैन प्रेमलाल जैन विशिष्ट अतिथि रहा। इस शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना

कार्यक्रम अधिकारी प्रो अलका केरकेट्टा द्वारा किया जा रहा है। डॉ रामचंद साहू तथा देवेंद्र कुमार शिविर प्रभारी सहायक हैं। उद्घाटन सत्र में स्वयं सेवार्थीयों को अपने आशीष वचन के रूप में बताया कि छात्र छात्राएं अपने कॉलेज एवं समाज की सेवा हेतु निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति में समर्पित होकर करें, ये स्वयं सेवार्थीयों से हमारे ग्राम के स्कूली छात्र छात्राएं एवं ग्रामवासी बहुत कुछ सीखेंगे जो जीवन पर्यन्त काम आयेगा। एनएसएस में अनुशासन मुख्य सीख रहता है, जिसके अंतर्गत आप सभी इस शिविर में सभी कार्य संपादित करते है ।

साप्ताहिक समय-सीमा की हुई बैठक

■ आयोग प्रकरणों और न्यायालयीन मामलों के त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेशकलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फील्ड में चल रहे निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने आयोगों से प्राप्त लंबित पत्रों की जानकारी लेते हुए राज्य महिला आयोग, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय जनजाति आयोग एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से संबंधित प्रकरणों की बारी-बारी से समीक्षा की तथा इनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा।

बैठक में माननीय उच्च न्यायालय में लंबित, निराकृत एवं पारित आदेशों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुतीकरण करने के साथ-साथ वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी न्यायालयीन प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का गहन अध्ययन कर पालन प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत किया जाए।

मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन में ग्रामीणों को मिला रोजगार

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के कुशल मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ करने हेतु मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत चयनित किसानों को 6 नग मधुमक्खी बक्से मधुमक्खियों सहित, आवश्यक उपकरण तथा तीन दिवसीय वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना में तकनीकी सहयोग हंबल बी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना की अधिकांश राशि जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से वहन की जा रही है, जबकि हितग्राहियों में स्वामित्व की भावना विकसित करने हेतु नाममात्र का अंशदान लिया जा रहा है, जो भविष्य में उनके हित में सुरक्षित रहेगा।

योजना का आरंभिक क्रियान्वयन गीदम विकासखंड में किया जा रहा है। प्रथम चरण में बिंजाम, सियानार, समलूर, झोड़ियाबाड़म, बड़े कारली, कारली, घोटपाल, कासौली एवं कुतुलनार ग्रामों को शामिल किया गया है ।

रेडक्रास सोसाइटी द्वारा निजी वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार का दिया गया प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के निजी वाहन चालकों हेतु प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला परिवहन विभाग के सहयोग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान वाहन चालकों को फर्स्ट एड बॉक्स के रखरखाव, आपात स्थिति में सीपीआर देने की विधि, सीपीआर के समय बरती जाने वाली सावधानियां, एंबुलेंस की सहायता लेने की प्रक्रिया सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डॉ. जनार्दन राव, अंकित सिंह व वाहन चालक उपस्थित रहे।

जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 एवं 17 फरवरी 2026 को लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल, जगदलपुर (जिला,बस्तर) में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दंतेवाड़ा के प्रशिक्षणरत एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों सहित अन्य इच्छुक अभ्यर्थियों अधिकाधिक संख्या में पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

योजना: भरतपुर विकासखंड में 30 हितग्राहियों को शत-प्रतिशत अनुदान पर जाल उपलब्ध

ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बना मछली पालन

एमसीबी / नवप्रदेश।11 फरवरी 2026/ जिले में मछली पालन ग्रामीण आजीविका के एक सशक्त और टिकाऊ विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित डबरियों, अमृत सरोवरों तथा सिंचाई जलाशयों का उपयोग कर मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि महिलाओं और किसानों को आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में नई मजबूती मिल रही है। एमसीबी जिले के तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में विगत वर्षों में 780 से अधिक डबरियों का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत निर्मित 87 अमृत सरोवरों में से चयनित 15 अमृत सरोवरों में इस वर्ष मछली पालन प्रारंभ किया गया है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं इस गतिविधि से जुड़कर आय अर्जित कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही हैं।

मछली पालन से ग्रामीणों को दोहरा लाभ मिल रहा है। एक ओर यह आय का स्थायी स्रोत बन रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों के पोषण स्तर में भी सुधार हो रहा है। गांवों में आजीविका डबरी निर्माण की मांग निरंतर बढ़ रही है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। वहीं वर्ष 2024-25 के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित 500 डबरियों में मत्स्य विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर मत्स्य बीज उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार वर्ष 2025-26 में 300 डबरियों तथा 15 अमृत सरोवरों में मत्स्य बीज (फिंगरलिंग) वितरण कर मत्स्य पालन को प्रोत्साहित किया गया। इस पहल से ग्रामीणों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं।विकासखंड भरतपुर में 30 हितग्राहियों को शत-प्रतिशत अनुदान पर मछली पकड़ने के जाल उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उत्पादन और आय में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ी हैं। इसके साथ ही जिले के सिंचाई जलाशयों में भी मत्स्य पालन की व्यापक संभावनाओं को साकार किया जा रहा है।विकासखंड खडगवा के 62 हेक्टेयर रकबे वाले बरदर सिंचाई जलाशय में मधुना सहकारी समिति के 9 हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 162 केज स्थापित कर मत्स्य पालन प्रारंभ किया गया है। इस पहल से रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं तथा आय में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना बनी है। मछली के परिवहन एवं विपणन को सुदृढ़ बनाने हेतु 20 किसानों को आइस बॉक्स भी वितरित किए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को ताज़ी मछली उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में वर्तमान में 15 मछुआ सहकारी समितियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जिन्हें शासन की समृद्धि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में विकासखंड खडगवा के उधनापुर सिंचाई जलाशय की मछुआ सहकारी समिति को अनुदान पर एक फाइबर बोट प्रदान की गई, जिससे मत्स्य उत्पादन और संग्रहण कार्य में सुविधा हुई तथा समिति की आय में वृद्धि सुनिश्चित हुई। जिले की अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियां, जल संसाधनों की उपलब्धता तथा विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन मछली पालन को एक लोकप्रिय और लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित कर रहा है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है और विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रही है।

संजीवनी सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेके की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति द्वारा जिले में संचालित निजी संजीवनी सोनोग्राफी सेंटर के लाइसेंस नवीनीकरण हेतु निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति ने सेंटर में संचालित सोनोग्राफी मशीन, आवश्यक अभिलेख, पंजी संधारण, रिपोर्टिंग व्यवस्था तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट के समस्त मापदंडों का गहनता से परीक्षण किया। साथ ही नियमों के पालन, पारदर्शिता एवं भ्रूण लिंग परीक्षण पर रोक संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ. संजय बघेल, डॉ. नमन सांखला, जिला नोडल अधिकारी प्रतीक सोनी एवं जिला सलाहकार अंकित सिंह उपस्थित रहे।

कैलाश गिरी शिव मंदिर में दो दिवसीय भक्ति महोत्सव, पुण्यलाभ अर्जित करने आएंगे श्रद्धालु

14 को सुंदरकांड पाठ और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजधानी रायपुर के बसंत विहार कॉलोनी, गोंदवारा स्थिति कैलाश गिरी शिव मन्दिर परिसर एक बार फिर धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में रंगने जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, साधना और उत्सव का अद्भुत संगम दिखने को मिलेगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 14 फरवरी को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, वहीं 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में मंदिर समित के अध्यक्ष भास्कर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को लेकर समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों मे जुटे हुए हैं। कॉलोनीवासियों को घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे है। आयोजन समिति द्वारा अधिक-अधिक श्रद्धालुओं की सहभागित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कॉलोनीवासियों को घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे है। मंदिर समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि, वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सुंदरकांड पाठ एवं महाशिवरात्रि महोत्सव में सहभागिता करें और पुण्यलाभ अर्जित करें।

भक्तों को मिलेगा आध्यात्मिक और दिव्य वातावरण

महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, भजन-कीर्तन एवं महाआरती संपन्न होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं पर्व की गरिमा को ध्यान में रखते हुए मन्दिर परिसर में रंग-रोगन, साफ-सफाई एवं आकर्षक सजावट का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे भक्तों को आध्यात्मिक एवं दिव्य वातावरण का अनुभव प्राप्त हो सके।

न्यूज गैलरी

नक्सलवाद खात्मे को लेकर गृहमंत्री और मुख्यमंत्री अलग-अलग तारीख बता रहे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलवाद खात्मे की तिथि 31 दिसम्बर 2026 बताये जाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा नक्सलवाद खात्मे को लेकर क्या केंद्रीय गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री के बीच मतभेद है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नक्सलवाद खात्मे की डेड लाईन 31 मार्च 2026 बताते है, वही गृहमंत्री के साथ बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री मीडिया के सवालो का जवाब देते हुए कहते है, 31 दिसम्बर 2026 तक नक्सलवाद खत्म होगा। आखिर क्या चल रहा है इन दोनों प्रमुखों के बयान से जनता भ्रमित है।सच क्या है जनता जाना चाहती है। जनता केंद्रीय गृहमंत्री के बयान पर भरोसा करें या राज्य के मुखिया पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा पूरा प्रदेश चाहता है कि नक्सलवाद खत्म हो।इसकी ठोस रणनीति बने ताकि भविष्य में इस प्रकार से हिंसात्मक गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगे। फोर्स और सुरक्षा के जवान लगातार नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक कार्यवाही कर रहे है। लेकिन गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के बयान का विरोधभास संसय पैदा कर रहा है। क्या केंद्रीय गृहमंत्री हड़बड़ी में है, इसलिये 31 मार्च की बात कर रहे है और मुख्यमंत्री वास्तविकता को जान रहे है, इसलिये 31 दिसम्बर 2026 तक कि डेड लाईन बता रहे है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा नक्सलवाद खात्मे को लेकर मुख्यमंत्री को स्पस्ट जवाब जनता को देना चाहिए। नक्सलवाद के खिलाफ चलाये जा रहे मुहिम में पूरा प्रदेश एक साथ खड़ा हुआ है, लेकिन गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच समन्वय की कमी नजर आ रही जो दोनों के अलग-अलग बयान से झलक रहा है। ये प्रदेश के हित में नही है।

एनपीके खाद और पोटाश की कीमतों में वृद्धि, किसानों के हितों पर कुठाराघात

रायपुर/नवप्रदेश। एनपीके खाद और पोटाश की कीमतों में वृद्धि को किसानों के साथ अन्याय बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एक तरफ सरकार विगत दो वर्षों से धान के एमएसपी में वृद्धि का लाभ किसानों को नहीं दे रही है, तो वहीं दूसरी ओर खाद की कीमतों में लगातार वृद्धि कर रही है। एनपीके की कीमत 1,720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,900 रुपए और पोटाश की कीमत 1,500 से बढ़ाकर 1,800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया है, एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 रुपए प्रति बोरी बढ़ाया गया है, अर्थात 860 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ है, इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है, उत्पादन लागत लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों से छल कर रही है। यूरिया खाद में नाइट्रोजन की मात्रा 46 प्रतिशत से घटाकर 37 प्रतिशत कर दिया गया है, और इसमें 17 प्रतिशत सल्फर की मिलावट की जा रही है। पहले प्रति बैग यूरिया में लगभग 23 किलोग्राम नाइट्रोजन मिलता था, अब घटकर यह मात्र 15 किलोग्राम रह गया है, इसका मतलब साफ है कि प्रति किलोग्राम नाइट्रोजन उर्वरक खरीदने के लिए किसानों को पहले की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। अधिक सल्फर की मात्रा अनाज, दलहन और तिलहन के फसलों के लिए नुकसानदेह होगा। 50 किलो की बोरी के स्थान पर 40 किलो वजन का बैग बनाया जा रहा है, अर्थात बोरी का वजन और उसमें नाइट्रोजन की मात्रा दोनों घटाने के साथ ही अनुपयोगी गुणवत्ताहीन नैनो यूरिया थोपने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। किसानों के हिस्से के सब्सिडी वाले यूरिया का दुरुपयोग सत्ता के संरक्षण में उद्योगपतियों की फैक्ट्रियों में हो रहा है। भाजपा सरकार की किसान विरोधी फैसलों से कृषि और किसानों पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में जिला समन्वयक पदों पर भर्ती

रायपुर। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और नागरिकों तक सरकारी एवं निजी डिजिटल सेवाओं की सहज पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के चयनित जिलों में जिला समन्वयक पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सीएससी द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह नियुक्तियाँ दुर्ग, कांकेर, जशपुर एवं कोरबा जिलों के लिए की जाएंगी। प्रत्येक जिले के लिए पृथक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे तथा अभ्यर्थी को उसी जिले का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए वह आवेदन कर रहा है। जिला समन्वयक जिले में संचालित सीएससी ई-गवर्नेंस सेवाओं के संचालन, निगरानी एवं विस्तार के लिए उत्तरदायी होंगे। वे जिला प्रशासन, विभिन्न शासकीय विभागों, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर के अधिकारियों, फील्ड स्टाफ तथा वीएलई नेटवर्क के साथ समन्वय स्थापित कर डिजिटल सेवाओं एवं योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सेवा गुणवत्ता, लक्ष्य प्राप्ति तथा नियमित रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी भी उनके पास होगी। इस पद हेतु अभ्यर्थी का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना अनिवार्य है। तकनीकी योग्यता के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस में न्यूनतम 6 माह का डिप्लोमा अथवा NIELIT द्वारा जारी CCC प्रमाण पत्र आवश्यक है। अभ्यर्थी को कंप्यूटर, इंटरनेट, एमएस ऑफिस, ई-मेल, ऑनलाइन पोर्टल एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का व्यवहारिक ज्ञान होना चाहिए। अभ्यर्थी के पास न्यूनतम 2 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव होना चाहिए।

हॉर्नबिल दुनिया के सबसे आकर्षक और अनोखे पक्षियों में से एक

दुर्लभ हॉर्नबिल संरक्षण की विशेष पहल उदंती-सीतानदी में विकसित हो रहे उद्यान

- हॉर्नबिल को जंगल का किसान माना जाता है
- हॉर्नबिल दुनिया के सबसे आकर्षक और अनोखे पक्षियों में से एक
- अब ये पक्षी उदंती-सीतानदी की अनुकूल जलवायु और हरियाली के कारण यहां अधिक संख्या में दिखाई देने लगे।

रायपुर/नवप्रदेश। हॉर्नबिल दुनिया के सबसे आकर्षक और अनोखे पक्षियों में से एक हैं। इनका विशाल आकार, बड़ी चोंच, आकर्षक और रंगीन पंखुड़ियाँ और आमतौर पर शोरगुल भरा व्यवहार इन्हें हर जगह आसानी से पहचान दिलाते हैं। इनके घोंसला बनाने की विचित्र आदतें भी कई विशेषताओं में से एक हैं जो हॉर्नबिल को इतना दिलचस्प बनाती हैं। छत्तीसगढ के उदंती-सीतानदी में दुर्लभ मालाबार पाइड हॉर्नबिल पक्षियों के संरक्षण के लिए विशेष प्राकृतिक उद्यान विकसित किए जा रहे हैं, जिन्हें "हॉर्नबिल रेस्टोरेंट" के रूप में तैयार किया जाएगा।

हॉर्नबिल को जंगल का किसान मानते हुए उनके विलुप्त होने के जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक हैं कि हॉर्नबिल प्रजातियों के लिए घोंसलों की निगरानी, कृत्रिम घोंसले लगाने, अनुसंधान और स्थानीय समुदाय की भागीदारी के माध्यम से संरक्षण कार्य किया जाए। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहल कर रहा है। यह रेस्टोरेंट किसी प्रकार का कृत्रिम निर्माण नहीं होगा, बल्कि जंगल और आसपास के क्षेत्रों में फलदार वृक्षों का प्राकृतिक समूह विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत पीपल, बरगद तथा फाइकस प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे, जिनके फल हॉर्नबिल पक्षियों का प्रमुख आहार हैं। इस पहल का उद्देश्य इन पक्षियों को पूरे वर्ष प्राकृतिक भोजन उपलब्ध कराना और उनके सुरक्षित आवास को बढ़ावा देना है। हॉर्नबिल को घोंसला बनाने के लिए जरूरी पेड़ों को लगाने और उनकी निगरानी करने के प्रयास।

उदंती-सीतानदी का पहाड़ी क्षेत्र इनके के लिए उपयुक्त

उल्लेखनीय है कि सामान्यत: पश्चिमी घाट क्षेत्र में पाए जाने वाले ये पक्षी अब उदंती-सीतानदी की अनुकूल जलवायु और हरियाली के कारण यहां अधिक संख्या में दिखाई देने लगे हैं। पहले जहां इनका दर्शन कभी-कभार होता था, वहीं अब सप्ताह में दो से तीन बार इनकी उपस्थिति दर्ज की जा रही है। हॉर्नबिल पक्षियों को फॉरेस्ट इंजीनियर या जंगल का प्राकृतिक माली भी कहा जाता है, क्योंकि ये फल खाने के बाद बीजों को दूर-दूर तक फैलाते हैं, जिससे वनों का प्राकृतिक विस्तार होता है। समुद्र तल से लगभग 800 से 1000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित उदंती-सीतानदी का पहाड़ी क्षेत्र इन पक्षियों के लिए उपयुक्त आवास सिद्ध हो रहा है।

माशिमं के हेल्पलाइन नंबर पर स्कूली बच्चे कर रहे कॉल

एक्सपर्ट पैनल में शामिल संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन बच्चों की समस्या का कर रहे समाधान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की ओर से 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ होने वाली हैं। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं के मन से भय और अन्य दिक्कतों को दूर करने के लिए माशिमं ने हेल्प लाइन नंबर जारी किया है। इसमें छात्र-छात्राएं विषयवार तैयारी की जानकारी ले रहे हैं। विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी को लेकर हर तरह के सवाल पूछ रहे हैं। वहीं कुछ छात्र अपनी समस्याएं भी बता रहे हैं। एक्सपर्ट के इस पैनल में शामिल संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गोवर्धन भी बच्चों की शंकाओं का समाधान कर रहे हैं और उन्हें प्रोत्साहित भी। गोवर्धन ने बताया कि हेल्प लाइन नंबर पर बच्चों के साथ अभिभावकों के भी कॉल आ रहे हैं। कई बच्चों के यह सवाल होते हैं कि लास्ट ईयर के पेपर से कितना प्रश्न इस वर्ष आएगा। ऐसे में हम बच्चों को यह बताते हैं कि शायद कोई आ जाए, यह सोचकर पूरे प्रश्नों की तैयारी करो और फिर कोई नहीं आएगा, सोचकर भिन्न प्रश्नों की तैयारी अलग से कर लो। ऐसे में तुम्हें परेशानी नहीं होगी। हेल्प लाइन सेंटर में बैठे मनोवैज्ञानिक, डॉक्टर और शिक्षक परीक्षार्थियों की काउंसिलिंग कर उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। हेल्प लाइन पर खासतौर पर महासमुद, जांजगीर- चांपा, धमतरी, रायपुर, रायगढ़ और दुर्ग जिलों के 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राएं विषयों की तैयारी को लेकर ज्यादा सवाल पूछ रहे हैं। कई विद्यार्थी समय प्रबंधन, याद करने की तकनीक और परीक्षा के डर से जुड़े सवाल भी कर रहे हैं। छात्रों के इन प्रश्नों का जवाब मनोवैज्ञानिक और विषय विशेषज्ञ गंभीरता से दे रहे हैं। डेस्क में बैठे विशेषज्ञ न केवल विषय से जुडी समस्याओं और शंकाओं का समाधान कर रहे हैं, बल्कि छात्रों को तनाव से उबरने और आत्मविश्वास बढ़ाने का भी कार्य कर रहे हैं।

टीनएजर्स ने ली शपथ: खुद रहेंगे अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में मंगलवार, 10 फरवरी को '/राष्ट्रीय सुरक्षित इंटरनेट दिवस' पर कार्यशाला लगाई गई। स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने पावर पॉइंट के माध्यम से 11वीं और 12वीं के बच्चों के साथ शिक्षकों को इंटरनेट की व्यापक दुनिया में खुद को और अपने परिजनों को सुरक्षित रखने के तरीके बताए। इस अवसर पर टीनएजर्स ने साइबर क्राइम से खुद से अलर्ट रखने और दूसरो को जागरूक करने की शपथ ली। परितोष ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस यानी 'सेफर इंटरनेट डे' हर साल फरवरी के दूसरे मंगलवार को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों और वयस्कों को इंटरनेट के जिम्मेदार, सुरक्षित और स्मार्ट उपयोग के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष आयोजन की थीम एआई के 'स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग' पर आधारित है। उन्होंने सोशल मीडिया एकाउंट में मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की बात कही।

मधु वर्मा का घर का सपना हुआ साकार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना लक्ष्य पात्र शहरी और ग्रामीण गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। इस योजना के दो मुख्य घटक हैं पीएमएवाई-शहरी जिनके तहत बुनियादी सुविधाओं (पानी, बिजली, शौचालय) से लैस घर प्रदान किए जाते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 ने जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियों की नई किरण जगाई है। इसका जीवंत उदाहरण राजनांदगांव नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक-3 मोतीपुर में निवासरत श्रीमती मधु वर्मा हैं, जिनका वर्षों पुराना पक्का घर का सपना अब साकार हो गया है।

पति के निधन के बाद परिवार की संपूर्ण जिम्मेदारी श्रीमती मधु वर्मा के कंधों पर आ गई थी। दो बेटियों के पालन-पोषण हेतु वे एक निजी स्कूल में रसोईया के रूप में कार्य कर परिवार का भरण-पोषण कर रही थीं। किराए के मकान में रहते हुए आर्थिक तंगी और असुरक्षा की भावना उनके जीवन का हिस्सा बन चुकी थी। स्कूल में छुट्टियों के दौरान आय कम होने से समय पर किराया चुकाने की चिंता हमेशा बनी रहती थी। श्रीमती मधु वर्मा बताती हैं कि उन्हें अक्सर यह भय सताता था कि कहीं किराया समय पर न दे पाने की स्थिति में मकान मालिक मकान खाली करने के लिए न कह दिया जाए।

रामकृष्ण केयर में एबीओ-इनकम्पैटिबल पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट सफल

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ का पहला एबीओ-इनकम्पैटिबल पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया है। यह मामला न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत में दुर्लभ और अत्यंत चुनौतीपूर्ण मामलों में से एक माना जा रहा है, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ी प्रगति को दर्शाता है। डेढ़ वर्ष का यह बच्चा जन्म से ही पीलिया, पेट में पानी भरना, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त लिवर, संक्रमण तथा अत्यंत कम हीमोग्लोबिन जैसी समस्याओं से पीड़ित था। विस्तृत जांच एवं मूल्यांकन के बाद डॉक्टरों ने पहले संक्रमण को नियंत्रित किया और फिर लिवर ट्रांसप्लांट को बच्चे के जीवन को बचाने का एकमात्र विकल्प माना। दोनों माता-पिता लिवर दान करने के लिए तैयार थे, लेकिन रक्त समूह मेल न खाने के कारण सामान्य लिवर ट्रांसप्लांट संभव नहीं था। ऐसे में मेडिकल टीम ने एबीओ-इनकम्पैटिबल लिवर ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया, जो विशेष रूप से छोटे बच्चों में अत्यंत दुर्लभ और जोखिमपूर्ण प्रक्रिया मानी जाती है। इस केस की जटिलता इसलिए भी बढ़ गई क्योंकि बच्चे की रक्त नलिकाएं बेहद छोटी और नाजुक थीं, जिससे सर्जरी के दौरान पुनर्निर्माण एक बड़ी चुनौती थी। इसके बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उन्नत तकनीक और उच्च स्तरीय सर्जिकल कौशल के माध्यम से लैप्रोस्कोपिक तरीके से यह जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की, जिसमें पिता ने अपने लिवर का एक हिस्सा दान किया।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने केंद्रीय मंत्री खट्टर को सौंपा ज्ञापन

डिजिटल ट्रांजैक्शन शुल्क हटाने की उठी मांग

रायपुर/नवप्रदेश। 8 फरवरी 2026 को रायपुर के बेबीलोन इंटरनेशनल में आयोजित केंद्रीय बजट संवाद कार्यक्रम में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी से मुलाकात कर उन्हें व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही सवाल जवाब दौर में चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी एवं जसप्रीत सिंह सलूजा ने छोटे और मझोले दुकानदारों के लिए बैंकों की ब्याज दरों को कम करने की मांग।

स्वास्थ्य: मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर के हार्ट-चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग की एक और बड़ी सफलता

चाकू से कटी मुख्य धमनी, सबक्लेवियन आर्टरी को जोड़कर बचाया युवक का हाथ

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय (मेकाहारा), रायपुर के डॉक्टरों ने एक बार फिर जटिल और जानलेवा केस की जटिल एवं सफलतापूर्वक सर्जरी कर घायल मरीज के हाथ को कटने से बचाया। डॉक्टरों के अनुसार, यदि मरीज को समय पर इस प्रकार की जटिल शल्य-चिकित्सा की सुविधा नहीं मिलती तो मरीज के हाथ कटने की नौबत आ जाती और मरीज दिव्यांग हो जाता। हार्ट- चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में एक युवक के कंधे पर चाकू से हुए हमले में बुरी तरह क्षतिग्रस्त मुख्य रक्त नली (सबक्लेवियन आर्टरी) को जोड़कर डॉक्टरों की टीम ने न केवल मरीज की जान बचाई, बल्कि उसका हाथ कटने से भी बचा लिया। इस सर्जरी की एक और विशेष बात यह रही कि इसमें ऑर्थोपेडिक सर्जन भी शामिल रहे जिनकी मदद से कॉलर बोन को काटा गया एवं ऑपरेशन के बाद वापस प्लेट लगाकर जोड़ दिया गया। इस केस की विस्तृत जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष (हार्ट- चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी) डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि :- अम्बेडकर अस्पताल के ट्रॉमा यूनिट में 34 वर्षीय एक मरीज अत्यधिक रक्तस्त्राव और मरणासन्न अवस्था में लाया गया।

अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण सर्जरी

सबक्लेवियन आर्टरी की सर्जरी विशेष रूप से उसके दूसरे भाग में बेहद चुनौतीपूर्ण होती है, क्योंकि यह धमनी छाती के भीतर कॉलर बोन के पीछे स्थित रहती है। पट्टी हटाते ही अत्यधिक रक्तस्त्राव की आशंका बनी हुई थी, जिसके लिए वैस्कुलर कंट्रोल अत्यंत आवश्यक था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निर्णय लिया गया कि मरीज की कॉलर बोन को काटकर धमनी तक पहुंच बनाई जाए। कॉलर बोन को काटने के बाद पाया गया कि धमनी लगभग 3 सेमी तक पूरी तरह क्षत-विक्षत हो चुकी थी। इसे जोड़ने के लिए 7M30 मिमी. साइज का डेक्रॉन ग्राफ्ट लगाया गया। सर्जरी के दौरान लगभग 5 यूनिट रक्त चढ़ाया गया और करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाथ में पुन: रक्त प्रवाह शुरू हो सका। इस दौरान ब्रैकियल प्लेक्सस को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया, क्योंकि इसमें क्षति होने पर हाथ में स्थायी लकवे की संभावना रहती है। ऑपरेशन के बाद कॉलर बोन को प्लेट लगाकर वापस जोड़ दिया गया।

टोहेमेटा में एनीकट निर्माण के लिए 3.56 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर। राज्य शासन द्वारा गरियाबंद जिले के विकासखंड मैनपुर के ग्राम टोहेमेटा में एनीकट निर्माण कार्य के लिए 356.36 लाख (तीन करोड़ छप्पन लाख छत्तीस हजार रूपए) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रस्तावित एनीकट निर्माण से क्षेत्र में निस्तारी, पेयजल उपलब्धता तथा भू-जल संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा और कृषकों द्वारा लगभग 55 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित की जाएगी। परियोजना को वित्त एवं योजना विभाग की समिति द्वारा अनुशंसित किए जाने के पश्चात विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान किया गया है।

सुविचार

अगर आपको भेड़ की भीड़ के बीच छिपे भेड़िये को देखना है तो कभी अपनों से अपना हक मांग कर देखना

स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

संसद में बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती टकरार के कारण संसद का कामकाज लगातार बाधित होता रहा है। खासतौर पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने से मना करने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तलवारें खींच गई हैं। राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे की एक अप्रकाशित किताब पर बोलने चाहते थे लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें इस पर बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद से विपक्ष ने लोकसभा के भीतर और बाहर लगातार हंगामा किया और उस समय तो स्थिति और भी विकट हो गई जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बोलने से रोकने के लिए कांग्रेस की आठ महिला सांसदों ने अपने हाथों में एक बड़ा सा बैनर लेकर प्रधानमंत्री की कुर्सी को ही घेर लिया था। इसके जवाब में सत्ता पक्ष की महिला सांसद भी आगे बढ़ी थी। लेकिन भाजपा सांसदों ने उन्हें रोक दिया। ताकि लोकसभा में अप्रिय स्थिति निर्मित न हो पाये। स्थिति को भांप कर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा में आने से रोक दिया था। बाद में स्पीकर ओम बिरला ने यह बयान दिया कि यदि वे प्रधानमंत्री को आने से नहीं रोकते तो लोकसभा में उनके साथ अनुचित व्यवहार हो सकता था और सदन की गरिमा को ठेंस लग सकती थी। स्पीकर के इस बयान के बाद विपक्ष ने अब स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। स्पीकर पर विपक्ष के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा के महासचिव को दिया है। इस नोटिस में कहा गया है कि स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संसद में बोलने नहीं दिया और इस तरह विपक्ष की आवाज को बंद करने की कोशिश की गई है। इसलिए विपक्ष संविधान के अनुच्छेद 94-सी के तहत उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे रहा है। यह बात अलग है कि इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में खुद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हस्ताक्षर नहीं किये हैं। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस नोटिस में दस्तक किये हैं। इस नोटिस पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने हस्ताक्षर नहीं किये हैं। टीएमसी का कहना है कि जब वे मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहते थे तब कांग्रेस ने उनका साथ नहीं दिया था। इसलिए अब वे भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं करेंगें। बहरहाल स्पीकर ओम बिरला ने जब तक नोटिस मामले का निपटारा नहीं हो जाता तब तक नैतिकता के आधार पर आसंदी पर बैठने से इंकार कर दिया है। देखना होगा कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का क्या हश्र होता है।

नक्सलियों को गृह मंत्री की नसीहत

छत्तीसगढ़ प्रवास पर आये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर धूर नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र का दौरा किया और वहां आयोजित बस्तर पंडुम कार्यक्रम के समापन समारोह में सिरकत की। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर नक्सलियों को नसीहत दी कि वे हथियार डाल दें और विकास की मुख्यधारा में शामिल हो जायें। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार तय समय सीमा के भीतर नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। ताकि बस्तर का चहुमुखी विकास हो। उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्में के बाद पर्यटन गतिविधियां तेज होंगी और यहां के औद्योगिक विकास का मार्ग भी प्रसस्त होगा जिससे आदिवासी युवाओं को रोजगार मिलेगा। अमित शाह ने नक्सलवाद को शांति और विकास के मार्ग में एक बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि वामपंथी विचाारधारा खत्म होने के साथ ही नक्सलियो का भी खात्मा हो रहा है। अमित शाह के अनुसार नक्सलवाद पिछड़ेपन के कारण या कानून और व्यवस्था की ढिलाई के कारण नहीं बढ़ता है। यदि ऐसा होता तो देश में बस्तर के से भी ज्यादा कई पिछड़े क्षेत्र हैं और बस्तर से भी अधिक कई राज्यों में कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र में शांति की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के पहल की भी सराहना की और इस बात पर संतोष जाहिर किया कि साय सरकार ने नक्सलियों का आत्मसंमर्पण कराने के लिए जो नई नीति बनाई है उससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में नक्सली हथियार छोड़कर आत्मसर्मण कर रहे हैं जो बचे हुए नक्सली हैं वे भी हिंसा का रास्ता छोड़ दें।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ बिना मजबूरी का आदमी उस मजबूरी हालात को भी बिना मजबूरी का बना देगा। अपने परिवार के लिए, अपने संतानों के लिए, अपने राष्ट्र के लिए, मानवता के लिए वही आदमी कुछ कर सकता है जो स्वयं लाचार और मजबूर न हो। पहला कदम है खुद की लाचारी को, खुद की बेचारगी को, खुद की मजबूरी को मजबूर कर देना है–ये पहला कदम है। मजबूरी भी मजबूर हो जाए, लाचारी भी लाचार हो जाए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1613 - मुगल शासक जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत में कारखाना खोलने की अनुमति दी। 1814 - यूरोपीय देश नॉर्वे ने स्वतंत्रता की घोषणा की। 1826 - लंदन यूनिवर्सिटी की स्थापना 'यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन' के नाम से की गई।1919 - फ्रेडरिक एबर्ट जर्मनी के पहले राष्ट्रपति चुने गये। 1931 -भारतीय सिद्धांतकार, साहित्यिक आलोचक और उर्दू विद्वान गोपी चंद नारंग का जन्म। 1933 - गांधी जी के 'हरिजन वीकली' का प्रकाशन शुरू हुआ । 1942 - प्रसिद्ध समाजसेवी जमनालाल बजाज का निधन। 1944 - जर्मन सेना ने इटली के अप्रिलिया पर दोबारा क़ब्ज़ा किया। 1950 - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज राव इन्द्रजीत सिंह का जन्म। 1959 - भारतीय क्रिकेटर चीनू माकंड ने अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफदिल्ली में खेला। 1975 - मार्गरेट थैचर ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी की पहली महिला नेता चुनी गईं। 1987 - अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।

महेन्द्र तिवारी

इससे गलत व्याख्याओं और अफ़वाहों की संभावना भी बढ़ जाती है। अंततः यह प्रश्न बना रहता है कि समाधान क्या है। क्या बेहतर यह नहीं होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है। यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे।

जनरल नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा और दिल्ली पुलिस की जांच

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फ़ोर स्टार्स ऑफडेस्टिनी की पीडीएफकॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फ़िर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी।

यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम, और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी।

प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था। अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो



भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। परंतु यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फ़िर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफ़लता पर जोर था। यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है।

परंतु क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए। परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है। जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। प्रकाशक ने केवल इतना कहा कि पुस्तक अभी सार्वजनिक नहीं है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है।डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। एक बार यदि वह किसी रूप में बाहर आ गई, तो उसे नियंत्रित करना कठिन हो जाता है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फ़ाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के।

मुकेश ऋषि

जिसके चलते वह 'संन्यासी योद्धा' कहलाए, उन्होंने जन्मना जाति का विरोध किया और कर्म के आधार पर वर्ण-निर्धारण की बात कही, दयानंद दलितोद्धार के पक्षधर थे, उन्होंने स्त्रियों की षिक्षा के लिए प्रबल आंदोलन चलाया था, 9. एक बार लॉर्ड नार्थब्रुक ने स्वामी जी से कहा, "अपने व्याख्यान के प्रारम्भ में आप जो ईष्वर की प्रार्थना करते हैं, क्या उसमें आप अंग्रेजी सरकार के कल्याण की भी प्रार्थना कर सकेंगे,"गर्वनर जनरल की बात सुनकर स्वामी जी सहज ही सब कुछ समझ गए, उन्हें अंग्रेजी सरकार की बुद्धि पर तरस भी आया, जो उन्हें ठीक तरह नहीं समझ सकी, उन्होंने निर्भीकता और दृढ़ता से गवर्नर जनरल को उत्तर दिया- "मैं ऐसी किसी भी बात को स्वीकार नहीं कर सकता, मेरी स्पष्ट मान्यता है कि मैं अपने देषवासियों की निर्बाध प्रगति और हिन्दुस्तान को सम्माननीय स्थान प्रदान कराने के लिए परमात्मा के समक्ष प्रतिदिन यही प्रार्थना करता हूँ कि मेरे देषवासी विदेषी सता के चुंगल से षीघ्र मुक्त हों"।

आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती

स्वामी दयानंद सरस्वती माता गायत्री के महान भक्त, हिन्दी मिलाप समाचार पत्र के संपादक आनंद स्वामी के गुरू, आर्य समाज के संस्थापक, महान चिंतक, समाज-सुधारक और देशभक्त थे। शास्त्रों के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की दषमी तिथि पर आर्य समाज के संस्थापक और समाज-सुधारक महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती मनाई जाती है। स्वामी दयानंद सरस्वती के अनमोल विचार नुकसान से निपटने में सबसे जरूरी चीज है। उससे मिलने वाले सबक को नहीं भूलना चाहिए। वह अपको सही मायने में विजेता बनाता है। इंसान को दिया गया सबसे बड़ा संगीत यंत्र आवाज है। कोई मूल्य तब मूल्यवान है, जब मूल्य का मूल्य स्वंय के लिए मूल्यवान हो। आप दूसरों को बदलना चाहते हैं ताकि आप आजाद रह सकें। लेकिन ये कभी ऐसे काम नहीं करता। दूसरों को स्वीकार करिए और आप मुक्त हैं। गीत व्यक्ति के मर्म का आह्वान करने में मदद करता है और बिना गीत के मर्म को छूना मुश्किल है। अगर आप पर हमेशा ऊंगली उठाई जाती रहे तो आप भावनात्मक रूप से अधिक समय तक खड़े नहीं हो सकते। किसी भी रूप में प्रार्थना प्रभावी है; क्योंकि यह एक क्रिया है। इसलिए इसका परिणाम होगा। यह इस ब्रह्मांड का नियम है, जिसमें हम खुद को पाते हैं। वह अच्छा और बुद्धिमान है, जो हमेशा सच बोलता है। धर्म के अनुसार काम करता है और दूसरों को उत्तम

और प्रसन्न बनाने का प्रयास करता है। वर्तमान जीवन का कार्य अन्धविश्वास पर पूर्ण भरोसे से अधिक महत्वपूर्ण है। धन एक वस्तु है, जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है। इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती 12 फ़रवरी गुरूवार को इस साल मनाई जाएगी। स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फ़रवरी 1824 को गुजरात के टंकारा में हुआ था, मूल नक्षत्र में जन्म होने के कारण उनका नाम मूलशंकर रखा गया था। स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों के प्रकांड विद्वान स्वामी विरजानंद जी से शिक्षा ग्रहण की थी। स्वामी दयानंद सरस्वती ने बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने में अपना खास योगदान दिया है, उन्होंने वेदों को सर्वोच्च माना और वेदों का प्रमाण देते हुए हिंदू समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया, स्वामी दयानंद सरस्वती निर्भय होकर समाज में व्याप्त बुराईयों से लड़ते रहे और 'संन्यासी योद्धा' कहलाए, दयानंद सरस्वती ने 1875 में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी। आर्य समाज के द्वारा ही उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया। स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन से जुड़ी 10 बातें-उनके पिता का नाम करशनजी लालजी तिवारी और माता का नाम यशोदाबाई था, उनके पिता एक कर-कलेक्टर होने के साथ ब्राह्मण परिवार के एक अमीर, समृद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति थे, 2. दयानंद सरस्वती का असली नाम मूलषंकर था और उनका प्रारंभिक जीवन बहुत आराम से बीता, आगे चलकर एक पण्डित बनने के लिए वे संस्कृत, वेद, शास्त्रों व अन्य धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन में लग गए, 3. बचपन में शिवरात्रि के दिन स्वामी दयानंद का पूरा परिवार रात्रि जागरण के लिए एक मंदिर में रूका हुआ था, सारे परिवार के सो जाने के पश्चात भी वे जागते रहे कि भगवान शिव आयेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे, उन्होंने देखा कि शिवजी के लिए रखे भोग को चूहे खा रहे हैं, यह देख कर वे बहुत आश्चर्यचकित हुए और सोचने लगे कि जो ईश्वर स्वयं को चढ़ाने गये प्रसाद की रक्षा नहीं कर सकता वह मानवता की रक्षा क्या करेगा? इस बात पर उन्होंने अपने पिता से बहस की और तर्क दिया कि हमें ऐसे असहाय ईश्वर की उपासना नहीं करनी चाहिए, 4. स्वामी जी ने सिर्फहिंदू ही नहीं बल्कि ईसाई और इस्लाम धर्म में फैली बुराइयों का कड़ा खण्डन किया, उन्होंने अपने महाग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में सभी मतों में व्याप्त बुराइयों का खण्डन किया है, उन्होंने वेदों का प्रचार करने और उनकी महता लोगों को समझाने के लिए देश भर में भ्रमण किया, 5. स्वामी दयानंद सरस्वती हिंदी भाषा के प्रचारक थे, उनकी इच्छा थी कि कष्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश की एक भाषा हो, 6. उन्होंने 10 अप्रैल सन् 1875 ई. को मुंबई के गिरगांव में आर्य समाज की स्थापना की थी, आर्य समाज का आदर्श वाक्य हैः कृण्वन्तो विष्वमार्यम, जिसका अर्थ है-विश्व को आर्य बनाते चलो, आर्य समाज की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शरीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति है, आर्य समाज ने कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पैदा किए थे, आजादी से पहले आर्य समाज को क्रांतिकारियों का अड्डा कहा जाता था, 7. स्वामी दयानंद सरस्वती ने 'स्वराज' का नारा दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य तिलक ने आगे बढ़ाया, स्वामी जी अपने उपदेषों के जरिए युवाओं में देष प्रेम और देष की स्वतंत्रता के लिए मर मिटने की भावना पैदा करते थे। 8. महर्षि दयानंद ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों तथा अन्धविष्वासों और रूढ़ियों-बुराइयों को दूर करने के लिए, निर्भर होकर उन पर आक्रमण किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ज़िन्दगी भर की मशक्कत का सिला कुछ भी नहीं। है सफ़र आखिरी मुठ्ठी में रहा कुछ भी नहीं।। खूब शिद्दत से समेटी थी जहाँ की दौलत। मेरे हाथों में लकीरों के सिवा कुछ भी नहीं।। सिर्फ बदले में वफ़ा के हैं मुझे अश्क़ मिले। दिल के सौदे में हुआ मुझको नफ़ा कुछ भी नहीं।। मैने हर हाल में जीने का हुनर सीख लिया। अपनी तक़दीर से अब मुझको गिला कुछ भी नहीं।। इस क़दर ग़म में मुझे जलना पड़ा है कमल। जिस्म मेरी बची बाकी जिया कुछ भी नही।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो।

– कमलकांत डोंगरे

भारतीय न्यूज चैनल पाकिस्तान का नाम जितनी बार लेते हैं उतनी बार तो भगवान का नाम भी नहीं लेते। एक तरफ पाकिस्तान को भिखारी कहेंगे दूसरी तरफ बार बार उसे ही खबर बनाकर दिखाते रहेंगे।ऐसा लगता है भारत का कंपटीशन पाकिस्तान से ही है। **– दिव्या राकेश शर्मा**

तुम्हरे सुमिरन सब काज सधै गणनायक ज्ञान का पुष्प खिला दो । कर जोरि मनावहुं अर्ज सुनावहुं शारद आमिय मूरि पिला दो ।। गुणगान करूं अब तौं नितहीं रघुनायक भक्ति महेश दिला दो। अंजनि लाल सहाय बनो मुझ सेवक को अब राम मिला दो।। **– अजय मिश्रा अभिज्ञ**

गज़ब का तीर मारा है, निशांने पर रही सत्ता अनोखा खेल खेला है पलट डाला हरेक पत्ता जिसे मूरख समझते आप वो मूरख नहीं बिलकुल सभी कुछ जानती है देश की ये आम सी जनता ।

– संजय कुमार गिरि

खूबसूरत घरों में बन जाती है खूबसूरत औरतों की कब्रगाह करीने से सजे सामानों में दफ़्न हो जाती है तितलियाँ। कितनी ही प्रतिभाएं कैद है, फ़र्ज के ताले हर किसी से नही खुलते। तेरे माथे पे ये आँचल बहुत ही खूब है, पर इस आँचल से परचम बना लेती तो अच्छा था। पोछकर अश्क अपनी आंखो से, मुस्कराओ तो कोई बात बने। सर झुकाने से कुछ नही होगा, सर उठाओ तो कोई बात बने।।

– हेमा पांडेय

नदी पानी के लिए, पेड़ छाया और फ़्लोंके लिए, पंच तत्व जीवन शक्ति के आधार के लिए अहसान जताकर अपने हक की मांग करने लगें तो विनाश निश्चित हो जाएगा। शुक्र है हमारी नजर में वे जड़ पदार्थ हैं चेतन होते तो उनमें भी हम प्रवेश कर जातिवादी कीड़ा रोप देते और अपने अहंकार की पुष्टि करते।

– नवीन शंकर शर्मा

काँटों के बीच रहकर भी अपने व्यक्तित्व को गुलाब सा महका कर जीवन को सार्थक बनाइए। तुम्हारे लिए काफी है, तुम्ही तुम थे तुम्ही तुम हो तुम्ही तुम रहोगे... मुझमें हर पल तुम्हारी यादों की महक ही गुलाब की सी महकाती चहकाती काँटों के बीच रहकर भी जिंदगी को गुलाब सा खिला कर जीवन की सार्थकता सिखाती।

– रेनु शब्द मुखर

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा।

वृष -आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे।

कर्क -आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं।

सिंह -आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कागज पूरे न होने से कुछ देर के लिए रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा।

कन्या -आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले उसके बारे में पूरी जानकारी जरूर कर लें।

तुला -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

वृश्चिक -आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी।

धनु -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा।

मकर -आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा।

कुंभ -आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर व्यक्ति आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। आज आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे।

मीन -आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) कौन सा संस्थान कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने के लिए नया ऑप्टिकल सेंसर प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया है?

2) 2025 प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार का विजेता किस देश का वास्तुकार लियू जियाकुन है?

3) किस खगोलशास्त्री की रचना का नाम 'पंचसिद्धांतिका' था?

4) गोलान हाइट्स, जो खबरों में देखा गया था, एक सीरियाई क्षेत्र है जिस पर किस देश का कब्जा है?

5) दुर्लभ पक्षी स्कारलेट टेनजर हाल ही में किस देश में देखा गया?

उत्तरमाला- (1) इंस्टीट्यूट ऑफएडवांस स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गुवाहाटी (2) चीन (3) वराहमिहिर (4) इज़राइल (5) यूनाइटेड किंगडम

पहेली

शब्द सामर्थ्य -313

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 312 का हल

सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ दे रहे सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्य अभियंता

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में सड़कों के निर्माण एवं संधारण कार्यों का गुणवत्ता परीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सरगुजा के विकासखंड मैनपाट एवं बतौली में निर्माणाधीन तथा संधारणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने कहा कि निर्माण की प्रत्येक अवस्था में संबंधित अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता, परत की मोटाई, कम्पैक्शन तथा सड़क प्रोफाइल का परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रारंभिक स्तर पर ही त्रुटियों का सुधार संभव हो सके। साथ ही सभी गुणवत्ता परीक्षणों के अभिलेखों का विधिवत संधारण भी अनिवार्य रूप से किया जाए। विकासखंड बतौली अंतर्गत सल्याडीह से टिकरापारा मार्ग (लंबाई 1.5 किमी) के निरीक्षण के दौरान प्रगतिरत डब्लूएमएम कार्य में लगभग 600 मीटर लंबाई में तकनीकी सुधार की आवश्यकता पाई गई। इस पर मुख्य अभियंता ने संबंधित हिस्से को स्कारिफाई कर निर्धारित कैम्बर एवं प्रोफाइल के अनुरूप नवीन डब्लूएमएम सामग्री से पुन: निर्माण कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि संबंधित उप अभियंता के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर आवश्यक स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा ने कहा कि

सड़क निर्माण कार्य सीधे ग्रामीणों के जनजीवन से जुड़ा है। अत: निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा संधारणाधीन सड़कों के नियमित रख-रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। गुणवत्ता में कमी या मानकों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित ठेकेदार एवं उत्तरदायी अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

मेंटेनेंस कार्यों की भी समीक्षा

मुख्य अभियंता ने विकासखंड बतौली अंतर्गत बतौली बगीचा मार्ग से बॉसझाल मार्ग के संधारण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बतौली बगीचा मार्ग से स्कूलपारा मार्ग में निर्धारित मेंटेनेंस कार्य नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए सड़क की संधारण अवधि में छह माह की वृद्धि कर आवश्यक रख-रखाव कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

न्यूज गैलरी

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सामूहिक दवा सेवन अभियान का हुआ शुभारंभ

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में मंगलवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, नगर निगम अंबिकापुर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शहरी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम, शहरी सुपरवाइजर अनिल कुमार पांडे, धनेश प्रताप सिंह सहित अस्पताल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाएं एल्बेंडाजोल, डी.ई.सी. एवं इवरमेक्टिन का सेवन कर लोगों को दवा सेवन करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई एवं दवा सेवन करने अपील की गई। इस अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र अंबिकापुर में कुल 300 टीमों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बूथ स्थापित कर दवा वितरण किया जा रहा है। बता दें अभियान अंतर्गत 10, 11 एवं 12 फरवरी 2026 को बूथों के माध्यम से दवा सेवन कराया जाएगा। 13 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक दवा प्रशासकों द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। वहीं 24 एवं 25 फरवरी 2026 को छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा।

क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

मुंगेली/नवप्रदेश। क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत खेल प्रतिभाओं को खेलवृत्ति प्रदान करने हेतु खेलवृत्ति वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन 16 फरवरी तक आमंत्रित किए गए हैं। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिमा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी।ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड तथा नेशनल गेम्स में शामिल खेलों की राष्ट्रीय खेल एवं राष्ट्रीय चौंपियनशिप में सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेलवृत्ति का लाभ मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी कक्ष क्रमांक 241 के साथ ही आवेदन पत्र के प्रारूप सहित अन्य जानकारी के लिए का अवलोकन कर सकते हैं।

एग्रीस्टैक परियोजना के तहत किसान आईडी बनवाना अनिवार्य

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अंतर्गत एग्रीस्टैक परियोजना के माध्यम से देशभर में किसानों के हित में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत सभी कृषि भूमिधारकों के लिए फार्मर लैंड आईडी एवं किसान पहचान पत्र तैयार किया जाना अनिवार्य है, ताकि किसानों को शासन की योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ मिल सके। इसी तारतम्य में शेष किसानों के पंजीयन को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के उद्देश्य से 28 फरवरी तक ग्राम स्तर पर विशेष पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कुल 93 हजार 696 लाभार्थी कृषकों में से अब तक 78 हजार 503 किसानों का पंजीयन पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 15 हजार 193 किसानों का पंजीयन अभी शेष है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का भुगतान केवल उन्हीं किसानों को किया जाएगा।

पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

जांजगीर चापा/नवप्रदेश। बम्हनीडीह ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पोड़ीशंकर चौक में चांपा - बिर्रा मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में बनडभरा निवासी तरुण बंजारे की मौत हो गई युवक मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई ।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जाजंगीर-चाम्पा (छ.ग.)

निविदा सूचना क्र. 71/व.ले.लि./2025-26 — दि. 04.02.2026

मैन्युअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्यूअल पद्धति से कार्य कराये जाने हेतु कार्यालयीन समय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 17.02.2026 (5:30 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 19.02.2026 (5:30 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 20.02.2026 (12:00 बजे तक)

स.क.	समूह क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4
01	01	चांपा स्थित जगदल्ला कॉलोनी में भवनों का मरम्मत कार्य।	रू. 9.99 लाख
02	02	चांपा स्थित उपसंभागीय भवन का मरम्मत कार्य एवं सौन्दर्यीकरण।	रू. 9.95 लाख
03	03	उपसंभागीय कार्यालय बम्हनीडीह एवं स्टॉफ क्वार्टर का मरम्मत एवं बम्हनीडीह कॉलोनी का निर्माण कार्य।	रू. 9.84 लाख

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यालयीन अवधि में **कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जाजंगीर-चाम्पा (छ.ग.)** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जाजंगीर-चाम्पा (छ.ग.)
जी- 252606598/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायगढ़ (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 17/ तशा./ का.अभि./ लोस्वायाँ. / — रायगढ़, दिनांक 10.02.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से रायगढ़ जिले अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डों में स्त्रोत निर्माण हेतु नलकूप खनन एवं अन्य संबंधित कार्य हेतु अलग-अलग मुहर बंद निविदाएँ प्रतिशत दर पर प्रपत्र "ए" में एकल पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत E-Registration in PWD में "डी" श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शाये समय सारिणी एवं विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ केवल रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी तथा ठेकेदारों / उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहें, खोली जावेगी। इस कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जारी नलकूपों के निर्माण एवं संबंधित कार्यो के लिये नवीन एकीकृत दर अनुसूची जो दिनांक 01 जून 2020 (अद्यतन समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील है एवं प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (छ.ग.) रायपुर के निमार्ण संबंधित प्रचलित दर अनुसार सी.एस.आर. जो कि दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित है, इस निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधनों के सहित लागु होगा।

1.0 समय सारिणी :
1.1 निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 05.03.2026 सायं 5.00 बजे तक
1.2 कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि - 09.03.2026 सायं 5.00 बजे तक
1.3 निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि / समय (केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक) - 12.03.2026 सायं 5.00 बजे तक
1.4 निविदा खोलने की अंतिम तिथि / समय - 13.03.2026 सुबह 11.30 बजे से
1.5 कार्य पूर्ण करने की अवधि - 15 दिवस
1.6 निविदा प्रपत्र का मूल्य - रू. 750/-

2.0 कार्य का विवरण- रायगढ़ जिले अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डो के ग्रामों में स्त्रोत निर्माण हेतु नलकूप खनन एवं अन्य संबंधित कार्य (सामग्री सहित) (डिपोजिट मद-खनिज न्यास संस्थान)।

क्र.	विकासखण्ड	नलकूप खनन कार्य की संख्या	नलकूप खनन की गहराईं	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर राशि (रू. में)
1	रायगढ़	4	150 मि.मी.	6.28	4700/-
2	खरसिया	5	150 मि.मी.	7.85	5900/-
3	घरघोड़ा	4	130 मि.मी.	6.21	4700/-
4	लैलूंगा	7	130 मि.मी.	10.86	8200/-
5	तमनार	7	180 मि.मी.	12.60	9500/-

यह निविदा मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
रायगढ़ (छ.ग.)
जी- 252606616/3

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/684 — Korba West, dtd. 10-02-2026
(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1392/2025.

Online tenders are invited from experienced & prospective Firms for the following Works/Supply :

S. No	Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	Rfx No. 8100049393	Procurement of High Chrome Steel Conical Impellers of Coal Burners of ABL Boilers of Unit Nos. 3 & 4, HTPS, Korba West.	590/-	14,440/-	06.03.2026
2.	Rfx No. 8100049336	Assistance in Office Computer Work for ACE (Renovation), HTPS, Korba West.	590/-	5,513/-	02.03.2026
3.	Rfx No. 8100049396	Assistance in day to day Office Work at O/o ACE (Renovation), HTPS, Korba West.	590/-	4,605/-	03.03.2026

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal 2. Quantity as per tender schedule.3.**Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only. S- 46862/2

SUPERINTENDING ENGINEER (C) O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 790/वाहन/2025 — दिनांक 09.02.2026

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु वाहन चालक (सीवर सक्शन / जेटिंग मशीन), हेल्पर (वाहन) प्रदाय करने के लिए निविदाकारों से फार्म "बी" ई-प्रोक्युरमेंट (E-Tendring) के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न सीवर सक्शन / जेटिंग मशीनों के संचालन हेतु वाहन चालक एवं वाहन हेल्पर प्रदाय करने बाबत। (निगम मद) (द्वितीय निविदा)	47.96	25.02.2026 (T.NO. 185291)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ (छ.ग.)
phone 07762-224426 (o), 07762-222178 (R), 07762-226047 (F)
E-mail: dfo-raigarh.cg@gov.in

संक्षिप्त निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ के परिक्षेत्र रायगढ़ में गजमार पहाड़ कक्ष क्रमांक 1010 आर.एफ. में ईको पार्क निर्माण कार्य के लिए विभिन्न सामग्री क्रय हेतु निविदा दिनांक 05.03.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में रखे बॉक्स में डालने हेतु वनमंडल कार्यालय रायगढ़ में आमंत्रित की जाती है।

निविदा का प्रकार	प्रथम निविदा दिनांक	द्वितीय निविदा दिनांक	तृतीय निविदा दिनांक
ईको पार्क निर्माण कार्य के लिए विभिन्न सामग्री क्रय	05.03.2026	19.03.2026	26.03.2026

निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में सूचना प्रकाशन दिनांक से दिनांक 05.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक रूपये 500/- का डिमांड ड्राफ्ट / नगद शुल्क जो वनमंडलाधिकारी, रायगढ़ वनमंडल रायगढ़ के पक्ष में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। **प्राप्त निविदा दिनांक 05. 03.2026 को सायं 4.00 बजे** उपस्थित निविदाकारो / अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

अधिक जानकारी के लिये www.cgforest.com बेव साईट का अवलोकन करें ।

वनमण्डलाधिकारी
रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़
जी- 252606577/2

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)
(फौव्वारा चौक, पुराना जिला चिकित्सालय भवन, बालोद)
Email : dam.balod@gmail.com, cmobalod@gmail.com,

क्रमांक/NHM/निविदा/2025-26/1677 — बालोद, दिनांक 10/02/2026

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

उपरोक्तानुसार लेख है, कि जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला बालोद अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के तहत आवश्यक सामग्री Gem Portal के माध्यम से व्यवस्थापन किया जाना है। जिस हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। विवरण निम्नानुसार हैं :-

क्रं.	विवरण	बिड नम्बर / समाप्ति दिनांक
01	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला-बालोद अंतर्गत जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (JSSK) अंतर्गत JSSK Drugs आपूर्ति हेतु Gem Portal के माध्यम से निविदा।	Bid No.-GEM/2026/B/7126659 Bid Start Date- 30.01.2026 Bid End Date- 20.02.2026
02	District Early Intervention Center (DEIC) जिला-बालोद हेतु आवश्यक सामग्री Gem Portal के माध्यम से व्यवस्थापन किया जाना है, जिस हेतु Gem Portal के माध्यम से निविदा।	Bid No.- GEM/2026/B/7185810 Bid Start Date- 07.02.2026 Bid End Date-28.02.2026

इच्छुक फर्म/संस्था इत्यादि के द्वारा निविदा फार्म, नियम एवं शर्ते इत्यादि जिले की वेबसाईट www.balod.gov.in से डाउनलोड कर अवलोकन करते हुए GeM Portal के माध्यम से निविदा प्रस्तुत किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)
संवाद - 46868/2

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.) फोन नं.-07740-252273
// अल्पकालीन ई-निविदा सूचना //

निविदा विज्ञप्ति क्र. -15 — **दिनांक- 11.02.2026**

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा के निम्न इंश्योरेंस पालिसी का नवीनीकरण किया जाना है। निविदा प्रपत्र में दर्शित पालिसीयों का प्रीमियम दर पृथक-पृथक दर में एल-1 नहीं माना जायेगा, एकमुश्त दर में एल-1 माना जायेगा।

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1	**ई-निविदा क्रमांक - 185396** All Insurance Policy S.No. **1** To **14** विभिन्न इंश्योरेंस पालिसी का नवीनीकरण कराये जाने हेतु ।	दिनांक 12/02/2026 समय दोपहर 12:00 बजे से 18/02/2026 को समय दोपहर 02:30 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 18/02/2026 समय दोपहर 03:00 बजे

उपरोक्त बीमा पालिसी नवीनीकरण हेतु इच्छुक भारत सरकार द्वारा संचालित उपक्रम इंश्योरेंस कंपनियों से न्यूनतम दर आमंत्रित किया जाता है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा शर्तो के लिए कारखाने की वेबसाइड WWW.bssukm.co.in का अवलोकन करे एवं फार्म राशि 811/- रू (500/- रु. + 311/-रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना अनिवार्य है। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का संपूर्ण अधिकार कारखाना प्रबंधन को होगा।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
NIT NO. 29 /2025-26 (प्रथम आमंत्रण)

ज्ञा.क्र. 7819/ टेण्डर/वलेलि / ग्रा.यां. सेवा/2026 — बिलासपुर दिनांक 09-02.26

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण हेतु जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 24.02.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्रमांक	कार्य का नाम / स्थान	वि.ख.	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
184408	जोनल निविदा विकासखंड कोटा अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य यथा रोड भवन नाली आदि प्रत्येक कार्य रू. 30.00 लाख के अन्तर्गत	कोटा	100.00
184410	जोनल निविदा विकासखंड तखतपुर अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य यथा रोड भवन नाली आदि प्रत्येक कार्य रू. 30.00 लाख के अन्तर्गत	तखतपुर	100.00
184411	जोनल निविदा विकासखंड मस्तूरी अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य यथा रोड भवन नाली आदि प्रत्येक कार्य रू. 30.00 लाख के अन्तर्गत	मस्तूरी	100.00

टीप:- निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बिलासपुर
जी- 252606591/7

केनरा बैंक Canara Bank — Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी तिथि 27/02/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 27/02/2026 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 26/02/2026, ईएमडी जमा एवं ई-नीलामी की तिथि: 27/02/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
श्रीमती अंबाती अरुणा राव पत्नी अंबाती चंद्र शेखर राव एवं अंबाती चंद्र शेखर राव पुत्र अंबाती वैंकट कुमार मूर्ति, वार्ड नं. 1, शंकर नगर, सिटी मोर्चरी के पीछे महासमुंद, (छ.ग.) 493445	प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मचेवा में, पीसी नं. 41 आर.आई.सी. तहसील एवं जिला- महासमुंद (छ.ग.) क्षेत्रफल 402.85 वर्ग फुट में स्थित मकान नं. ईडब्ल्यूएस/बीएल-05/ एसएफ-202.	24/10/2024 07/01/2025 ₹ 6,90,173.91 11.02.2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 4,69,000/- ₹ 46,900/- ₹ 10,000/-	Mr. Yogesh Ranga (Mo. 8468998989) Mahasamund Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005262 Email:cb5262@canarabank.com
श्री कय्युम खान पुत्र- साबित खान, वार्ड नं. 26, शराफ चाल के पास, तहसील रोड, चाम्पा (छ.ग.) 495671	खसरा नं. 416/2, ग्राम- महुदा, प.ह.नं. 01, आर.एन.एम. एवं तहसील- चाम्पा, जिला- जांजगीर-चाम्पा, क्षेत्रफल 5232 वर्गफीट में स्थित परिवर्तित भूमि । **चौहद्दीः पूर्व-** रास्ता, **उत्तर-** मंजु की बचत भूमि, **पश्चिम-** महेश्वर की भूमि, **दक्षिण-** जगराम की भूमि ।	01/03/2025 17/05/2025 ₹ 13,12,524.05 11.02.2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 16,41,000/- ₹ 1,64,100/- ₹ 10,000/-	Mr. Ujjawal Prakash Dewangan (Mo. 9516009443) Champa Branch A/c. No. 209272946 CNRB0004306 Email:cb4306@canarabank.com
1. **मेसर्स सत्या एग्रो, प्रो. रिया जैन**, दुकान नं. 2, नेचर सिटी के सामने, सकरी मुंगेली रोड, उसलापुर, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 2. **रिया जैन पुत्री- सुनील कुमार**, पुष्पुंज भारती नगर, अयाब मजीद, बिलासपुर (छ.ग.) 495001	खसरा नं. 532/1, क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट= 185.873 वर्ग मीटर, उत्परिवर्तन के बाद, नया खसरा नं. 532/26, प.ह.नं. 28/04, मौजा- सीपत, महल नंबर- 03, आरएनएम एवं ब्लॉक- मस्तूरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) **चौहद्दीः पूर्व-** निस्तारी रास्ता, **उत्तर-** शासकीय भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता की भूमि, **पश्चिम-** विक्रेता की भूमि ।	10/01/2025 25/03/2025 ₹ 21,31,520.40 11.02.2026 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 10,26,000/- ₹ 1,02,600/- ₹ 10,000/-	Mr. Nirbash Sahu (Mo. 9516009439) Vyapar Vihar, Bilaspur Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005979 Email:cb5979@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी **"जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.bankeauctions.com** के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 11.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि **(EMD)** आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक** के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक **27/02/2026** को सुबह 11.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल **www.bankeauctions.com** में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को **दिनांक 27/02/2026** को सुबह 11.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। **अ.** ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। **ब.** पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। **स.** इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। **द.** इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रकिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें **eauction@ccsl.co.in** अथवा सर्विस प्रदाता **M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in** पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 12/02/2026 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 11.11.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

डीजे की तेज शोरगुल से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित, अभिभावकों ने अंकुश लगाने की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। कुछ दिनों बाद 10 वीं व 12 वीं कक्षाओं की पेपर चालू होने वाला है छत्तीसगढ़ में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शादी-विवाह व अन्य आयोजनों में तेज आवाज में बजने वाले डीजे से छात्रों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। रात के 10 बजे के बाद भी डीजे के शोर के कारण स्टूडेंट्स का ध्यान भटक रहा है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। तेज आवाज से छात्रों को नींद न आने और ध्यान केंद्रित न कर पाने की शिकायतें आ रही हैं, जिससे परीक्षा परिणाम व भविष्य पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। देर रात तक तेज संगीत के कारण स्थानीय निवासी और छात्र दोनों परेशान हैं। ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इसी क्रम में एसडीएम अजय शतरंज ने डीजे संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि स्कूल, अस्पताल सहित अन्य साइलेंट जोन क्षेत्रों में डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा की तैयारी प्रभावित न हो, इसके लिए नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण पर नाराजगी जताई है और जुर्माने के साथ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत ऐसे उपकरण को जप्त करने का-सख्त निर्देश जारी किया है। कार्यक्रम संचालक और डीजे मालिक कायदा कानून मानने को तैयार ही नहीं होते ये नियमों को ताक में रखते हुए ऊंची आवाज में बाजे बजाते हैं। अक्सर आवाज कम करने को कहने पर बड़ा विवाद हो जाता है। जहां समारोह हो रहा होता है वहां के आसपास के लोगों का ध्यान रखना चाहिए कि उन पर तेज आवाज कितना प्रभावित करती होगी। यहां तक लोग मंदिर के शांत माहौल में भी उत्सव के नाम पर देर तक बैंड-बाजे बजाते रहते है, जिससे आस-पास के लोगो को भी परेशानी होती है जिससे किसी को कोई परेशानी न हों। तेज आवाज बुजुर्ग, रोगी व्यक्ति ही नहीं अपितु मवेशी, कुत्ते, बिल्ली, पक्षियों सहित अन्य जीव जंतू को भी प्रभावित करता है। जीव जंतु फ्टाके, डीजे की तेज शोरगुल से दहशत में रहते हैं कई तो तेज आवाज को बर्दाश्त नहीं कर पाते इनके असमय मौत हो जाती है। कुत्ते, बिल्ली, पंक्षियों को पालने वालों ने बताया कि ये जीव तेज आवाज से डरकर यहां वहां जाकर छिपते हैं इधर अभिभावकों ने कहा कि अपने बच्चों को सालभर अच्छे पढ़ाई के लिए भारी भरकम खर्च कर पूरी तैयारी कराते हैं, प्रोत्साहित करते हैं ताकि उनके बच्चे परीक्षा में बेहतर परिणाम ला सकें लेकिन तेज आवाज बच्चों की पढ़ाई में खलल डाल रही है। वहीं लोगों ने कहा कि इसकी शिकायत समीप के थाने में की जाती है लेकिन पुलिस ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते कभी कार्यवाही की जाती है तो पुलिस वाले खुद सूचना देने वाले का नाम जाहिर कर देती है जबकि पुलिस को सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखना होता है।

साइलेंट जोन में डीजे पूर्णत: प्रतिबंधित, उल्लंघन पर कार्रवाई

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर प्रशासन ने बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए साइलेंट जोन क्षेत्रों में डीजे पर सख्ती के निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम अजय शतरंज ने डीजे संचालकों की बैठक लेकर स्पष्ट किया कि स्कूल, अस्पताल व अन्य साइलेंट जोन में डीजे बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आवागमन मार्गों पर डीजे बजाते हुए वाहन चलाना भी वर्जित किया गया है।

न्यूज गैलरी

शराब के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट की, दो गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। बलौदा पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे मांगने और विरोध पर मारपीट के आरोप में गोपी पाटले (30) व जग्गू पाटले (24) निवासी बुचीहरदी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। निकेश कुमार सुमन ने 6 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई कि दोनों ने गांव में पैसे मांगे, मना करने पर पुरानी रंजिश बताकर गालियां दीं, धमकी दी और हमला कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दोनों को पकड़ लिया।

स्वस्थ्य पंचायत सम्मेलन में 110 आवेदन मिले

अंबिकापुर/नवप्रदेश। विकासखंड शंकरगढ़ अंतर्गत जनपद पंचायत शंकरगढ़ में स्वस्थ्य पंचायत सम्मेलन व मितानिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और हितग्राहियों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। सम्मेलन के दौरान गांवों से आए हितग्राहियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं मंच के माध्यम से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। विधायक ने समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान 110 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें जनपद पंचायत से संबंधित 60, आंगनबाड़ी से 4, नल-जल योजना से 29, बिजली विभाग से 11 और स्वास्थ्य विभाग से 6 आवेदन शामिल थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा रहीं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पंचायत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब प्रशासन, जनप्रतिनिधि और आमजन मिलकर कार्य करेंगे। जनपद पंचायत अध्यक्ष चिंतामणि भगत, जनपद उपाध्यक्ष प्रियंबदा सिंहदेव, विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप, जनपद सदस्य मंजू राजेश अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष व महामंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नगरपालिका परिषद पेंड्रा को मिला 'बाल विवाह मुक्त' पुरस्कार

पेंड्रा/नवप्रदेश। पेंड्रा नगरीय क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से एक भी बाल विवाह नहीं होने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए नगरपालिका परिषद पेंड्रा को 'बाल विवाह मुक्त' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अरपा महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष राकेश जालान को प्रदान किया गया। इस अवसर पर मरवाही विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष समीर पेकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगरपालिका परिषद पेंड्रा द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु लगातार जागरूकता अभियान, विद्यालयों में परामर्श कार्यक्रम, सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय एवं वार्ड स्तर पर निगरानी जैसी प्रभावी पहल की गई। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले दो वर्षों से पेंड्रा नगरीय क्षेत्र में एक भी बाल विवाह दर्ज नहीं हुआ है, जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात अध्यक्ष श्री राकेश जालान ने कहा कि यह पुरस्कार पूरी टीम, जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह प्रशस्ति पत्र आगे भी समाज हित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जनभागीदारी ही सबसे बड़ी ताकत है। नगरपालिका परिषद पेंड्रा भविष्य में भी बाल संरक्षण एवं समाज सुधार के कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखेगी।

निधन

संजय पटेल

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सुरदा निवासी संजय पटेल का 50 वर्ष की उम्र में 7 फरवरी को निधन हो गया। वे गोचंद, रामअवतार एवं रामस्वरूप के भाई व मोनिका, ज्योति, महिमा जितेन्द्र के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सुरदा में किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजन एवं नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में योजनाओं की समीक्षा की गुणवत्ता व लक्ष्यपूर्ति पर दिया जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की गहन समीक्षा की और लक्ष्यानुरूप प्रगति लाने निर्देशित किया।

उन्होने शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, आधार पंजीयन एवं बायोमैट्रिक अपडेट की प्रगति पर विस्तार से चर्चा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने डीईओ, बीईओ एवं बीआरसी को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए नियमित मॉनिटरिंग करने एवं समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही बीईओ एवं बीआरसी को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनवाए जाएं, ताकि शिविरों के माध्यम से बच्चों का आधार कार्ड तैयार किया जा सके। उन्होंने सचिवों के माध्यम से ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जंगल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत बच्चों को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कोई भी पात्र बच्चा छूटने न पाए। उन्होने बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी से नवीन भवन निर्माण से संबंधित जानकारी ली और केंद्रीय विद्यालय हेतु भूमि आबंटन की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान ÷मोर आधार मोर पहचान÷ शिविरों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन बच्चों का आधार कार्ड बन चुका है लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उनका मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आधार शिविरों के माध्यम से आभा आईडी भी समानांतर रूप से बनाए जाने पर जोर दिया।

योजनाओं में तेजी लाने पर कलेक्टर ने जताई गंभीरता

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, आयुष्मान भारत और वय वंदना कार्ड की प्रगति पर बल दिया। पीएम जनमन आवास योजना और पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए नियमित मॉनिटरिंग और शत-प्रतिशत लाभार्थी पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने सुनी आमजनों की जनदर्शन में समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जनदर्शन कार्यक्रम में एसडीएम रेखा चंद्रा ने जनदर्शन में उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। जनदर्शन के दौरान कुल 90 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला योजना, सौर सुजला योजना, विद्युत कनेक्शन, आधार कार्ड, भूमि से संबंधित दस्तावेज, तथा जल जीवन मिशन से जुड़ी मांगें प्रमुख रहीं। जनदर्शन में ग्राम पालचुवा की नंदरानी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर प्रदान करने, ग्राम कोलहाडीह की सावित्री बाई बारमते ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण कराने, तथा ग्राम पतालकुंडी की कौशिल्या घृतलहरे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इसी प्रकार ग्राम कौहाबांधा के देवीलाल ने सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित कराने, ग्राम पतालकुंडी के विनोद टंडन ने अपनी भूमि की नई पर्ची बनवाने, ग्राम लालपुर के देवानंद सोनवानी ने आधार कार्ड बनवाने, ग्राम चलान के लालजी गुप्ता ने स्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा ग्राम केशलीखुर्द के नरोत्तम यादव ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम रेखा चंद्रा ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को नियमानुसार त्वरित कार्यवाही एवं निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनदर्शन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम

मुंगेली/नवप्रदेश। देश को 2030 तक फाइलेरिया (हाथी पांव) जैसी गंभीर बीमारी मुक्त बनाने के उद्देश्य से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी नागरिकों को डी.ई.सी., एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन दवा का संयुक्त रूप से सेवन कराया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो पहुंचकर विद्यार्थियों को दवा सेवन कराया।

उन्होंने बच्चों को 90 प्लस शिक्षा गुणवत्ता अभियान की जानकारी देते हुए बेहतर पढ़ाई कर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय भी मौजूद रहे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के शिक्षक, विद्यार्थी सहित 300 से अधिक लोगों ने डी.ई.सी., एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन की दवा सेवन किया। जिले में आज 01 लाख 06 हजार 300 से अधिक लोगों को दवा सेवन कराया गया। उन्होने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड में 660 बूथ, लोरमी विकासखण्ड में 560 बूथ और पथरिया विकासखण्ड में 400 बूथ सहित कुल 01 हजार 620 बूथ बनाए गए हैं। जिले में 01 हजार 790 दल के 03 हजार 580 से अधिक सदस्यों द्वारा दवा सेवन कराया जा रहा है।

बजट महिलाओं के स्वरोजगार और शिक्षा के लिए लाभप्रद

मुंगेली/नवप्रदेश। महिला मोर्चा द्वारा केंद्रीय बजट पर महिला संवाद कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व प्रचलित कर किया गया।

स्वागत भाषण व कार्यक्रम की जानकारी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजना दास द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के प्रभारी एवं प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनीता डहरिया द्वारा कहा गया कि केंद्रीय बजट महिलाओं को आगे बढ़ाने, स्वरोजगार देने के लिए बहुत ही सार्थक साबित होगा। विधायक मोहले ने कहा कि यह बजट देश के सर्वांगीण विकास के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में इस बजट की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है छात्राओं को पढ़ाई को प्रोत्साहन देने के लिए निःशुल्क पाठ्य सामग्री, सरस्वती साइकिल योजना वितरण योजना संचालित है जो अत्यंत लाभप्रद है। .जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने इस बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुनीता साहू द्वारा किया गया।

लंबित मांगों पर अनिश्चित कालीन हड़ताल का ऐलान

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने अपने वर्षो पुरानी मांगो को पूरा कराने उप मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा व प्रशासनिक अधिकारियों से बारम्बार मुलाकात कर समस्त मनरेगा कर्मियों के नियमितिकरण, ग्राम रोजगार सहायकों के ग्रेड पे निर्धारण व तत्काल मानव संसाधन नीति लागू करने हेतु सैकड़ो बार ज्ञापन सौंपा। मनरेगा योजना में 20 वर्ष से अपनी सेवा दे रहे इन कर्मचारियों के सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा को लेकर कोई भी पहल नहीं की गई। विगत दिनों भारत वर्ष के समस्त राज्यों के कर्मचारी संघों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा के दौरान केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीसी मे अजय सिंह क्षत्री, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ को संबोधित करते हुए राज्य शासन के द्वारा समय समय पर कर्मचारियों को अस्थायी से स्थायी करने, उनकी सेवा सुनिश्चित करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन से चर्चा कर पहल करने का आश्वासन भी दिया

जीपीएम जिले को 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। जिले के छठवें स्थापना दिवस पर आयोजित अरपा महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। मल्टीपरपज स्कूल खेल मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर 300 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जिले के विकास को गति देते हुए 100 करोड़ 38 लाख रुपये से अधिक लागत के कुल 113 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 16 करोड़ 90 लाख रुपये के 7 कार्यों का लोकार्पण तथा 83 करोड़ 47 लाख रुपये के 106 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 19 विभागों द्वारा लगाए गए 25 स्टालों का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने छग महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और छत्तीसगढ़ी राजगीत के साथ आयोजन का आगाज हुआ। सीएम साय ने कहा कि 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्य जिले के समग्र विकास को नई दिशा देंगे। उन्होंने पेंड्रारोड से अमरकंटक तक 19 किलोमीटर सड़क निर्माण और केवची मार्ग के निर्माण को पर्यटन विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही मरवाही नपं में उच्च विश्राम गृह, समुदलई पर्यटन क्षेत्र में स्टॉप डैम निर्माण, जिला मुख्यालय में भव्य ऑडिटोरियम निर्माण तथा सीएम बस सेवा योजना में जीपीएम जिले को शामिल करने की घोषणा की।

प्रथम पेज का शेष

वंदे मातरम पर नई...

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है।

बंकिम चंद्र ने 1875 में लिखा था, आनंदमठ में छपा था: भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम को बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के पावन अवसर पर लिखा था। यह 1882 में पहली बार उनकी पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में छपा था। 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने मंच पर वंदे मातरम गाया। यह पहला मौका था जब यह गीत सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर गाया गया। सभा में मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम हो गई थीं।

'वंदे मातरम' एक संस्कृत वाक्यांश: 'वंदे मातरम' एक संस्कृत वाक्यांश है, जिसका मतलब है- हे मां, मैं तुम्हें नमन करता हूं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'वंदे मातरम' भारत को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे स्वतंत्रता सेनानियों का नारा बन गया था।

पीएम पर लगाया आरोप...

मैंने तो सबूत मांगा ही नहीं है। आप बोलते रहिए। बाद में साबित कर दीजिएगा। वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे। इसपर राहुल गांधी को जवाब देना होगा। रिजिजू ने कहा कि राहुल को 5 बजे वित्त मंत्री का जवाब जरूर सुनना चाहिए।

अवैध उत्खनन! 400. ..

आसपास का पर्यावरण भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कोर्ट ने लीज क्षेत्र से बाहर हो रहे उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 फरवरी की तारीख तय की गई है।

राज्य सरकार ने कोर्ट में रखा पक्ष: सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से बताया गया कि अवैध उत्खनन की शिकायत पर कलेक्टर द्वारा खनिज विभाग से जांच कराई गई थी। जांच में सात लीजधारकों को दोषी पाया गया है। पर्यावरणीय अनुमति समाप्त होने के बाद भी खनन करने पर इन सात लीजधारकों के खिलाफ 30 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, इस पर डिवीजन बेंच ने अहम सवाल उठाते हुए पूछा कि महानदी में माइनिंग वेस्ट डंप करने वालों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। इसी को लेकर हाई कोर्ट ने माइनिंग सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर शपथ पत्र सहित विस्तृत जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट की सख्ती से साफ है कि अवैध उत्खनन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले मामलों में अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस प्रकरण पर आने वाली सुनवाई में कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

सीबीएसई 12वीं की...

और खर्च बचेगा। शिक्षक अपने स्कूल में रहते हुए ही मूल्यांकन कर सकेंगे। बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और गलतीरहित बनाने के मकसद से बोर्ड ने यह प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर किया नमन

डोंगरगढ/नवप्रदेश। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको छाया चित्र में पुष्प अर्पित करके नमन किया । इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे – एकात्म मानववाद के प्रणेता, जिन्होंने अंत्योदय का मंत्र दिया समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचे। उनका जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने संगठन को परिवार माना और राष्ट्र को सर्वोपरि रखा। आइए, उनकी पुण्यतिथि पर हम संकल्प लें कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे।

अंतागढ़ नगर के एक हिस्से में सड़क तो दूसरी तरफ लोग धूल-मिट्टी खाने को मजबूर

अंतागढ़ / नवप्रदेश। नगर से होकर गुजरने वाली नेशनल हाइवे 05 सडक को अंतागढ़ नगर के उन्मुक्त खेल मैदान से लेकर बिजली ऑफिस तक मार्डन सड़क बनाया जा रहा है वही सड़क चौड़ीकरण सहित साइड सोल्डर मे सीसी सड़क और नाली का भी निर्माण किया जा रहा है जो अब पूर्णतः कि ओर अग्रसर है किन्तु नगर का एक हिस्सा जो कि सडक का निर्माण नहीं होने के चलते आज भी अछूता है जिससे नगरवासियो मे काफ़ी नाराजगी है और धूल मिट्टी खाने मजबूर है।

बात करें अंतागढ़ नगर के अंतिम वार्ड मद्रासीपारा कि जो आज भी खराब सड़क के कारण लोग परेशान है सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए जिसे ठीक तक नहीं किया जा रहा है वही एक ओर बिजली ऑफिस से लेकर उन्मुक्त खेल मैदान तक सड़क का चौड़ीकरण सहित नाली निर्माण कर लोगो को राहत पहुंचा दी गई है। इस तरह के रवैए से मद्रासीपारा के लोग नाराज है और उनका साफ साफ कहना है कि यह क्या अंतागढ़ नगर पंचायत में नहीं आता है क्या वार्ड क्रमांक 14 और 15 के वार्ड वासी के

तकलीफ नगर के जनप्रतिनिधियों को नहीं दिखाई पड़ रही 500 मीटर और सड़क बना दिया जाता तो आज ये शिकायत नहीं रहता खराब सड़क के चलते आए दिन दुर्घटना होती रहती है सड़क पर बड़े बड़े बड़े हो गए है जिसे विभाग द्वारा पाटा तक नहीं जा रहा है।

धूल से लोग हो रहे परेशान

मद्रासीपारा खराब सड़क के चलते उड़ रही धुल से लोग परेशान हो रहे है यहां तक लोगों को धूल के कारण सर्दी जुकाम आंखों मे एलर्जी दमा जैसी समस्या होने लगीं है गाड़ियों के चलने से उड़ रही धूल अब घरों तक में घुस रही है घरों के दिवालो और छतों पर धुल की मोटी परत मल गई है पेड़ हरे के बजाय लाल दिखने लगे है ।

मार्डन सड़क का हिस्सा नहीं है मद्रासी पारा: लोगो का कहना है कि जब नगर में मार्डन सड़क की स्वीकृति हुई तब लगा कि अब पूरे नगर क्षेत्र में मार्डन सड़क बनेगी लेकिन इस मार्डन सड़क से मद्रासी पारा को उपेक्षित किया क्या इसे बस पुल से लेकर उन्मुक्त खेल मैदान तक ही स्वीकृत कराया गया। क्या जनप्रतिनिधियों मद्रासीपारा का ध्यान नहीं रहा क्या या इसे नगर पंचायत का हिस्सा नहीं मानते अटल चौक से पुल तक सड़क चौड़ीकरण सहित नाली निर्माण के कार्य का विस्तार किया जा सकता था लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि निष्क्रियता के चलते इस ओर ध्यान ही नहीं है।

न्यूज गैलरी

वृंदावन विद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

महासमुंद / नवप्रदेश।। वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में त्रि-दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और धूमधाम से किया गया। खेल दिवस की शुरूआत संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर ने मशाल जलाकर और मार्चपास्ट की सलामी से किया। मार्चपास्ट के द्वारा छात्र-छात्राओं ने आपसी समन्वय, टीम वर्क और अनुशासन को दर्शाया। पश्चात संचालक विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में शिक्षा से मस्तिष्क का, खेल से शारीरिक विकास बताते हुए बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि खेल से बच्चों में नेतृत्व की भावना का विकास होता है एवं शारीरिक विकास का साधन खेल को बताया, जो आपसी स्नेह-मित्रता की भावना को जाग्रत करता है। इस प्रतियोगिता में 100 मी. दौड़, कबड्डी, खो-खो, रोप पुलिंग, बोरी दौड़, चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, स्लो साइकल रेस, रोप स्किपिंग, क्रिकेट आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ अभियान' पहुंच रहे ग्रामीणों के बीच

महासमुंद/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर कांग्रेस द्वारा जिले में 'मनरेगा बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण महासमुंद की टीम ग्राम जोबा और छपोराडीह पहुंची, जहां ग्रामीणों के बीच जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार की नीतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा कार्यस्थलों पर पहुंचकर ग्रामीण मजदूरों से संवाद किया और योजना के स्वरूप में किए जा रहे बदलावों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा आधार रहा है, लेकिन वर्तमान नीतियों के कारण इसके संचालन और प्रभाव पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

मारकागुडा के आदिवासी किसान पांच पीढ़ियों से जमीन पर थे काबिज

फर्जी पट्टों से आदिवासी बेदखल प्रशासनिक तंत्र बना मूकदर्शक

कागजों में किसान, जमीन पर बेदखल

मारकागुडा के आदिवासी किसानों की हालत आज यह है कि न जमीन उनके नाम पर है, और न ही धान बेचने का अधिकार और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था। धान पंजीयन सूची में नाम नहीं, रिकॉर्ड में जमीन नहीं और संवेदना प्रशासन में कहीं नहीं। मारकागुडा के आदिवासी किसानों वस्तुस्थिति ऐसी कि जमीन पर वे हैं पर रिकॉर्ड में नहीं, खेत उन्होंने जोते पर लाभ कोई और ले गया और दफ्तरों में उनकी आवाज सिर्फ आवेदन बनकर रह गई। धान पंजीयन में नाम गायब है रिकॉर्ड में कब्जा बदला हुआ है।

शिकायतें बहुत, कार्रवाई शून्य

ग्रामीण बताते हैं कि यह मामला अचानक पैदा नहीं हुआ। पहले भी शिकायतें हुईं, आवेदन दिए गए,अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन हर बार फाइलें दफ्तरों में धूल फांकती रहीं और भू माफिया बेखौफ होते चले गए। इतने संगीन मामले के शिकायत के बाद भी राजस्व विभाग की गैर जिम्मेदाराना रवैया ने विभागीय संलिप्तता को संदिग्ध और पूरे प्रशासनिक कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया हैं।

नवप्रदेश लगातार

सुकमा (नवप्रदेश)। मरकागुडा का जमीन घोटाला अब किसी आरोप की शक्ल में नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और तंत्रगत मिलीभगत का जीवित दस्तावेज बनता जा रहा है? धान पंजीयन के दौरान सामने आए फर्जी पट्टों ने स्थानीय आदिवासियों की जमीन कागजों में निगल ली गई और हक जमीन से बेदखल कर दिए गए। जिन खेतों में आदिवासी किसानों की जीविका पिछली 5 पीढ़ियों आश्रित रही, आज उन्हीं खेतों की धान बेचने का अधिकार उनसे छीन लिया गया है। जिनका जमीन से वास्तविक रिश्ता कभी रहा ही नहीं, वे फर्जी दस्तावेजों के सहारे धान खरीदी केंद्रों में वैध किसान बनकर सरकारी व्यवस्था को चूना लगा रहे हैं।

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि भू-माफियाओं ने पहले फर्जी पट्टे तैयार करवाए, फिर उन्हीं पट्टों के सहारे धान बेचकर सरकारी तंत्र को लाखों का चूना लगाया। जिसके बाद जिला प्रशासन व राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है। सवाल यह नहीं कि घोटाला हुआ या नहीं! सवाल यह है कि क्या इतना बड़ा खेल राजस्व विभाग की अनदेखी में संभव है? या फिर अनदेखी षड्यंत्र है?

जिम्मेदारी तय होगी या फाइल दबेगी?

किसानों की फरियाद शासकीय दफ्तरों में सिर्फ आवेदन बनकर रह जाएगी! जिला प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदारी तय करेगा या फिर कार्यवाही की औपचारिकता निभाई जाएगी! सवाल यह कि फर्जी पट्टे किसने बनाए? नामांतरण किसके आदेश से हुआ? धान खरीदी में किसने आंख मूंद ली? क्या आदिवासी अधिकार सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं?

निर्देश मिलने पर जांच करेंगे

मामला पहले भी जानकारी में आया था। कलेक्टर को प्रतिवेदन बना करके दे दिया हूं। इस मामले पर निर्देश मिलने पर राजस्व अभिलेख का विधिवत जांच करेंगे और रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेंगे।

- योगेंद्र पात्रे
तहसीलदार, जगरगुंडा

इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। महानदी एकेडमी देऊरपारा नगरी (छ्त्तस्थ से संबद्ध) कर्णेश्वर धाम के समीप में आज इंटर हाउस प्रतियोगिता के अंतर्गत क्विज मैनिया 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार साहू के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु विद्यालय के समस्त निदेशकगण—श्री मोहन नाहटा, निकेश सिंह ठाकुर, अहमद राजा, अजय छाजेड़ एवं शशांक सलाम—ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं।क्विज मैनिया 2026 प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से नवमीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार हाउस—आर्यभट्ट, एपीजे अब्दुल कलाम, सी. वी. रमन एवं रामानुजन—के प्रतिभागियों ने अपने-अपने समूहों का प्रतिनिधित्व किया।यह क्विज़ प्रतियोगिता कुल पाँच रोचक राउंड में आयोजित की गई। पहला राउंड रैपिड फायर रहा। दूसरा राउंड चित्र, ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से आयोजित किया गया। तीसरा विषय मिश्रित राउंड, चौथा बज़र राउंड तथा पाँचवाँ रिस्क टेकिंग राउंड आयोजित किया गया। सभी राउंड अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक रहे, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, त्वरित सोच एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

तहसील साहू समाज मगरलोड का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जिला अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई

नगरी / नवप्रदेश। तहसील साहू संघ मगरलोड का 10 फरवरी मंगलवार को कर्मा भवन मगरलोड में शपथ ग्रहण समारोह दिन मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला साहू संघ धमतरी अध्यक्ष गणेश राम साहू, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू अति विशिष्ट अतिथि जिला साहू संघ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू, निर्मला साहू, जिला साहू संगठन सचिव सुभाष साहू, जिला पंचायत सभापति मीना साहू की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला संघ गणेश साहू ने नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ मगरलोड अध्यक्ष रोहित साहू,उपाध्यक्ष छन्नू राम साहू, महिला उपाध्यक्ष भानु प्रिया साहू, संगठन सचिव जितेंद्र साहू, महिला संगठन सचिव भामिनी साहू को शपथ ग्रहण कराया गया तहसील साहू संघ अध्यक्ष रोहित साहू ने तहसील साहू संघ की कार्यकारिणी पदाधिकारी की घोषणा किया गया जिसमें संरक्षक, संयोजक, अंकेक्षक, सलाहकार, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ,व्यापारी प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, मीडिया एवं मंदिर प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को मुख्य अतिथि ने शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेश राम साहू ने उद्बोधन में कहा कि समाज में अंतरजातीय, अंतरधर्म विवाह, नशापन युवा युवतियों में संस्कार की आवश्यकता है। जिला स्तर के समस्त ग्रामों में युवा युवतियों को समर कैंप के माध्यम से सामाजिक समरसता की प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आज से आप सभी पदाधिकारी को समाज आगे बढ़ाने कि आप सबको जिम्मेदारी और सोपा गया है। वही अध्यक्षता कर रहे हैं जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि समाज में हर बच्चे को शिक्षा और हर युवा को दिशा की जरूरत है। आज समाज के बच्चे भटक रहे है केवल दिशाहीन के कारण भटक रहे है। आज समाज को दिशा देने की जरूरत है। समाज की एकता संगठन एवं विकास पर सब की भागीदारी जरूरी है।

समाज निर्माण से पहले स्वयं का चरित्र निर्माण जरूरी: नारायण दास

■ आहार, विचार और व्यवहार की शुद्धता पर जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। भगवान शिव अपने परिवार को एक करके रखे हैं, वैसे ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए एक सूत्र में बांधना चाहिए। समाज निर्माण से पहले स्वयं का चरित्र निर्माण जरूरी है। भगवान शिव का वाहन नंदी है तो मां दुर्गा पार्वती का वाहन शेर, दोनों एक-दूसरे के विरोधाभास है। मयूर और सर्प, सर्प और चूहा दोनों विरोधाभास होते हुए भी भगवान शिव के प्रति आस्था और समर्पण है, इसलिए सभी एक साथ रह रहे हैं। ऐसा ही व्यवहार और प्रेम भाव परिवार में करना चाहिए। उपरोक्त बातें पत्रकारों से सनातन और अध्यात्म पर चर्चा करते हुए

श्री राधे निकुंजधाम जंजगीर चरौदा भिलाई 3 के नारायण दास महाराज ने कही।

वे यहां कबीर बाड़ा में चल रहे श्री शिवपुराण कथा वाचन करने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से सनातन की सेवा में लगे हैं। उनके निकुंज धाम में अनेक सेवा के प्रकल्प चल रहे हैं। पिछले 5 वर्षों से निर्धन बहन, बेटियों का विवाह तथा रोहणी गौ-धाम में सैकड़ों गायों की सेवा हो रही है। उनका उद्देश्य सनातन का जागरण करना, सामाजिक समरसता, एकता, सम्भाव को लेकर समाज आगे बढ़े यही एक मात्र उद्देश्य है। महाराज ने कहा कि धर्म के प्रति निष्ठा होनी चाहिए। आहार, विचार और व्यवहार की शुद्धता बहुत की जरूरी है। परिवारिक समरसता पर महाराज ने कहा कि हम परिवार को छोड़कर समाज की समरसता पर ध्यान नहीं दे सकते, समाज को आगे बढ़ाना है तो परिवार में भी समन्वय जरूरी है। अपने बड़े बुजुर्गों के प्रति सम्मान और आदर का भाव सदैव रखना चाहिए। अनुभव के आधार पर यदि हम से बड़े कुछ कह दें, तो उसे बुरा मानने के बजाए समझाइश के भाव से लेना चाहिए।

पीएम आवास योजना में महासमुंद राज्य में दूसरे स्थान पर

महासमुंद / नवप्रदेश। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मात्र 10 माह की अवधि में जिले में कुल 27 हजार 441 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। जिसके आधार पर महासमुंद जिला राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। जिले में निर्मित कुल 27,441 आवासों में विभिन्न विकासखंडों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पिथौरा विकासखंड में सर्वाधिक 7,193 आवास, बागबाहरा विकासखंड में 6,102 आवास, महासमुंद विस में 5,775 आवास, सरायपाली विकासखंड में 5,062 आवास तथा बसना में 3,309 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है।

वार्षिकोत्सव: देशभक्ति गीत संदेशे आते हैं गीत ने दर्शकों का मन मोहा

■ सागर हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव सुर संध्या हुआ सम्पन्न

भटगांव / नवप्रदेश। नगर भटगांव के सागर हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव सुर संध्या कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय गान व राष्ट्रीय गीत के साथ शुरूआत किया गया वहीं जब राष्ट्रीय गान व राष्ट्रीय गीत शुरू किया गया तब सभी दर्शकों व अतिथियों ने सावधान की मुद्रा में खड़े हो गये। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी अनिल साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नोडल प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज, सीएससी विजय साहू व मोहन साहू रहे?। वहीं कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं छोटे छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रर्दशित कर और ये तो सच है कि भगवान है ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं बच्चों द्वारा सदेंशे आते है हमें तरपाते है वो चिट्ठी आती है देशभक्ति गीत पर नृत्य ने दर्शकों और अतिथियों को रोमांचित और प्रभावित किया। साथ ही साथ 11वी की विद्यार्थियों द्वारा मंच पर आकर्षक पिरामिड प्रर्दशन किया गया।? वहीं कक्षा आठवीं के छात्र दक्ष कुमार डड़सेना एवं साथी द्वारा प्रर्दशित अनपढ़ नेता नाटक ने सभी को गुदगुदाया और अतिथियों ने दक्ष कुमार डड़सेना के अभिनय की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य को प्रर्दशित किया गया। वहीं विद्यालय की छात्रा कुमारी रेशमा जायसवाल, जानवी, महेंद्र, अंशिका साहू, नीलू, तमन्ना, विरंजक, रोशनी साहू, गरिमा, कृतिका एवं अन्य छात्र दक्ष कुमार डड़सेना, ऋतिक, कान्हा सायतोड़े, विनय जायसवाल, विमल, चंचल एवं अन्य बच्चों का विशेष योगदान रहा। बच्चों के द्वारा प्रर्दशित प्रत्येक कार्यक्रम में अतिथियों एवं पालकगणो द्वारा नगद पुरस्कार देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। वहीं सागर हायर सेकंडरी स्कूल के संचालक डां.दीपक डड़सेना द्वारा विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया गया।

सामाजिक एकजुटता ही हर चुनौती का समाधान: महेंद्र

नगरी/नवप्रदेश। एकता में ही शक्ति है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन 11 फरवरी दिन बुधवार को सांस्कृतिक भवन नगर पंचायत नगरी हाई स्कूल मैदान के पास किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर जनसंपर्क भी तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र नेताम ने साहू समाज के लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने का मंत्र दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा कि समाज की मजबूती, आपसी एकता और भाईचारे से ही संभव है। सभी वर्गों की सहभागिता से ही एक समरस, सशक्त और सौहार्द्रपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सकता है। सम्मेलन में सामाजिक एकता आपसी सहयोग भाईचारे और समरस समाज के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। जिसमे आयोजन समिति के अनुसार वर्तमान दौर में सामाजिक कुरीतियों धर्मांतरण और सामाजिक व मनुष्यता जैसी परिस्थितियों समाज के जूता को प्रभावित कर रही है ऐसे में यह सम्मेलन समाज को जोड़ने संवाद को बढ़ाने और सामूहिक चेतना को जागृत करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित होगा।

अच्छी पहल: राजिम विधायक रोहित साहू ने की पहल, मेला देखकर बच्चों के खिले चेहरे

दिव्यांग बच्चों को कराया मेला और मीना बाजार की सैर

राजिम/नवप्रदेश। महानदी, पैरी और सोढुर के पावन त्रिवेणी संगम पर आयोजित राजिम कल्प कुंभ में कल अत्यंत भावुक और प्रेरक दृश्य देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर दिव्यांग बच्चों के साथ मेला भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सक्षम दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के बच्चों को अपार स्नेह दिया और उनके साथ खुद भी झूला झूलकर और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। विधायक रोहित साहू ने दिव्यांग बच्चों के साथ राजिम कल्प कुंभ मेले का भ्रमण किया। इस

दौरान उन्होंने बच्चों की पसंद का ध्यान रखते हुए उन्हें विभिन्न झूलों की सवारी कराई। विधायक को अपने बीच पाकर और उनके साथ मजे करते देख बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यह माहौल बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। विधायक श्री साहू ने इस पहल समाज को एक बड़ा संदेश दिया और दिव्यांग बच्चों को अपने साथ एक संरक्षक की तरह मेले में घुमाया। बच्चों की सुरक्षा और खुशी का ख्याल रखते हुए उन्होंने उनके साथ कई झूले झूलने का आनंद लिया।

समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है: साहू

विधायक रोहित साहू ने कहा कि बच्चों की हंसी और उत्साह ही मेरी असली ऊर्जा है। हमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है और उनकी खुशियों का ध्यान रखना है। इस दौरान बच्चों के साथ मौजूद उनके शिक्षक और परिजनों ने विधायक की इस पहल की जमकर प्रशंसा की और इसे एक यादगार दिन बताया। विधायक की इस पहल का मेले में आए श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की। एक जनप्रतिनिधि द्वारा आम लोगों और विशेषकर दिव्यांग बच्चों के साथ सहजता से घुल-मिल जाना सामाजिक समावेश का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है।

विधायक को अपने बीच पाकर बच्चे बेहद उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। बच्चों के साथ समय बिताने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। राजिम कल्प कुंभ की दिव्य अनुभूति का आनंद लेने का अधिकार इन्हें भी है।

आज इनके साथ समय बिताकर जो सकून मिला है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

नगरी / नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला धमतरी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शुभांक मिश्रा के प्रथम बार नगरी मंडल आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम नगर पंचायत नगरी के बजरंग चौक में आयोजित हुआ, जिसे भाजपा नगरी मंडल एवं युवा मोर्चा मंडल नगरी द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न कराया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शुभांक मिश्रा का आतिशबाजी एवं फूलों की मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

गोकुलनगर घुरु आवास पारा के तालाब में फैली गंदगी, वार्डवासी हो रहे परेशान, जिम्मेदार अधिकारी मौन

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** नगर निगम सफाई जागरुकता लाने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है। समय-समय पर विविध आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है, लेकिन जोन में बैठे अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा पूरे वार्डवासियों को उठाना पड़ रहा है।*

वार्ड क्रमांक 4 घुरु आवास पारा में निस्तारी के लिए बने तालाब का कुछ समय पूर्व पार्षद कुसुम कोशले द्वारा सफाई करवाई गई थी, जिससे वार्डवासियों को काफी राहत थी, लेकिन वर्तमान में यह तालाब मलमूत्र, मुर्गी के सड़े मांस डालने से पूरी तरीके से प्रदूषित हो चुका है। तालाब का पानी गंदा व बदबूदार हो गया है, जिससे स्थानीय रहवासी इसका उपयोग करने से बच रहे हैं। वार्डवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि तालाब में राजेंद्र बंजारे नामक युवक द्वारा अवैध रुप से मछली पालन किया जा रहा है, जिस

वजह से आए दिन तालाब में गोबर खाद सहित अन्य अपशिष्ट पदार्थ डालने से पानी उपयोग के लायक नहीं रहा। वार्डवासियों ने इस संबंध में कई बार पार्षद व जोन कमिश्नर से शिकायत की, लेकिन इस समस्या का निराकरण नहीं हुआ। वार्डवासियों ने यह भी बताया कि उक्त युवक द्वारा अवैध रुप से शराब की बिक्री भी की जा रही है। इस पर सकरी थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वार्डवासियों ने बताया कि युवक सकरी थाने में सफाई का काम करता है जिसकी वजह से इसे थाने से संरक्षण मिला हुआ है। वार्डवासियों ने कहा कि अगर समस्या का निराकरण पार्षद व जोन कमिश्नर द्वारा जल्द नहीं किया जाएगा तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

जोन कमिश्नर ने नहीं की कार्रवाई

इस पूरे मामले में जब पार्षद कुसुम कोशले से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तालाब का निरीक्षण करने पर वार्डवासियों की शिकायत सही मिली है। तालाब का पानी प्रदूषित हो चुका है। शिकायत मिलने के बाद जोन क्रमांक एक की कमिश्नर रंजना अग्रवाल को इसकी जानकारी देते हुए संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई करने के लिए पत्र भी लिखी थी, लेकिन वर्तमान समय तक जोन कमिश्नर द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। मामले को संज्ञान में ली हूं और जल्द ही इसका निराकरण करूंगी।

न्यूज गैलरी

लिंगराज मंदिर में तनिष्क का शो 15 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की शान और पहचान बन चुके छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित मास्टर तनिष्क वर्मा जिनकी भजन संध्या की प्रस्तुति पिछले वर्ष महाकुम्भ मेला प्रयाग राज में हुई थी अब एक और इतिहास रचने जा रहे है उनकी भजन संध्या की प्रस्तुति इस वर्ष 15 फरवरी को लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर उड़ीसा में होने जा रहा है। तनिष्क ने मात्र 10 से 11 साल के उम्र महाकुंभ मेला प्रयागराज और अब लिंगराज मंदिर उड़ीसा में प्रस्तुति देकर अपना नाम छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक कला में स्वर्णिम अक्षरों में लिखवा लिया है। उनकी प्रस्तुति के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने पर प्रशंसा व्यक्त की और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने बधाई संदेश में उड़ीसा को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के बाल कलाकार तनिष्क वर्मा को आमंत्रित कर उसका उत्साह वर्धन किया। लिंगराज मंदिर के सचिव शरद मिश्रा और मुंबई के दया वर्मा द्वारा तनिष्क को भजन संध्या के लिए आमंत्रित किया गया है।

शिक्षक साकेत का ऑल इंडिया सिविल सर्विस क्रिकेट में चयन

सीपत/नवप्रदेश। सीपत विकासखंड मस्तूरी के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। शासकीय प्राथमिक शाला बूढ़ीखार संकुल बूढ़ीखार में पदस्थ सहायक शिक्षक साकेत अवस्थी का चयन नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विस क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि साकेत का यह तीसरा चयन है, जो उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर मस्तूरी और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और गौरव का माहौल है। साकेत अवस्थी न केवल एक समर्पित शिक्षक हैं, बल्कि एक प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी भी हैं। विद्यालयी दायित्वों के साथ खेल में निरंतर अभ्यास और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। ग्रामीण अंचल से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।साकेत अवस्थी ने बताया कि मुझे गर्व है कि मैं अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ और अपने विकासखंड मस्तूरी का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर कर रहा हूँ। यह चयन मेरे वरिष्ठों के मार्गदर्शन, साथियों के सहयोग और परिवार के आशीर्वाद का परिणाम है। मैं पूरी मेहनत से अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करने की कोशिश करूंगा। साकेत के चयन पर शिक्षा विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में खुशी की लहर है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री शिवराम टंडन ने इसे विकासखंड के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि साकेत अवस्थी ने यह सिद्ध कर दिया है कि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं, खेल सहित हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सूरज कुमार क्षत्री ने इसे प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए शुभकामनाएँ दीं।

मिर्जा हसन बेग की स्मृति में स्टेट लेवल हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में आज यूथ कप हॉकी 2026 का भव्य शुभारंभ छत्तीसगढ़ स्कूल परिसर में किया गया। स्वर्गीय मिर्जा हसन बेग की स्मृति में आयोजित यह स्टेट लेवल 7-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट 10 फरवरी से 14 फरवरी तक खेला जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई टीमें अपने खेल का दमखम दिखा रही हैं। उद्घाटन मुकाबले में बिलासपुर और कोरबा की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसने टूर्नामेंट की शुरुआत को यादगार बना दिया। दोनों टीमों ने तेज रफ्तार और शानदार समन्वय के साथ खेल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में हॉकी आयोजन समिति के उपाध्यक्ष एवं प्रेस क्लब बिलासपुर अध्यक्ष अजीत मिश्रा व पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष तिलक राज सलूजा सहित अनेक हॉकी प्रेमी दर्शकों का जमावड़ा रहा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और पहचान बनाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। आयोजन समिति के अनुसार टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को हॉकी के प्रति प्रोत्साहित करना और राज्य स्तर पर नई खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और मनोबल और बढ़ेगा। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में खेले जाने वाले मुकाबले और भी अधिक रोमांचक होंगे। खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में टूर्नामेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। यूथ कप हॉकी 2026 न सिर्फ खेल प्रतियोगिता है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ में हॉकी संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम साबित हो रहा है।

पुलिस की रात्रि गश्त में 126 वारंटी और 11 फरार आरोपी गिरफ्तार

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले में अपराध नियंत्रण और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए बिलासपुर पुलिस ने मंगलवार रात व्यापक कांबिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई इस कार्रवाई में लगभग 300 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।*

अभियान के दौरान पुलिस ने 126 वारंटियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 50 स्थायी वारंटी और 76 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न गंभीर अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे 11 आरोपियों को भी दबोच लिया गया। सभी आरोपियों को न्यायालयीन प्रक्रिया के लिए अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस टीमों ने संभावित ठिकानों, संदिग्ध स्थानों, होटल-ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच की। निगरानी सूची में दर्ज 41 गुंडा/बदमाशों की विधिवत चेकिंग कर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया और आवश्यक वैधानिक चेतावनी दी गई। वहीं संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए 10 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। एक मामले में आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले एक सप्ताह में 105 शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए हैं। प्रतिबंधात्मक एवं विशेष अधिनियमों के तहत स्थाई वारंटी - 50, गिरफ्तारी वारंट - 76, फरार आरोपी - 11 व निगरानी गुंडा/बदमाश चेकिंग- 41 के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने की लोगों से अपील

बिलासपुर पुलिस ने नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वारंटियों, फरार आरोपियों या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। अपराधियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पूरे अभियान में थाना प्रभारियों, विवेचना अधिकारियों, पेट्रोलिंग स्टाफ और विशेष टीमों ने समन्वित एवं योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई की।

एसआईआर में गड़बड़ी का आरोप, कांग्रेस ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) ने आरोप लगाया है कि चुनावी लाभ के उद्देश्य से कांग्रेस समर्थकों और अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी ने जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को औपचारिक शिकायत पत्र सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में एसआईआर के अंतर्गत मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया चल रही है, जिसका अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है। इसी बीच आरोप है कि कुछ राजनीतिक तत्वों द्वारा 'फार्म-7' का दुरुपयोग कर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटवाने की कोशिश की जा रही है।

बूथ स्तर पर गड़बड़ी के आरोप

कांग्रेस ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के चांटीडीह इलाके का विशेष रूप से उल्लेख किया है। पत्र के अनुसार बूथ क्रमांक 191 में 10, बूथ क्रमांक 192 में 15, और बूथ क्रमांक 193 में 92 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। कांग्रेस का दावा है कि ये सभी मतदाता वर्ष 2003 से लगातार उसी क्षेत्र में निवासरत हैं और उनके पास निवास प्रमाण पत्र सहित सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। इसके बावजूद उनके नाम काटने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

सिक्किम मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने किया गेवरा खदान का भ्रमण

सीपत/नवप्रदेश। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) सिक्किम एवं छत्तीसगढ़, के संयुक्त तत्वावधान में सिक्किम से 15 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने 10 फरवरी को एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा का दौरा किया। यह दौरा देश की ऊर्जा सुरक्षा में एसईसीएल भूमिका, पर्यावरणीय प्रयासों और सतत खनन पहलों को प्रत्यक्ष रूप से समझने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा में अत्याधुनिक एचईएमएम संचालन का अवलोकन किया। मीडिया दल को सरफेस माइनर के माध्यम से ब्लास्ट-फ्री कोयला उत्खनन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जो पर्यावरण-अनुकूल होने के साथ-साथ सुरक्षित और प्रभावी खनन का उदाहरण है। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही पर्यावरण-अनुकूल कोयला डिस्पैच प्रणाली को भी देखा, जिससे धूल-उत्सर्जन में कमी, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होती है। इसके साथ ही गेवरा में विकसित मियावाकी पद्धति से किए गए सघन पौधारोपण को भी मीडिया सदस्यों ने सराहा।

ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बिलासपुर में दिखाया दम

सीपत/नवप्रदेश। खेल नगरी के रूप में पहचान बना रहे सीपत ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक बिलासपुर के बी.आर. यादव इंडोर स्टेडियम, बहतराई में आयोजित छठवीं राज्य स्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एनटीपीसी सीपत संस्कृति क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ, बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फ्रेशर, सब जूनियर, केडेट, जूनियर और सीनियर वर्गों में बालक-बालिका खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता (गोल्ड मेडलिस्ट) अनिशा साहू, नंदिका क्षत्रिय, अर्शिता ताम्रकार, योमिता दीवान, इनाया यादव, काव्या कुमारी, अनन्या रमन, भव्य वस्त्रकार, रक्षित साहू, दिव्येश पटेल, आहान कुमार, कलश केवट, अव्यांश सिंह है। रजत पदक विजेता (सिल्वर मेडलिस्ट) अलिशा सिंह, क्वीनसी प्रिया, श्रेया साहू, पूर्वी दीवान, अनायसा घोषाल, याशिका शर्मा, शिवांग सिंह, कीर्ति राज, त्रिविध शर्मा, अक्षज गुप्ता, देव अव्यां, आर. हरीश, विहान दोनतमशेट्टी, विवेक दोनतमशेट् है।

फाइलेरिया रोकथाम के चलाए एमडी कार्यक्रम का महीनों से भुगतान नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में फाइलेरिया रोकथाम के लिए चलाए गए एमडी (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का भुगतान महीनों से लंबित है, जिससे इस अभियान की रीढ़ मानी जाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार एमडी फाइलेरिया कार्यक्रम का आयोजन नियमानुसार किया गया और इसकी सभी औपचारिकताएं भी पूरी की गईं। इसके बावजूद एक वर्ष की तय समय-सीमा बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। बार-बार पत्राचार और मौखिक अनुरोधों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं, मानो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समय की कोई कीमत ही न हो। भुगतान न मिलने से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान पर भी असर पड़ने लगा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाने, लोगों को समझाने और जोखिम उठाकर काम करती हैं।

कैट महिला कोर कमेटी की बैठक में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय स्तर पर महिला व्यापार नेटवर्किंग को मजबूत करने के उद्देश्य से कैट महिला कोर कमेटी की दो दिवसीय बैठक नागपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में देशभर से महिला उद्यमियों ने सहभागिता की और महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में व्यापक चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से अध्यक्ष निहारिका त्रिपाठी, सचिव प्रतिज्ञा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज अलीम, उपाध्यक्ष अनामिका दुबे उपस्थित रहे। सभी ने महिला उद्यमियों को संगठित करने, उन्हें राष्ट्रीय मंच से जोड़ने तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के विषय पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर यह घोषणा की गई कि फिरोज आलिम टिम बिलासपुर से सयोंजक एवं निहारिका त्रिपाठी, अनामिका दुबे, प्रतिज्ञा सिंह को कैट महिला कोर टीम में शामिल किया गया है।

भाजपा बिलासपुर ग्रामीण में अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान एवं भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल की अनुशंसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुशर्रफ़ खान ने अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। जारी लिस्ट के अनुसार बेलतरा पूर्व में मंडल अध्यक्ष शेख राजिक, बेलतरा पश्चिम में साजिद खान, बेलतरा दक्षिण में अजीज असगर खान को बनाया गया है।

परेशानी

14 ट्रेनें 22 दिनों के लिए कैंसिल, एक्सप्रेस और मेमू ट्रेनें शामिल

बिलासपुर रेल मंडल में छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 26 ट्रेनें रहेंगी रद्द

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 26 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इनमें एक्सप्रेस और मेमू ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे के इस निर्णय के चलते मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र-दिल्ली, बिहार समेत 7 राज्य के यात्री परेशान होंगे, 14-15 फरवरी, 4 से 26 अप्रैल तक नहीं चलेंगी ट्रेनें।*

रेलवे के अधिकारी प्रेस नोट के अनुसार नागपुर मंडल गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म 3 पर बने वॉशेबल एप्रन का डिस्मेंटलिंग और बैलेस्टेड ट्रैक बनाने का काम किया जाएगा। इन कामों के लाइट 20 दिन तक ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान 14 ट्रेनों को 4 से 26 अप्रैल याने 22 दिनों तक कैंसिल रहेगा। रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, शालीमार (कोलकाता), अमृतसर, हजरत निजामुद्दीन और लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) रूट के यात्री यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जरूर जांच कर लें। रेलवे ने यात्रियों से वैकल्पिक व्यवस्था करने और यात्रा से पहले जानकारी लेने की अपील की है। 14 फरवरी को 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू बिलासपुर में ही समाप्त होगी और बिलासपुर-गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। इसी दिन 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू बिलासपुर से ही रवाना होगी और गोंदिया-बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी। **रद्द होने वाली गाड़ियां 14 फरवरी-** 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर, **15 फरवरी-** 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बीच में समाप्त होने वाली ट्रेनें 14 फरवरी- 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर, 68862, **कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस रहेगी रद्द-** गाड़ी संख्या 18030 और 18029 (शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस) 4 से 24 अप्रैल और 6 से 26 अप्रैल तक रद्द रहेंगी।

14- 15 फरवरी को 12 ट्रेनें रहेंगी रद्द

रायपुर मंडल में हथबंद-भाटापारा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज बनाने गर्डर लॉन्च किया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे 14 और 15 फरवरी को कुछ यात्री ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। भिलाई स्टेशन पर डिस्मेंटलिंग कार्य के कारण भी कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे के अनुसार 14 और 15 फरवरी को 12 ट्रेनें रद्द रहेंगी। इन ट्रेनों के रद्द होने से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार और पंजाब जाने वाले यात्रियों को दिक्कत होगी।

बीच रास्ते समाप्त होने वाली गाड़ियां

गाड़ी संख्या 68802 (गोंदिया-बल्लारशाह) पैसेंजर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। गोंदिया-हिरदामाली के बीच रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68803 (बल्लारशाह - गोंदिया) पैसेंजर 5 अप्रैल 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। हिरदामाली-गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68804 (गोंदिया बल्लारशाह) पैसेंजर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक हिरदामाली स्टेशन में नियंत्रित की जाएगी। गोंदिया-हिरदामाली के बीच रद्द रहेगी।

लड़कियों को शादी के लिए अब 1 लाख मिलेंगे, 14 नए मेडिकल कॉलेज, 3 यूनिवर्सिटी खुलेंगी

नई दिल्ली। देश में आम बजट 2026 पेश होने के बाद आज 25 करोड़ की जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश पर सबकी नजर है. योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना यूपी विधानसभा में अब तक का सबसे बड़ा 9,12,696 करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी पिछली और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास हुआ है. साथ ही उन्होंने कहा कि एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है. साथ ही बताया कि प्रदेश मोबाइल फोन उत्पादन का हब बन गया है. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है. देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है. यूपी बजट से जुड़ी हर खबर के लिए बने रहिए एनडीटीवी के साथ। सीएम योगी ने अपनी सरकार के 10वें बजट पर कहा कि ये बजट नौ वर्ष के नवनिर्माण की गाथा प्रस्तुत करता है।

अब तक का सबसे बड़ा बजट

12 फीसदी और चिकित्सा पर बजट का 6 फीसदी होगा खर्च

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए प्रमुख मदों में किए गए आवंटन का जिक्र किया। शिक्षा और चिकित्सा के लिए किया गया आवंटन कुल बजट का क्रमशः 12.4 और छह प्रतिशत है। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध सेवाओं के लिए आवंटित धनराशि कुल बजट की नौ प्रतिशत है।

9,12,696 करोड़ रुपये का बजट, 12 फीसदी ज्यादा

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 9,12,696.3 करोड़ रुपये का बजट पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 12.2 प्रतिशत अधिक है। बजट में पूंजीगत परिव्यय 19.5 प्रतिशत है। साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटे की सीमा तीन प्रतिशत रखी गई है। यह वित्त वर्ष 2030-31 तक लागू रहेगी।

महिला सुरक्षा बल 13 से बढ़कर 36 फीसदी हुआ

महिलाओं की सुरक्षा के लिए ईक्यूब के रूप में महिला सुरक्षा बल 13 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हुआ है। महिलाओं के लिए क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जाएगी। ताकि वह छोटे-छोटे काम के लिए किसी से ऋण न लेना पड़े और उन्हें ब्याजमुक्त ऋण मिल सके। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है।

न्यूज गैलरी

रोहित पवार ने विमान सुरक्षा में लापरवाही का लगाया आरोप

नई दिल्ली। देशभर में विमान सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के बीच एनसीपी-एससीपी नेता रोहित पवार का बड़ा बयान सामे आया है। उन्होंने वीएसआर नाम की विमानन कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह कंपनी विमान सुरक्षा से जुड़े जरूरी नियमों का सही तरीके से पालन नहीं करती, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। रोहित पवार ने कहा कि नियम के मुताबिक पायलट की ड्यूटी के बाद 12 घंटे का आराम जरूरी होता है, लेकिन कंपनी इस नियम का पालन नहीं करती। रोहित पवार ने दावा किया कि कई विमानों में कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर बंद रहता है। इसके अलावा, उड़ान से पहले विमान की पूरी जांच (चेकलिस्ट और टेकलॉग) ठीक से नहीं रखी जाती। उन्होंने बताया कि हर विमान और उसके इंजन की एक तय उम्र होती है। एक निश्चित समय के बाद इंजन और कई जरूरी उपकरण बदलने होते हैं। लेकिन कंपनी ने इन नियमों का पालन नहीं किया। पवार ने आरोप लगाया कि कुछ विमानों को 100 घंटे उड़ाया गया, लेकिन रिकॉर्ड में सिर्फ50 घंटे ही दिखाए गए। रोहित पवार ने यह भी कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के कुछ अधिकारी वीएसआर कंपनी के मालिक सिंह के करीबी हैं, जिससे कंपनी को फायदा मिला। उन्होंने दावा किया कि 2023 में मुंबई में हुआ विमान हादसा और अजित पवार से जुड़ा हादसा भी इसी लापरवाही का नतीजा था। उन्होंने अपील की कि मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता या कोई भी व्यक्ति, चाहे कितनी भी आपात स्थिति हो, वीएसआर के विमान का इस्तेमाल न करे। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सचिन तेंदुलकर ने भी दिल्ली यात्रा के लिए वीएसआर का विमान इस्तेमाल किया था।

सैन्य अभ्यास में राफेल-सुखोई समेत फाइटर जेट्स दिखाएंगे अपनी ताकत

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना 27 फरवरी को राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में होने वाले सैन्य अभ्यास के दौरान अपनी मारक क्षमता और परिचालन दक्षता का प्रदर्शन करेगी। वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस अभ्यास में फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स और कई रणनीतिक एयर एसेट्स हिस्सा लेंगे। अधिकारी ने बताया कि अभ्यास में राफेल, एसयू-30, मिग-29, तेजस और अन्य विमान शामिल होंगे। इस आयोजन में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु सेना की सफल भूमिका को उजागर किया जाएगा। वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने स्पष्ट किया कि इस अभ्यास में लंबी दूरी तक लक्ष्य भेदन (लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक) का प्रदर्शन शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आयोजित हो रहा यह द्विवार्षिक प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है। इस अभ्यास में 120 से अधिक विमान हिस्सा लेंगे, जिनमें लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हैं। प्रेजेंटेशन के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इसमें राफेल, सुखोई-30, मिग-29, तेजस, जगुआर और मिराज-2000 जैसे प्रमुख लड़ाकू विमान शामिल होंगे। इसके अलावा अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर, एलसीएच 'प्रचंड' और एएलएच भी प्रदर्शन का हिस्सा बनेंगे। जब पश्चिमी सीमा के नजदीक इस आयोजन को लेकर संभावित रणनीतिक संदेश पर सवाल किया गया तो एयर मार्शल कपूर ने कहा कि वायुसेना अपना प्रदर्शन करेगी, इससे कौन क्या संदेश लेता है, यह उसकी अपनी व्याख्या पर निर्भर करता है।

नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक लीक, पेंगुइन को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस जारी किया है। नोटिस के जरिए कई सवाल पूछे गए हैं और जवाब मांगे गए हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

लोकसभा बजट सत्र: भारत के साथ हुए ट्रेड डील पर रखी अपनी बात

एपस्टीन फाइल्स और ट्रंप की धौंस पर राहुल गांधी ने सदन में सरकार को घेरा

नई दिल्ली (ए.) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज आम बजट 2026 पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान राहुल काफी आक्रामक तेवर में दिखाई दिए। उन्होंने बजट को आज के दौर के मुताबिक नाकाफी बताया। इसी के साथ उन्होंने अमेरिका के बढ़ते दबदबे और भारत के साथ हुए हालिया व्यापार समझौते पर अपनी बात सदन में रखी। राहुल गांधी ने एपस्टीन फाइल्स से लेकर अमेरिका की धौंस का मुद्दा उठाया। साथ ही सरकार को घेरते हुए अदाणी-अंबानी को लेकर भी जमकर घेरा।

राहुल बोले-एपस्टीन, 3 मिलियन फाइलें अभी भी बंद। राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ भारत के व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं कह रहा हूं कि आपने भारत बेच दिया है। क्या आपको भारत बेचने में शर्म नहीं आती? आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। मजेदार बात यह है कि मुझे पता है कि आम हालात में प्रधानमंत्री भारत को नहीं बेचते। आपको पता है उन्होंने भारत क्यों बेचा? क्योंकि वे उनका गला घोंट रहे हैं। उन्होंने उनकी गर्दन पकड़ रखी है। हम प्रधानमंत्री की आंखों में डर देख सकते हैं। वो बातें हैं- एपस्टीन...।

पीएम की आंखों में डर दिख रहा है: राहुल

राहुल ने अपने संबोधन में कहा कि आपने हमारे किसानों को कुचलने के लिए अमेरिकी कृषकों के लिए भारत के बाजार खोल दिए हैं। यानी हम एक तूफान झेल रहे हैं। आप यह स्वीकार कर रहे हैं। क्या मतलब है कि अमेरिका हमसे कहे कि आप किससे तेल खरीदेंगे, किससे नहीं। क्या मतलब है अगर अमेरिका हमसे कहे कि आप पर इतना टैरिफकब बढ़ेगा और कब कम होगा। यानी उन्होंने ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया है। आप किस तरह इस सदन में आकर इस ट्रेड डील के बारे में बात कर सकते हैं। क्या आपको शर्म नहीं आती। मैं कह रहा हूं कि आपने भारत को बेच दिया है। हमारी भारत माता को बेच दिया है। क्या आपको शर्म नहीं आती। प्रधानमंत्री ने भारत को इसलिए बेच दिया, क्योंकि उनकी गर्दन पर चोक (पकड़) कर लिया गया है। इनकी गर्दन फंसी है, इसलिए देश को बेच रहे हैं। पीएम की आंखों में डर दिख रहा है।

अदाणी-अंबानी पर सरकार को घेरा

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में अदाणी-अंबानी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बजट के केंद्र में देखेंगे तो मैंने कहा था जिजित्सु में चोक दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। हमारे बजट के केंद्र में अदाणी की कंपनी एक साधारण कंपनी नहीं है। समझिए उनके खिलाफअमेरिका में जो केस है, वह प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना है। भारत पर नहीं। वहीं उन्होंने आगे कहा कि एक व्यापारी अनिल अंबानी हैं, मैं पूछना चाहता हूं कि वह जेल में क्यों नहीं हैं? वजह यह है कि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं हरदीप पुरी से भी पूछना चाहूंगा कि उन्हें एपस्टीन से किसने मिलवाया। मुझे पता है कि उन्हें किसने मिलवाया, और हरदीप पुरी जानते हैं कि उन्हें किसने मिलवाया।

कांग्रेस के सांसद ओम बिरला के कक्ष में गए और उन्हें गालियां दीं

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफविपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई सांसद स्पीकर के कक्ष में गए और उनके साथ गाली गलौज की। रिजिजू के अनुसार, इस घटना से स्पीकर ओम बिरला बहुत आहत हैं। पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि उन्होंने खुद इस विषय पर लोकसभा अध्यक्ष से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि करीब 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के कक्ष में पहुंचे और उनके साथ गाली गलौज की। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि जब यह हो रहा था कि उस समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी वहां मौजूद थे और इसका विरोध करने के जगह अपने सांसदों को और उकसा रहे थे। रिजिजू ने सदन में बोलने को लेकर हुए विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्पीकर ने एक फैसला दिया था, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। उनके मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है और वे अपनी इच्छा से बोलेंगे।

अध्यक्ष को हटाने पर कांग्रेस का प्रस्ताव

बता दें कि यह पूरा विवाद उस समय सामने आया है जब कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर चर्चा बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन यानी 9 मार्च को हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि विपक्ष द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में कुछ कमियां पाई गई हैं। बताया जा रहा है कि नोटिस में फरवरी 2025 की घटनाओं का चार बार उल्लेख किया गया है, जो नियमों के अनुसार तकनीकी आपत्ति का कारण बन सकता था।

महिला नेता की बात से नाराज होकर ट्रंप ने स्विट्जरलैंड पर लगाया 40 फीसदी टैरिफ

■ **ट्रंप ने स्विट्जरलैंड पर लगे टैरिफ को कम बताया**

वाशिंगटन (ए.) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्विट्जरलैंड पर लगाए गए टैरिफ बढ़ाने के फैसले को लेकर खुलकर अपनी बात रखी है।

उन्होंने कहा कि स्विस नेतृत्व के साथ बातचीत के दौरान जिस तरह उनसे बात की गई, वह उन्हें पसंद नहीं आया, जिसके बाद उन्होंने टैरिफदर बढ़ाने का फैसला किया। ट्रंप ने स्विस फेडरल काउंसिल की सदस्य कैरिन कैलर सटर से हुई फोन बातचीत का जिक्र किया। ट्रंप के मुताबिक, उन्होंने पहले स्विट्जरलैंड पर 30 प्रतिशत टैरिफलगाया था, जिसे वह काफी कम बता रहे थे। ट्रंप ने दावा किया कि उन्हें स्विट्जरलैंड की एक महिला नेता का फोन आया, जिन्होंने खुद को छोटे देश का प्रतिनिधि बताते हुए टैरिफमें राहत की मांग की। ट्रंप के अनुसार, बातचीत के दौरान वह बार-बार यह कह रही थीं कि स्विट्जरलैंड एक छोटा देश है और 30 फीसदी टैरिफ वहन नहीं कर सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने स्विस नेता को स्पष्ट कर दिया कि भले ही देश छोटा हो, लेकिन अमेरिका के साथ उसका 42 अरब डॉलर का व्यापार घाटा है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि स्विट्जरलैंड अमेरिका को सामान निर्यात कर रहा था, लेकिन उस पर कोई टैरिफनहीं दे रहा था।

92.5% प्लेसमेंट, 51 एलपीए तक पैकेज KIIT 2025 बैच की शानदार सफलता

भुवनेश्वर/नवप्रदेश। वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण जॉब मार्केट के बावजूद, कीट डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने 2025 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट में एक बार फिर अपनी शान/ बर्चस्व बरकरार रखी है। विश्वविद्यालय ने करीब 92.5 प्रतिशत का ओवरऑल प्लेसमेंट दर्ज किया है, जो इसे देश के शीर्ष प्लेसमेंट देने वाले संस्थानों में शामिल करता है।

2025 के प्लेसमेंट सीज़न के दौरान 757 से अधिक कंपनियां कीट कैंपस पहुंचीं। करीब 5,000 योग्य छात्रों में से लगभग 4,621छात्र / छात्रा को जॉब ऑफर्स विभिन्न स्कूलों और विषयों में प्रस्तुत किये गए।

कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी रहा सबसे आगे: प्लेसमेंट ड्राइव में कीट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया। यहां के 451 छात्रों को मिला 3,800 शीर्ष कम्पनीज से जॉब ऑफर्स मिले। औसत पैकेज 8.5 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जबकि 739 छात्रों को कई अन्य ऑफर्स मिले।

इस दौरान 1,500 से अधिक 'ड्रीम ऑफर्स' (उच्च पैकेज वाले) दिए गए और 59 कंपनियों ने 10 एलपीए या उससे अधिक का पैकेज ऑफर किया।

बंगाल में बाबरी मस्जिद पर रार: 'विरोध कर रहे लोग पीछे हट जाएं'

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बुधवार से एक नई मस्जिद का निर्माण काम शुरू हो गया है। यह मस्जिद अयोध्या की पुरानी बाबरी मस्जिद की नकल के तौर पर बनाई जा रही है। करीब दो महीने पहले इसकी नींव रखी गई थी। जनता उन्नयन पार्टी (जेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर इस पूरे प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहे हैं। हुमायूं कबीर ने कहा कि जो लोग इस मस्जिद के निर्माण का विरोध कर रहे हैं, उन्हें पीछे हट जाना चाहिए। उन्होंने साफ किया कि हर इंसान को अपना धर्म मानने और मंदिर, मस्जिद या चर्च बनाने की आजादी है। वह किसी का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि अल्लाह की इबादत के लिए यह काम कर रहे हैं। उन्होंने मस्जिद के निर्माण में साथ देने वाले लोगों का शुक्रिया अदा किया। कबीर ने कहा कि कुछ लोग काम रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अल्लाह की मदद से काम सुरक्षित तरीके से शुरू हुआ।

छह दिसंबर 1992 की घटना को याद करते हुए कबीर ने बताया कि वह अक्सर सोचते थे कि बाबरी मस्जिद का ढांचा क्यों गिराया गया। एक मुसलमान होने के नाते वह इस मस्जिद को बनाकर अपना छोटा सा योगदान देना चाहते हैं। निर्माण वाली जगह पर उनके समर्थक काफी उत्साहित दिखे। लोग अपने सिर पर ईंटें ढोकर काम में मदद कर रहे हैं। कबीर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इस मस्जिद का डिजाइन भी साझा किया है। इस मामले पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि बाबरी ढांचा कभी दोबारा नहीं बनेगा। योगी ने यह भी कहा कि कयामत कभी नहीं आएगी, इसलिए मस्जिद दोबारा बनने का सवाल ही नहीं उठता। दूसरी तरफ हुमायूं कबीर ने गुरुवार से बाबरी यात्रा शुरू करने की घोषणा की है। यह यात्रा मुर्शिदाबाद के पलाशी से शुरू होकर दिनाजपुर के इटाहार तक जाएगी।

कबीर ने की मुख्यमंत्री ममता की आलोचन

हुमायूं कबीर पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में थे। जब उन्होंने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नकल बनाने का ऐलान किया, तो पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी नई पार्टी 'जनता उन्नयन पार्टी' बनाई। कबीर ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भी खुलकर आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनेंगी और न ही शपथ लेंगी।

एयरटेल ने 'फ्रॉड' रोकने के लिए नया एआई आधारित सुरक्षा फीचर लांच किया

नई दिल्ली। एयरटेल ने स्पैम की समस्या से निपटने के अपने लगातार प्रयासों के तहत आज अपना नया एआई-पावर्ड फ्रॉड अलर्ट सिस्टम लॉन्च किया है। यह फीचर ग्राहकों को ओटीपी (वन-टाइम पासवर्ड) से जुड़े बैंकिंग फ्राड से रियल-टाइम में सुरक्षित रखने में मदद करेगा।

आजकल धोखेबाज़ डिलीवरी, कस्टमर सपोर्ट या अन्य रोज़मर्रा की सेवाओं का बहाना बनाकर ग्राहकों पर जल्दबाज़ी का दबाव बनाते हैं और उनसे बैंकिंग ट्रांजैक्शन से जुड़ा ओटीपी साझा करवा लेते हैं। जैसे ही ओटीपी साझा किया जाता है, ग्राहक के बैंक खाते में जमा राशि धोखाधड़ी के खतरे में पड़ जाती है।

एयरटेल का नया एआई-पावर्ड सिस्टम ऐसी संदिग्ध परिस्थितियों की पहचान कर ग्राहकों को समय रहते सचेत करता है। जब किसी संभावित जोखिम भरी इनकमिंग कॉल के दौरान बैंक द्वारा भेजा गया ओटीपी डिटेक्ट होता है, तो एयरटेल तुरंत 'फ्रॉड अलर्ट' के ज़रिये ग्राहक को चेतावनी देता है कि कॉल पर रहते हुए बैंकिंग ट्रांजैक्शन का ओटीपी साझा करना जोखिम भरा हो सकता है। एआई की इंटेलिजेंस और मानवीय सूझबूझ का यह प्रभावी संयोजन ग्राहकों को सोचने, परखने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समय देता है, जिससे स्कैमर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा अंतर को प्रभावी रूप से बंद किया जा सके। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा, हम एयरटेल को एक सुरक्षित नेटवर्क बनाने के मिशन पर काम कर रहे हैं। इस दौरान हमने महसूस किया है कि डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित रखने में ओटीपी की अहम भूमिका होने के बावजूद, अपराधी अलग-अलग तरीकों से इसकी उपयोगिता को कमजोर कर रहे हैं।

पाकिस्तान को नहीं है अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा अमेरिका के खिलाफ 20 में 16 ओवर स्पिनर्स से कराए

कोलंबो। टी20 विश्व कप 2026 में मंगलवार को कोलंबो में पाकिस्तान और अमेरिका के बीच मैच खेला गया। पाकिस्तान ने इस मैच में 32 रन से जीत दर्ज की। पाकिस्तान की इस जीत में उनके स्पिनरों की अहम भूमिका रही। पारी की 80 प्रतिशत गेंदें स्पिनरों ने ही फेंकी। जब अमेरिका की पारी शुरू हुई, तो उम्मीद थी कि पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा कुछ ओवर तेज गेंदबाजों से भी कराएंगे, लेकिन शाहीन अफरीदी को छोड़कर आगा किसी भी तेज गेंदबाज की तरफ नहीं गए। 20 ओवर में शाहीन ने चार ओवर फेंके। इसके अलावा बाकी के सभी 16 ओवर पाकिस्तान के कप्तान ने स्पिनरों से कराए और इसका परिणाम भी उन्हें जीत के रूप में मिला। पाकिस्तान के स्पिनरों सईम अयूब ने एक, अबरार अहमद ने चार, मोहम्मद नवाज ने तीन, शादाब खान ने चार और उस्मान तारिक ने चार सहित कुल 16 ओवर की गेंदबाजी की। टीम में फहीम अशरफभी थे जो तेज गेंदबाजी करते हैं, लेकिन उन्हें गेंद नहीं दी गई। उस्मान तारिक ने तीन, शादाब खान ने दो, और अबरार और नवाज ने एक-एक विकेट लेकर पाकिस्तान को अमेरिका के खिलाफ जीत दिलायी। टी20 में यह दूसरा मौका था जब पाकिस्तान ने सबसे ज्यादा स्पिनरों से फेंकवाया। इसके पहले 2012 में कोलंबो में ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान ने 20 में से 18 ओवर स्पिन गेंदबाजों से करवाए थे। इसके अलावा 2012 में कोलंबो में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 ओवर, 2013 में किंग्सटन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 15 ओवर, 2021 में मेनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ 15 ओवर और 2023 में हांग्झू में अफगानिस्तान के खिलाफ 15 ओवर पाकिस्तान के स्पिनरों ने फेंके थे।

अमेजन प्राइम ने 2025 में भारत में ग्राहकों के लिए बचत के साथ सबसे तेज़ डिलीवरी दी

बेंगलुरु/नवप्रदेश। अमेजन ने आज घोषणा की कि 2025 प्राइम सदस्यों के लिए अब तक का सबसे तेज़ डिलीवरी वाला साल रहा। इस दौरान 55 करोड़ से अधिक प्रोडक्ट्स की डिलीवरी उसी दिन या अगले दिन की गई, जो साल-दर-साल आधार पर 40त्न की बढ़ोतरी है। भारत में प्राइम सदस्यों ने 2025 में औसतन अपनी सालाना प्राइम मेंबरशिप की कीमत से दो गुना से अधिक की बचत की, जिससे यह साफ होता है कि प्राइम देशभर के ग्राहकों को कितना ज्यादा फायदा देता है। प्राइम के टॉप 10% सदस्यों ने अपनी मेंबरशिप फीस से आठ गुना से ज्यादा की बचत की। भारत में प्राइम ग्राहकों को Amazon.in पर खरीदारी करते समय फ्री और तेज़ डिलीवरी के साथ-साथ कई रिवॉर्ड्स, एक्सक्लूसिव डील्स, ऑफर्स और कैशबैक के ज़रिए और भी ज़्यादा बचत करने में मदद कर रहा है। तेज़ डिलीवरी और बढ़िया डील्स के अलावा प्राइम मेंबरशिप कई और फायदे भी देती है—नए प्रोडक्ट लॉन्च पर जल्दी एक्सेस, प्राइम वीडियो पर पुरस्कार विजेता शो और फिल्में, अनलिमिटेड म्यूजिक स्ट्रीमिंग, रोमांचक गेमिंग से जुड़े फायदे और पढ़ने के लिए चुना हुआ कंटेंट।

अमेजन को भारत के नॉन-मेट्रो शहरों से 70% से ज्यादा नए प्राइम मेंबर साइन-अप मिल रहे हैं। प्राइम सदस्य, नॉन-प्राइम ग्राहकों की तुलना में पांच गुना ज्यादा बार खरीदारी करते हैं। अमेजन बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई के कुछ हिस्सों में अपनी अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी सर्विस अमेजन नाऊ भी दे रहा है।

आजाद हिंद सेतु की कहानी: समुद्र के ऊपर उम्मीदों की राह, जीवन को बनाया आसान

श्री विजयपुरम/नवप्रदेश। नीले समुद्र की शांत सतह पर दूर तक फैली कंक्रीट और इस्पात की वह लंबी रेखा अब सिर्फ एक पुल नहीं, बल्कि जीवन की रफ्तार बन चुकी है। उत्तर अंडमान और मध्य अंडमान को जोड़ने वाला आज़ाद हिंद सेतु आज द्वीपसमूह में बदलते समय, बेहतर संपर्क और नई संभावनाओं का सशक्त प्रतीक है। एक समय था जब इन दोनों द्वीपों के बीच यात्रा का अर्थ था– फेरी का इंतज़ार, मौसम की अनिश्चितता और घंटों की देरी।

यात्रियों की कतारें, वाहन चालकों की चिंता और समय से जूझते दैनिक कामकाज यहाँ की दिनचर्या का हिस्सा थे। लेकिन अप्रैल 2017 में शुरू हुई एक परियोजना ने इस तस्वीर को बदलने की नींव रखी। मार्च 2020 में सेतु के पूर्ण होते ही द्वीपों के बीच दूरी जैसे सिमट गई। हाल ही में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के दौरे पर आए रायपुर, छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने आज़ाद हिंद सेतु का दौरा किया। समुद्र के ऊपर फैली लगभग 1.45 किलोमीटर लंबी इस संरचना को नज़दीक से देखते हुए उन्होंने न केवल इसकी भव्यता को महसूस किया, बल्कि इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव को भी समझा। दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पीएमयू भारत की प्रबंधक रुतला यमुना ने पुल की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा, आज़ाद हिंद सेतु ने लोगों के जीवन को वास्तविक अर्थों में आसान बनाया है।

पहले जहाँ आवागमन पूरी तरह फेरी सेवाओं पर निर्भर था, वहीं अब यात्रा अधिक तेज, सुरक्षित और समयबद्ध हो गई है। यह बदलाव केवल सुविधा तक सीमित नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास से भी जुड़ा है। निर्माण की जटिलताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया, द्वीपीय परियोजनाओं की अपनी चुनौतियाँ होती हैं। संरचनात्मक इस्पात सहित अधिकांश सामग्री मुख्यभूमि भारत से मंगाई गई। चेन्नई इस परियोजना के लिए प्रमुख लॉजिस्टिक केंद्र रहा। समुद्री परिवहन, मौसम और आपूर्ति प्रबंधन के बीच संतुलन बनाते हुए परियोजना को समय पर पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि थी। सेतु का प्रभाव स्थानीय जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

ईंधन, पेयजल, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही अब अधिक सुचारु है। स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा संस्थानों, बाजारों और प्रशासनिक केंद्रों तक पहुंच पहले की तुलना में कहीं अधिक सरल हो चुकी है। दैनिक जीवन में आई यह सहजता स्थानीय समुदायों के आत्मविश्वास और अवसरों को नई दिशा दे रही है।

टोल व्यवस्था पर रुतला यमुना ने स्पष्ट किया, ÷सेतु टोल-मुक्त नहीं है, लेकिन यात्रा समय में कमी और परिवहन की विश्वसनीयता जैसे लाभ उपयोग शुल्क से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। भविष्य की योजनाओं की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा,राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा मध्य अंडमान क्षेत्र में एक अन्य रणनीतिक सेतु परियोजना पर कार्य जारी है, जिसे अप्रैल 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। समुद्र के बीचोंबीच खड़ा आज़ाद हिंद सेतु अब सिर्फ द्वीपों को नहीं, बल्कि लोगों की उम्मीदों, सपनों और विकास की आकांक्षाओं को भी जोड़ रहा है।

समुद्र आधारित आजीविका को नया आयाम

■ अंडमान-निकोबार में राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान की बहुआयामी पहल

श्री विजयपुरम। भूमि संसाधनों की सीमाओं, बढ़ती आबादी और पारंपरिक आजीविका पर बढ़ते दबाव के बीच समुद्र आधारित विकास को सशक्त बनाने की दिशा में राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी – एनआईओटी) की पहलें अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही हैं।

खुले समुद्र में केज कल्चर, कृत्रिम रीफस्थापना, समुद्री शैवाल (सीवीड) खेती तथा गहरे समुद्र मिशन जैसी उन्नत समुद्री प्रौद्योगिकियों के माध्यम से तटीय क्षेत्रों में आजीविका, पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान को एक साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। एनआईओटी द्वारा संचालित ओपन सी केज कल्चर (खुले समुद्र में पिंजरा आधारित मछली पालन) कार्यक्रम एक समाजोन्मुखी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसका उद्देश्य तटीय और द्वीपीय समुदायों को टिकाऊ एवं वैकल्पिक आजीविका प्रदान करना है। भूमि आधारित मत्स्य पालन की अपनी सीमाएँ हैं, जहाँ न तो असीमित विस्तार संभव है और न ही जल संसाधनों का अनियंत्रित उपयोग। इसके विपरीत समुद्र एक विशाल प्राकृतिक संसाधन है, जहाँ प्राकृतिक जल परिसंचरण के कारण जल परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होती और वैज्ञानिक तरीके से आहार प्रबंधन द्वारा मछलियों की स्वस्थ वृद्धि संभव होती है। एनआईओटी ने इस दिशा में उन्नत मूरिंग प्रौद्योगिकी विकसित की है, जो चक्रवात और प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों में भी केज संरचनाओं को सुरक्षित बनाए रखने में सक्षम है। पूर्व में आए चक्रवातों के दौरान इन केजों की संरचनात्मक मजबूती और उनमें पाली जा रही मछलियों की सुरक्षा ने इस तकनीक की विश्वसनीयता को सिद्ध किया है।

न्यूज गैलरी

तेलीबांधा तालाब में पार्किंग वसूली, पहले दिन ही विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा तालाब के किनारे सड़क पर खड़ी होने वाली गाड़ियों से आखिरकार पार्किंग शुल्क की वसूली शुरू हो गई। निगम की टीम ने सड़क किनारे पहले ही मार्किंग कर दी थी, लेकिन पहले ही दिन काफी अव्यवस्था नजर आई। जहां बाइक खड़ी होनी थी, वहां कारें खड़ी थी और जहां कार खड़ी की जानी थी, वहां बाइक। वहीं पहले ही दिन लोगों के साथ निगम की टीम की तीखी बहस भी हुई। निगम का दावा था कि बुजुर्गों से पार्किंग शुल्क की वसूली नहीं की जाएगी, लेकिन मौके पर मौजूद कर्मचारी ऐसे लोगों से भी वसूली करते रहे। निगम यहां 4 घंटे बाइक खड़ी करने के लिए 10 रुपए और कार के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क वसूल रही है। इस दौरान भास्कर की टीम तेलीबांधा तालाब पहुंची। यहां टहल रहे रामप्रसाद दुबे ने जब कर्मचारियों को पार्किंग की पर्ची काटते देखा तो वे जानकारी लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने टीम से कहा कि मैं कई बार घर से पैदल तो कई बार गाड़ी से शाम को रोज टहलने आता हूं। तो क्या गाड़ी से आने पर मुझे भी पैसे देने होंगे। इस पर टीम ने उनसे शुल्क नहीं लेने की जानकारी दी।

बाल-बाल बचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष, भीड़ में जा घुसा कैप्सूल वाहन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कांग्रेस जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। पूरा मामला मंगलवार की रात का है ताराचंद देवांगन अपने छोटे भाई अनिल देवांगन के बारात में अपने परिवार के साथ डांस कर रहे थे इसी दौरान पीछे से भीड़ में ट्रेलर वहां घुस गया हादसे में कई लोग घायल हुए है। बता दें कि, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरसीवा क्षेत्र के पेंड्रावन से कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन के भाई अनिल देवांगन की बारात मंगलवार को बिर्रा पहुंची थी इसी दौरान रात करीब 10:00 बजे अपने परिवार के साथ कांग्रेस अध्यक्ष डांस कर रहे थे तभी पीछे से कैप्सूल वाहन क्रमांक छ्त्त 22 ल्त 8590 का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए भीड़ में अपनी कैप्सूल वहां को घुसा दिया और अचानक से बारात में अफ्ऱा तफ्ऱी मच गई। हादसे में कई लोगों को चोट आई है, जिसके बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर वाहन चालक के खिलाफसड़क दुर्घटना के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

अंबिकापुर में सात का पारा 7.5 डिग्री 32.2 डिग्री के साथ दुर्ग सबसे गर्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अगले सात दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रहा। राज्यभर में बारिश के आंकड़े शून्य रहे। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर और पेंड्रा में दिन का तापमान सामान्य से करीब 2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जिससे दिन में गर्मी बढ़ गई है। वहीं, रात का तापमान सामान्य से लगभग 4 डिग्री तक कम है, जिसके कारण सुबह और रात में ठंड बनी हुई है। फ्लिहाल कोई सिनॉप्टिक सिस्टम एक्टिव नहीं है। हालांकि, आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में सुबह के समय हल्की धुंध छाए रहने की संभावना है। पिछले दिनों कड़ाके की ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ा है। बीते एक महीने में रायपुर के अंबेडकर समेत निजी अस्पतालों में हाइपोथर्मिया के 400 से ज्यादा मामले सामने आ रहे थे।

रायपुर का भाठागांव अंतर्राज्यीय बस स्टैंड अब धीरे-धीरे गांजा तस्करी का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा

बस स्टैंड बना नशे का अड्डा, गांजे की पहुंच रही खेप

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर का भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बसस्टैंड अब धीरे-धीरे गांजा तस्करी का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा है। गांजा का अवैध कारोबार करने वाले लोग बसस्टैंड से ही बसों के माध्यम से दूसरे राज्यों से गांजा लाना और ले जाना कर रहे हैं। इधर रायपुर पुलिस भी गांजा तस्करों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इस कड़ी में पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला और एक नाबालिग भी शामिल है। इन आरोपियों के कब्जे से कुल 12.938 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत 6 लाख 50 हजार रुपए है।

ओड़िशा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से पहुंच रहा सूखा नशा -राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य कई जिलों में यात्री बसों के माध्यम से सूखा नशा का कारोबार हो रहा है। यह कारोबार इतना ज्यादा फैल रहा है कि अब लोग बेधड़क होकर बसों से भी गांजा की तस्करी कर रहे हैं। इस तस्करी में लोग गांजा को छिपाने के लिए स्कूल बैग, झोला, ट्राली बैग सहित अन्य कई चीजों का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में इससे पहले भी गांजा के साथ कई लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। गांजा के साथ पकड़े गए आरोपियों में ज्यादातर दूसरे राज्य के रहवासी हैं। इससे पता चलता है कि रायपुर सहित प्रदेश में आने वाला गांजा ज्यादातर ओड़िशा और मध्यप्रदेश से लाया जा रहा है।

ट्राली बैग में मिला सात किलो गांजा

एक अन्य प्रकरण में पुलिस ने इसी दिन शाम को करीब 5.15 बजे बसस्टैंड में ही एक पुरुष यात्री को संदेह के आधार पर पकड़कर उसके पास रखे ट्राली बैग की तलाशी ली। इस बैग से 7 किलोग्राम गांजा भरा हुआ था, जिसकी कीमत साढ़े तीन लाख रुपए है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अरुण जाल 37 वर्ष ग्राम हीरालोई थाना किससिन्दा संबलपुर ओड़िशा का निवासी है। पूछताछ में यह भी पता चला कि वह गांजा वहीं से लेकर रायपुर पहुंचा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए व्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

स्कूल बैग-झोले में भरकर लाए थे गांजा

पुलिस अधिकारियों ने गांजा तस्करी के प्रकरणों का खुलासा करते हुए बताया कि भाठागांव स्थित बसस्टैंड में गांजा तस्करों की लगातार सक्रियता की सूचना मिली थी। इस सूचना पर पुलिस ने 9 फ्रवरी को दोपहर और शाम के समय पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान बसस्टैंड में आने और जाने वाली सभी बसों की जांच की गई। खासकर दूसरे राज्य जैसे ओड़िशा और मध्यप्रदेश से आने वाली बसों की विशेष जांच की गई। इस दौरान दोपहर में जांच के दौरान एक महिला एवं दो पुरुष यात्री पर संदेह हुआ। इस आधार पर उनके पास रखा झोला और स्कूल के बैग की तलाशी ली गई। इन दोनों में 5 किलो 938 ग्राम गांजा भरा हुआ मिला, जिसकी कीमत तीन लाख रुपए है।

रायपुर में खुलेआम ड्रग्स का सेवन

■ कार में बैठकर चार युवक ले रहे थे सिंथेटिक ड्रग्स का इंजेक्श

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ड्रग्स का अवैध व्यापार तेजी से फैलता दिख रहा है। इस बीच शहर में चार युवकों का कार के भीतर बैठकर खुलेआम सिंथेटिक ड्रग्स का सेवन करते हुए वीडियो वायरल हो गया है। वायरल वीडियो ने राजधानी की कानून व्यवस्था और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

कार के अंदर चार युवक, खुलेआम ले रहे थे ड्रग्स: वीडियो में चार युवक कार के अंदर बैठे दिखाई दे रहे हैं। इनमें से दो युवक तीसरे युवक को ड्रग्स लेते समय 'धीरे-धीरेज हाथ नहीं हिलाना, आराम से खींचज' जैसे निर्देश देते सुनाई दे रहे हैं। चौथा युवक पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से फैल चुका है।

वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में: जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, रायपुर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस अधिकारियों ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए संबंधित युवकों की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ में 20 को चावल उत्सव फरवरी व मार्च का मिलेगा राशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हर महीने की 7 तारीख को चावल उत्सव मनाया जाता है, इस तारीख को सरकारी राशन दुकानों से चावल का वितरण करने को चावल उत्सव कहा जाता है, लेकिन इस बार 7 फ्रवरी को यह उत्सव नहीं हो पाने से राज्य में बड़ी संख्या में गरीब लोग परेशान हैं। चावल न मिलने की शिकायत यहां वहां कर रहे हैं। यही नहीं, चावल लेने की कोशिश में दूसरे गांवों की दुकानों तक दौड़ भी लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार फ्रवरी में 7 फरवरी की जगह 20 फ्रवरी को चावल उत्सव होगा। इस दिन से राज्य की सभी करीब 14 हजार राशन दुकानों से चावल का वितरण होगा। राज्य में निर्धारित समय पर चावल न बंट पाने के पीछे ये बात सामने आई है कि सामान्य चावल में गुणवत्ता युक्त पौष्टिक चावल एफआरके एक प्रतिशत की मात्रा में मिलाया जाता है।

रील्स देखकर सीखे चोरी के गुर, सात शातिर गिरफ्तार

ग्रामीण और शहरी थाना क्षेत्र में चोरी के आठ मामले को पुलिस ने सुलझाया

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण तथा शहरी थाना क्षेत्र में चोरी के आठ प्रकरण में पुलिस ने एक नाबालिग सहित सात शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 28 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक दर्जन से ज्यादा चोरी के वारदात में शामिल संजय नेताम को भी पुलिस ने चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार किया है। चोरी के प्रकरणों को सुलझाने क्राइम तथा पुलिस की सौ टीम गठित की गई थी। टीम ने घटना स्थल तथा आसपास के सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से चोरों के बारे में जानकारी जुटाकर उन्हें गिरफ्तार किया है।

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद यह पहला मौका है जिसमें शहरी के साथ ग्रामीण थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया है। चोरी के प्रकरणों का खुलासा करते हुए क्राइम डीसीपी राजनाला स्मृतिका ने बताया है कि जिन चोरों को गिरफ्तार किया है, उन चोरों ने हाल के दिनों में खम्हारडीह, डीडी नगर, पुरानी बस्ती, आरंग, विधानसभा, पंडरी रायपुर सहित बलौदा बाजार के पलारी में सूने मकान तथा दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए तीन चोर जल्दी पैसा कमाने के लालच में रील्स देख चोरी करने इंस्पायर हुए थे। रील्स देख कर चोरी करने वाले जिन तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनका यह पहला अपराध है। शातिर ज्वेलरी शॉप में चोरी करने के बाद चोरी के जेवर को अपने गांव के तालाब के पास गडा कर दबा दिया था।

शिक्षा: नए सत्र में स्लेटी पैंट और नीली चेक शर्ट में दिखेंगे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी

प्राइमरी-मिडिल सरकारी स्कूलों की बदलेगी यूनिफॉर्म

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र 2026-27 से नई यूनिफॉर्म लागू करने का निर्णय लिया है। अब तक छात्र आसमानी रंग की शर्ट और नेवी ब्लू पैंट तथा छात्राएं ट्यूनिक पहनती थीं। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को स्लेटी रंग की पैंट और नीले रंग की चेक शर्ट पहननी होगी।

यह यूनिफॉर्म आधुनिक, साफ सुथरी और निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म जैसी आकर्षक होगी। राज्य शासन ने यूनिफॉर्म निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विपणन सहकारी संघ को लगभग 55 लाख यूनिफॉर्म का 156 करोड़ रुपए का ऑर्डर दिया है।

योजना की शुरुआत वर्तमान सत्र में बिलासपुर और अंबिकापुर जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई थी। वहां मिले सकारात्मक अनुभव के बाद अब इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस बदलाव से बच्चों में आत्मसम्मान बढ़ेगा। जब बच्चे खुद को अच्छे कपड़ों में देखेंगे, तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्हें यह महसूस होगा कि वे किसी कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों से कम नहीं हैं। इससे स्कूल आने के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ेगी।

सरकारी स्कूलों की छवि में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। अभिभावकों में भरोसा बढ़ेगा। समाज में सरकारी स्कूलों को देखने का नजरिया बदलेगा। नई यूनिफार्म के निर्माण की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विपणन सहकारी संघ को दी गई है। संघ के प्रबंधक संतोष देवांगन ने बताया कि इसके तहत करीब 55 लाख यूनिफार्म तैयार की जाएंगी। इस कार्य में संघ से जुड़ी 329 पंजीकृत समितियों और के बुनकर सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

आगामी शिक्षण सत्र 2026-27 की शुरुआत से ही सभी स्कूलों में गणवेश भेज दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने की थी यूनिफार्म बदलने की पहल: स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि जनवरी 2025 में विभागीय जिम्मेदारी संभालते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। योजनाओं के साथ स्कूल यूनिफॉर्म पर भी विचार हुआ और रंग बदलने की पहल की गई। यादव के अनुसार, इसके बाद शिक्षा विभाग और हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ ने समन्वय बनाकर काम शुरू किया।

एडिशनल ड्रग कंट्रोलर संजय नेताम सस्पेंड नकली दवा कारोबारी से की थी मीटिंग

■ रेस्टोरेंट में की थी बैठक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राखी सिंह ठाकुर थीं मौजूद

रायपुर/नवप्रदेश। नकली दवाओं से जुड़े एक गंभीर प्रकरण में लापरवाही और आचरण नियमों के उल्लंघन के आरोप में सहायक औषधि नियंत्रक संजय कुमार नेताम को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि नेताम ने कार्यालयीन समय के दौरान आरोपियो के साथ सार्वजनिक स्थान पर बैठक की और प्रकरण से जुड़ी फाइल भी दिखाई।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राखी सिंह ठाकुर भी मौजूद थीं। जिन्हें जशपुर भेज दिया गया है। नियंत्रक कार्यालय उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला रायपुर की जांच में पाया गया कि, सारंगढ़ निवासी खेमराज बानी और उनकी पत्नी, जो नकली दवाओं के मामले में आरोपी हैं। उनके साथ मोतीबाग स्थित टेन कैफे (कॉफी हाउस) में दोपहर करीब ढाई बजे बैठक की गई। यह बैठक कार्यालयीन समय में हुई और संबंधित फाइल भी दिखाई गई। यह मामला दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित होने और न्यूज चैनलों में प्रसारित होने के बाद शासन के संज्ञान में आया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com